CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 10 अंक : 220 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, बुधवार 3 सितम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 2 रुपए+st पृष्ठ : 8+st

# आओ गांव चले अभियान में किसान की सभी समस्याओं का समाधान करें अधिकारी : सीएम भजनलाल शर्मा

## मंगलवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्व और उपनिवेशन विभाग की बैठक ली

### बजट घोषणाओं को समय पर पूरा करने के लिए दिशा निर्देश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को राजस्व और उपनिवेशन विभाग के अधिकारियों के साथ लंबी बैठक आयोजित की और इस बैठक में आगामी दिनों में शुरू होने जा रहे आओ गांव चले अभियान में किसान और आमजन की समस्याओं का गंभीरता से निदान करने के दिशा निर्देश दिए तथा बजट घोषणाओं के समय पर पूरा करने की बात की मुख्यमंत्री ने कहीं द्य बड़ी बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों से साफ कहा कि आओ गांव चले अभियान को मिशन की तरह और इस अभियान में जितनी भी राजस्व संबंधी समस्याएं किसान और आमजन की ओर से प्रस्तुत की जाए उन सबका हर हाल में निस्तारण किया जाए उन्होंने कहा कि इस अभियान में किसान जो भी शिकायत लेकर आए उसका समाधान निकालना अधिकारियों का दायित्व है अगर किसी शिकायत में कोई कानूनी अड़चन सामने आती है तो उसके बारे में शिकायतकर्ता फार्मर को विश्वास में लें और उसे उस विषय की गंभीरता को समझाएं और जहां तक सरकारी स्तर पर कानूनी कानूनी सलाह और सुविधा देने की बात हो वहां भी शिकायतकर्ता की सरकारी स्तर पर पूरी मदद करें उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर बहुत सी राजस्व संबंधी शिकायत होती है जिसमें कई ऐसी भी शिकायत होती है उसका तुरंत निस्तारण नहीं किया जा सकता इस तरह की शिकायतों के बारे में शिकायतकर्ता को गंभीरता से समझाया जाए लेकिन हर शिकायत को इस अभियान में गंभीरता से लिया जाए और लोगों को ज्यादा से ज्यादा राहत प्रदान की जाए ताकि लोगों को ऐसा लगे कि सरकार उनके घर तक उनकी समस्याओं का समाधान निकालने के लिए आइ है इस बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्व और उपनिवेशन विभाग के कार्यों की समीक्षा भी की और सरकार की ओर से प्रस्तुत किए गए बजट में राजस्व संबंधी कितनी घोषणाओं को पूरा कर दिया है और कितनी घोषणाओं को पूरा करना बाकी है इन सब के बारे में भी मुख्यमंत्री में अधिकारियों से सवाल जवाब किया और पूरा फीडबैक लिया आखिर में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से साफ कह दिया कि निर्धारित समय में बजट में किए गए सभी वादों को पूरा करने की जिम्मेदारी उनकी है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से 18 सितंबर से प्रदेश भर में सप्ताह में तीन दिन गांव चलो अभियान संचालित किया जाएगा जिसमें ग्रामीणों तक सरकारी सेवाओं की सुलह पहुंच सुनिश्चित की जाएगी उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस अभियान के तहत ग्रामीणों के सीमा ज्ञान सहमति विभाजन नामांतरण आदि लंबित प्रकरणों का निश्चित किया जाए यह सुनिश्चित किया जाए की कोई भी व्यक्ति अभियान के लाभों से वंचित न रह सके । मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारीगत 2 वर्ष के बजट में घोषित भवन निर्माण के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए समय में पूरा करें साथ ही नियमित निगरानी कर उनकी गुणवत्ता पर भी ध्यान रखा जाए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुराने भवनों का भी आवश्यकता अनुसार पुनर्निर्माण एवं मरम्मत की जाए ताकि सरकारी संसाधनों का अधिकतम उपयोग हो सके मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जैसलमेर जिले के सामान्य आवंटन के लंबित आवेदन पत्रों की निस्तारण के लिए योजना बनाने के लिए कहा इसके अलावा15 दिन तक अभियान चलाकर लंबित प्रकरणों को निस्तारित करने की बात कहीइस महत्वपूर्ण बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि वर्तमान में राज्य के 48463 गांव की जिओ रेफरेंस सेट फाइल भू नक्शा पोर्टल पर अपलोड कर 4.49 करोड़ यूनिक लैंड पार्सल आईडेंटिफिकेशन नंबर जारी किए जा चुके हैं ।



*मंगलवार को हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में जानकारी सामने आई कि प्रदेश के 87' फार्मर आईडी जेनरेट हो चुकी है तथा राजस्थान सरकार की ओर से शुरू किए एग्रीटेक ए प से फार्मर अब खुद गिरदावरी भी करने लगे हैं द्य जानकारी के अनुसार 18 सितंबर से प्रदेश में आओ गांव चले अभियान की शुरुआत प्रदेश की भजनलाल सरकार की ओर से की जा रही है जिसमें पंचायत स्तर पर लोगों को जो समस्याएं हैं उनका समाधान किया जाएगा इस विशेष अभियान में जिला प्रशासन से जुड़े छोटे बड़े अधिकारी तो मौजूद रहेंगे ही इसके अलावा राजस्व एवं उपनिवेशन तथा कई अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे क्योंकि पंचायत स्तर पर लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है जो अलग-अलग विभागों से संबंधित होती है इस अवस्था में इस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा सरकारी विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति को भी सुनिश्चित किया जाएगा ताकि लोगों की ज्यादा से ज्यादा समस्याओं का समाधान निकाल सके बैठक में भजन लाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान सरकार गुड गवर्नेंस के मानकों पर खरा उतारते हुए आमजन के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है । उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं को धरातल पर उतरने के लिए अधिकारी उनकी नियमित मॉनिटरिंग करें साथी संबंधित विभागों से समन्वय कर भूमि आवंटन डीपीआर टंडन प्रक्रिया को जल्द पूरा किया जाए जिससे विकास कार्यों का लाभ लोगों को मिल सके उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग तकनीक एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से काश्तकारों को सुविधा उपलब्ध कराने में नवाचार कर रहा है इसी क्रम में किसानों को स्वयं फसल गिरदावरी की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए एग्री स्टेट मोबाइल एप विकसित किया गया है उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने के लिए इस ऐप का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए ।*

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शहरी निकास विभाग की भी बैठक ली, 15 सितंबर से शुरू हो रहे आओ शहर चले अभियान के बारे में भी चर्चा की

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्व विभाग की बैठक लेने के बाद मंगलवार को प्रदेश के शहरी निकास विभाग के अधिकारियों के साथ भी बैठक आयोजित की इस बैठक में आगामी 15 सितंबर से शुरू होने जा रहे शहर चलो अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शहरी निकास विभाग के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में प्रदेश में नगर पालिकाओं नगर परिषदों और नगर निगम से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए गंभीरता से चर्चा की सफाई, रोड लाइट, स्ट्रीट लाइट,सीवरेज, जलभराव, पौधारोपण इत्यादि विषयों को लेकर अधिकारियों के साथ गहन मंथन किया और कहा कि आने वाले दिनों में दिवाली और अन्य बड़े त्यौहार आने वाले हैं इससे पहले प्रदेश के सभी छोटे-बड़े शहरों में स्ट्रीट लाइट लगाने के साथ-साथ साफ सफाई की व्यवस्था को और मजबूत करने की बात कहीं और 15 सितंबर से शुरू हो रहे आओ शहर चले अभियान में लोगों की समस्याओं का गंभीरता सिद्धांत करने की दिशा निर्देश दिए ।

## "अगर लड़ेंगे तो प्रॉब्लम होगी" वसुंधरा राजे के बयान से मची खलबली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने सोमवार को एक बार फिर से अपनी जुबान से एक ऐसा बयान दे दिया जिसकी गूंज जयपुर से लेकर दिल्ली तक हो रही है इस बयान के बाद राजस्थान भाजपा में ही नहीं बल्कि दिल्ली में बैठे भाजपाइयों में भी हलचल तेज हो गई है । वसुंधरा राजे ने सोमवार को जोधपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान सवालों का जवाब देते हुए कहा कि "अगर लड़ेंगे तो प्रॉब्लम होगी"साथ रहेंगे तो...! वसुंधरा राजे के इस बयान के कई राजनीतिक मायने निकल जा रहे हैं हालांकि उनका यह बयान एक तरफ जहां उनके समर्थकों के लिए संदेश की तरह माना जा रहा है तो दूसरी तरफ राजस्थान भाजपा और भाजपा की केंद्रीय नेतृत्व के लिए एक चुनौती की तरह भी माना जा रहा है फिलहाल वसुंधरा राजे ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि राजस्थान पूरे परिवार की तरह हैं इस परिवार में हर जाति और बिरादरी के लोग रहते हैं, परिवार की खुशहाली के लिए उन्होंने रामसा पीर, वीर तेजाजी और बाबा रामदेव के दर्शन करने आई हूं और प्रार्थना करूंगी की राजस्थान खुशहाल रहे वसुंधरा राजे ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि परिवार में सभी की जिम्मेवारी होती है चाहे बेटा हो बहू पिता हो सबकी अपनी जिम्मेवारी और कर्तव्य होता है परिवार एक रहे तो परिवार खुश और मजबूत रहता है "अगर लड़ेंगे तो प्रॉब्लम होगी" साथ रहेंगे तो...! वसुंधरा राजे ने कहा कि उनकी राजनीतिक यात्रा हे रामसापीर से हुई थी यहां दर्शन करने के बाद उन्होंने चुनाव लड़े और आगे बढ़ती रही इसलिए जाहिर सी बात है किसी देवता या मंदिर में दर्शन करने आते हैं तो मन में सपना लेकर भी आते हैं और सपना लेकर आना भी चाहिए मन में विश्वास भी रखना चाहिए कि यहां आए हैं तो जरूर मनोकामना पूरी होगी अगर विश्वास नहीं रखेंगे तो फिर



खुद की ही कमजोरी मानी जाएगी क्योंकि जब आपको खुद पर ही भरोसा नहीं होगा तो फिर आपको ईश्वर से भी उम्मीद नहीं रखनी चाहिए उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों से वसुंधरा राजे के कई ऐसे बयान आए हैं उनके कई राजनीतिक मायने निकल जा रहे हैं पिछले दिनों धौलपुर में राम कथा के आयोजन में उन्होंने कहा था कि बनवास भगवान राम के जीवन में ही नहीं आया बल्कि हर इंसान के जीवन में वनवास आता है लेकिन वनवास आता है तो वह जाता भी है इसलिए भगवान श्री राम ने जो धैर्य रखा वह धैर्य सबको रखना चाहिए क्योंकि जीवन में कुछ भी स्थाई नहीं है उन्होंने यह भी कहा था की जिन्हें अपना समझते हैं वह भी पराया हो जाते हैं, वसुंधरा राजे के इन बयानों से राजस्थान भाजपा में हलचल तेज हो गई राजनीति की जानकारी लोग भी यह कहते हैं कि कहीं ना कहीं वसुंधरा राजे नाराज जरूर है लेकिन वह सही समय का इंतजार कर रहे हैं शांत बैठने वाली लीडर नहीं है उनके इन बयानों से ऐसा ही प्रतीत होता है ।

## युवाओं के लिए आईटीआई में नई स्कीम, कृषि व शिक्षा संस्थानों को जोड़ा जाएगा-जयंत चौधरी



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** केंद्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने जोधपुर में मंगलवार को मीडिया से मुखातिब होते हुए कई अहम घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का मुख्य उद्देश्य है कि कौशल विकास के जरिए अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं। इसी दिशा में आईटीआई (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) के क्षेत्र में एक नई स्कीम तैयार की गई है। राजस्थान सरकार के साथ इस विषय पर बातचीत चल रही है और बहुत जल्द इस स्कीम को लागू किया जाएगा। मंत्री चौधरी ने आगे कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों और कृषि संस्थानों के बीच बेहतर तालमेल बैठाने की योजना बनाई जा रही है। इसका उद्देश्य है कि कृषि क्षेत्र से जुड़े युवाओं को न केवल तकनीकी जानकारी मिले बल्कि उन्हें रोजगार के अवसर भी मिल सकें। अमृता देवी स्मृति महोत्सव को जयंत चौधरी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में बिश्नोई समाज का योगदान सदियों से प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने बताया कि एनसीईआरटी की किताबों में अब मां अमृता देवी बिश्नोई के बलिदान और खेजड़ली के इतिहास को शामिल कर लिया गया है। कक्षा 3, 4 और 5 के विद्यार्थी अब यह पढ़ सकेंगे कि किस तरह मां अमृता देवी ने 363 देवियों के साथ खेजड़ली में वृक्षों और पर्यावरण की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया। यह पहल आने वाली पीढ़ियों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जागरूक करेगी। राजस्थान में आगामी स्थानीय चुनावों को लेकर पूछे गए सवाल पर चौधरी ने कहा कि पार्टी की जिम्मेदारी प्रदेश अध्यक्ष जोगिंदर सिंह अवाना को सौंपी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस विषय पर अवाना ही निर्णय लेंगे और वे हर स्तर पर उनका सहयोग करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने यह भी ऐलान किया कि भाषा संवाद को कौशल विकास के साथ जोड़ा जाएगा। इससे राजस्थान का युवा जर्मन, जापानी सहित कई अन्य विदेशी भाषाओं को सीख सकेगा। यह पहल उन्हें विदेशों में रोजगार और व्यवसाय के नए अवसर उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि सरकार की कोशिश है कि राजस्थान का युवा वैश्विक स्तर पर अपनी अलग पहचान बना सके।

## बिहार में RJD-कांग्रेस के मंच से मेरी मां को गाली, देश की मां-बहन-बेटी का अपमानः पीएम

नई दिल्ली/पटना।

**(एजेंसीं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड के उद्घाटन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने 105 करोड़ रुपए की राशि को जीविका निधि में ट्रांसफर किया। कार्यक्रम में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी जीविका निधि का शुभारंभ कर रहे हैं। इस कार्य से स्वयं सहायता समूह की जीविका दीदीयों को ऋण राशि प्राप्त करने में सुविधा होगी। राज्य सरकार ने इस कार्य के लिए 1 हजार करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज मंगलवार के दिन बहुत मंगल कार्य की शुरुआत हो रही है। बिहार की माताओं- बहनों को आज एक नई सुविधा मिलने जा रही है- जीविका निधि साख सरकारी संघ। इससे गांव-गांव में जीविका से जुड़ी बहनों को अब और आसानी से पैसा मिलेगा। उन्हें आर्थिक मदद मिलेगी। उन्होंने आगे कहा, मुझे



ये देखकर खुशी हो रही है कि जीविका निधि की व्यवस्था पूरी तरह डिजिटल है। मैं बिहार की माताओं-बहनों को बहुत बधाई देता हूं और इस अद्भुत पहल के लिए मैं नीतीश कुमार और बिहार की एनडीए सरकार का भी अभिनंदन करता हूं। उन्होंने आगे कहा, विकसित भारत का बहुत बड़ा आधार है, भारत की सशक्त महिलाएं। महिलाओं को सशक्त करने के लिए बहुत जरूरी है कि उनकी जिंदगी से हर प्रकार की मुश्किलें कम हों। इसलिए हम माताओं-बहनों-बेटियों की जिंदगी को आसान बनाने के लिए अनेक काम कर रहे हैं। हमने महिलाओं के लिए करोड़ों शौचालय बनवाए, ताकि उन्हें खुले में शौच की मजबूरी से मुक्ति मिले। हमने पीएम आवास योजना के अंतर्गत पक्के घर बनवाए और इसमें ये भी ध्यान रखा कि वो घर हो सके तो महिलाओं के नाम पर हो।

## कांग्रेस विधायक दल की बैठक, सदन में सत्ता पक्ष को कटघरे में खड़ा करने की तैयारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** विधानसभा के कांस्टीट्यूशन क्लब में मंगलवार की रात कांग्रेस विधायक दल की बैठक का आयोजन हुआ, बैठक में राजस्थान विधानसभा के चालू सत्र में प्रदेश की भजनलाल सरकार को कई मुद्दों पर कठघरे में खड़ा करने की रणनीति तैयार की गई है और कांग्रेस पार्टी के विधायकों ने कहा है कि बुधवार को देखना हम किस तरह से सरकार को कटघरे में खड़ा करते हैं । कांग्रेस पार्टी के विधायकों ने राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें सत्ता और विपक्ष दोनों को समान निगाह से देखना चाहिए लेकिन उनका



नजरिया सत्ता पक्ष के प्रति ज्यादा पॉजिटिव है ।

प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली की अध्यक्षता में आयोजित हुई इस बैठक में बाढ़ और जल भराव से फसलों के नुकसान के लिए ऑफलाइन गिरदावरी जल्दी से जल्दी करवाने, वोट चोरी,झालावाड़ और कई अन्य जगहों पर बरसात की वजह से गिरी सरकारी बिल्डिंगों से हुए जान माल की भरपाई के लिए पर्याप्त घोषणाएं नहीं करने, पंचायत और नगर निकाय चुनाव नहीं करवाने, छात्र संघ चुनाव नहीं करवाने, स्मार्ट मीटर, कानून व्यवस्था, महिलाओं के साथ अत्याचार और दुष्कर्म की तेजी से बढ़ रही घटनाएं, जर्जर सड़कों इत्यादि कई मामलों को लेकर विधानसभा में सत्ता पक्ष को कटघरे में खड़ा करने की रणनीति तैयार की गई है द्य बैठक में विधायकों से कहा गया है कि सदन में प्रत्येक बैठक में विधायकों को अपनी उपस्थिति दर्ज करवानी होगी और हर विषय पर पूरी तैयारी के साथ तथ्यात्मक तरीके से सरकार के मंत्रियों को सवालों के माध्यम से कटघरे में खड़ा करना है । इस महत्वपूर्ण बैठक में कहा गया कि सरकार सिर्फ घोषणाएं कर रही है हकीकत में जमीन पर कोई काम नजर नहीं आ रहा हमें जनता की आवाज को प्रमुखता से सदन में उठना है तथा पिछली सरकार के दौरान बंद हुई महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं का हवाला देकर वर्तमान सरकार को हर मुद्दे पर सदन में बैक फुट पर करना है ताकि प्रदेश की जनता को यह पता चल सके की सरकार सिर्फ बातें कर रही है काम कुछ नहीं कर रही ।

## रियल एस्टेट और गुटखा तंबाकू कारोबारी लोगों के कई ठिकानों पर छापे

### गोकुल कृपा ग्रुप, हाई फ्लाई रियल एस्टेट ग्रुप, सिद्धेश्वर गेम्स के कई ठिकानों पर इनकम टैक्स के छापे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** इनकम टैक्स विभाग की ओर से मंगलवार को जयपुर और कोटा में रियल एस्टेट कारोबार और गुटखा तंबाकू कारोबार से जुड़े लोगों के ठिकानों पर छापेमारे । खबर लिखे तक करीब 28 ठिकानों पर छापा मार करवाई जारी थी इसमें भारी मात्रा में बेनामी इनकम और संपत्ति का खुलासा हुआ है और कई संदिग्ध लेनदेन के दस्तावेज, नकद लेनदेन और सदा पर्चियां भी मिली है इन सभी ठिकानों पर इनकम टैक्स की टीमों ने एक साथ छापा मार करवाई को अंजाम दिया और दफ्तर तथा अन्य ठिकानों से कंप्यूटर, डिजिटल डाटा, दस्तावेज इत्यादि सभी इनकम टैक्स की टीमों ने जांच के लिए कब्जे में ले लिया है शुरुआती जांच पड़ताल में करोड़ों रुपए की बेनामी संपत्ति का खुलासा भी हुआ है इसके अलावा टैक्स चोरी और रियल एस्टेट कारोबार में काला धन के उपयोग के संकेत भी जांच पड़ताल की कार्रवाई से मिले हैं द्य जानकारी के अनुसार पिछले कई दिनों से इनकम टैक्स विभाग को शिकायत मिल रही थी कि रियल एस्टेट कारोबारी गोकुल कृपा ग्रुप और हाई फ्लायर रियल एस्टेट ग्रुप तथा कोटा स्थित सिद्धेश्वर गेम्स नियम और कानून के खिलाफ व्यावसायिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं इसमें टैक्स चोरी के अलावा रियल एस्टेट कारोबार से जुड़े लोग काले धन को भी कहीं ना कहीं एडजस्ट कर रहे हैं इसके अलावा भारी मात्रा में वित्तीय अनियमिताएं भी की जा रही है इन सब शिकायतों को मध्य नजर रखते हुए इनकम टैक्स बाकी कई दिनों में मंगलवारको जयपुर और कोटा में इन सब कारोबारी के करीब 28 ठिकानों पर छापा मारा छापामार कार्रवाई के बाद इन कारोबारी के दफ्तर में तैनात कर्मचारियों में घबराहट छा गई अचानक हुई छापामार की कार्रवाई से कर्मचारी चौंक उठे द्य फिलहाल छापामार कार्रवाई में जांच पड़ताल की प्रक्रिया जारी थी जिसमें कई घंटे लग सकते हैं ।

CMYK

अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
3 सितम्बर, 2025

# केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री द्वारा राजस्थान के सोतानाला, केशवाना और बहरोड़ औद्योगिक क्षेत्रों में प्रदूषण से संबंधित समस्याओं की समीक्षा

जयपुर टाइम्स

**दिल्ली(निसं.)।** । राजस्थान के सोतानाला, केशवाना और बहरोड़ औद्योगिक एवं आसपास के क्षेत्रों में औद्योगिक प्रदूषण से संबंधित समस्याओं के निवारण के उद्देश्य से केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने एक विशेष समीक्षा बैठक बुलाई। इस बैठक में केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रालय, राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, जिला प्रशासन और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सोतानाला, केशवाना और बहरोड़ औद्योगिक एसोसिएशन के प्रतिनिधि एवं निकटवर्ती गाँवों के प्रतिनिधि भी बैठक में उपस्थित रहे। अपशिष्ट एवं जल प्रदूषण से संबंधित स्थानीय समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए मंत्री भूपेन्द्र यादव ने अधिकारियों को एक विस्तृत योजना तैयार करने के



निर्देश दिए। यह भी उल्लेख किया कि विस्तृत योजना भविष्य में होने वाले औद्योगिक विकास को ध्यान में रखते हुए तैयार की जाए, जिसमें उन्नत तकनीकों के माध्यम से ठोस अपशिष्ट एवं उद्योगों के प्रदूषित जल को कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट आदि के माध्यम से उपचारित कर अधिकतम पुनः उपयोग में लाया जाए। औद्योगिक इकाइयों को नियमों और प्रावधानों के सख्ती से अनुपालन पर जोर देते हुए, मंत्री ने नियामक एजेंसियों को निर्देश दिया कि उल्लंघन करने वाली इकाइयों पर सख्त कार्यवाही की जाए। बैठक के दौरान केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से औद्योगिक क्षेत्रों के त्वरित मूल्यांकन के आधार पर समस्याओं एवं उनके तकनीकी समाधान पर उपाय सुझाए गए। औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के साथ-साथ आसपास के गाँवों एवं रिहायशी क्षेत्रों में स्वच्छता, सुधार और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए समयबद्ध कार्य किए जाने पर भी बल दिया गया। बैठक में चर्चित विषय इन क्षेत्रों के बहुआयामी विकास के लिए निर्णायक रहेंगे।

## पत्रकार के साथ मारपीट का मामला दर्ज

जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)** नगरपालिका के खिलाफ समाचार चलाने पर सोमवार को एक न्यूज़ चैनल के पत्रकार के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। मामला राजगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र का है जहां सोमवार को पत्रकार अखिलेश वशिष्ठ ने पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया कि उसके द्वारा 31 अगस्त को नगरपालिका के द्वारा रास्ता देने के मामले का समाचार चलाया था जिसको लेकर 1 सितंबर को आमकीवाल से लौटते समय दोपहर 1 बजे बंकट की कोठी के रास्ते पर नगरपालिका के एक पार्षद व जमीन के मालिक ने पत्रकार को रोककर कहा कि बहुत पत्रकारिता करने लग गया है तुने हमारी खबर कैसे निकाली है। इसको लेकर उक्त लोगों ने पत्रकार के साथ धक्का मुक्की कर दी। पार्षद द्वारा पत्थर की मारते समय दांये हाथ रोकने पर हाथ में चोट लगी। उसी समय वहां से गुजर रहे रामावतार शर्मा तथा नीरज माहेश्वरी ने बीच-बचाव किया तो उक्त लोग वहां से भाग गए पत्रकार अखिलेश वशिष्ठ ने बताया की इससे पूर्व भी पार्षद ने 31 अगस्त को दोपहर में वाट्स अप कॉल के माध्यम से पत्रकार को मामला खत्म करने की धमकी दी थी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शास्त्रीय संगीत की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मणि चंद्गुल करेंगी राज्य का प्रतिनिधित्व




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** केंद्रीय विद्यालय नंबर 1, मोती डूंगरी की 11वीं कक्षा की छात्रा मणि चंद्गुल ने क्लस्टर व रीजनल स्तरीय शास्त्रीय गायन की केंद्रीय विद्यालय द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्य विनीत चतुर्वेदी ने बताया कि अब मणि चंद्गुल चेन्नई में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में राजस्थान जयपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगीं। इससे पूर्व सन् 2023 में कोलकाता में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में वह प्रथम रनर-अप रहीं थीं। मणि अलवर आइडल-5 एवं अलवर गोट टैलेंट की भी विजेता रह चुकीं हैं। मणि चंद्गुल शास्त्रीय संगीत की शिक्षा आर्काइव्स यूजिका संस्थान में विनीत चतुर्वेदी के निर्देशन में प्राप्त कर रहीं हैं।

## अखिल राजस्थान लैब टेक्नीशियन कर्मचारी संघ के मयंक शर्मा बने जिलाध्यक्ष




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अलवर यूनियन के लिए मंगलवार को सर्वसम्मति से मयंक शर्मा को जिलाध्यक्ष चुना गया। जिसे प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने साफा पहनाकर सम्मानित किया एवं जिले के समस्त साथियों ने मयंक शर्मा का माल्यार्पण किया, फिर गर्म जोशी के साथ अपनी खुशी का इजहार किया। मयंक शर्मा ने अलवर जिले के सभी साथियों के निष्क्रिय पड़े संघ कार्य एवं सभी को साथ लेकर संघ की मजबूती में अपना समर्पण और निष्ठा विकास कार्य करने का आश्वासन दिया। मीटिंग के अध्यक्ष मुरारीलाल शर्मा ने बताया की जिले से बड़ी संख्या में आए लैब टेक्नीशियन ने निजीकरण पर अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए बड़े आंदोलन की चेतावनी थी, जांचों का निजीकरण भविष्य में सरकारी क्षेत्र को कमजोर करने वाला गुणवत्ता को प्रभावित करने वाला और बेरोजगारों के हितों पर कुठारघात करने वाला साबित होगा। ग्रेड पे, पदनाम परिवर्तन पर हो रही अनदेखी से सभी साथियों में भारी आक्रोश था। मीटिंग में भारी बारिश के बीच जिले से दूरदराज से आए विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

## अलवर के दो स्काउट को किया केंद्रीय खेल एवं युवा मंत्री ने राष्ट्रपति अवार्ड से दिल्ली में सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** केंद्रीय खेल एवं युवा मामले मंत्री मनसुख मांडविया ने नई दिल्ली के भारत मंडपम् में आयोजित कार्यक्रम अलवर जिले के दो स्काउट को में स्काउट-गाइड के सर्वोच्च राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित किया। स्काउट सीओ राजेंद्र मीणा ने बताया कि राजगढ़ तहसील के गोठ निवासी सौरभ शर्मा एवं मुण्डावर के ग्राम पेहल मुंडावर निवासी सतीश कुमार योगी ने हरियाणा के पलवल में 29 अगस्त से 1 सितंबर तक आयोजित राष्ट्रपति अवार्ड रैली में भाग लिया था। सीओ गाइड विजय लक्ष्मी रोहिल्ला ने बताया कि स्काउटिंग गाइडिंग युवाओं के लिए एक शैक्षिक आंदोलन है जिसका उद्देश्य आत्म-अनुशासन, समाज सेवा और देशभक्ति के मूल्यों को विकसित करके उनके चरित्र का निर्माण करना है तथा युवाओं को किसी भी देश का एक अच्छा नागरिक बनना सिखाता है। इस अवसर पर डीटीसी प्रमोद शर्मा, स्काउट मास्टर रामप्रताप शर्मा, महेंद्र सिंह चौहान, दिनेश कुमार, कब मास्टर चंद्रभान सिंह, रोवर लीडर राकेश कुमार सैनी ने दोनों स्काउट को शुभकामनाएं देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

## वन मंत्री ने जयसमंद बांध व सिलीसेढ झील का किया दौरा

**सिलीसेढ झील से जयसमंद तक के चैनल की खुदाई आदि कार्य के प्रस्ताव तैयार करने के दिए निर्देश**

**जिला कलक्टर ने किया सिलीसेढ व जयसमंद झील के आसपास क्षेत्र का दौरा**



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निंस.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने जयसमंद बांध व सिलीसेढ झील का निरीक्षण कर बांध में जल की आवक के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला एवं सिंचाई विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। वन राज्यमंत्री शर्मा ने निरीक्षण के दौरान उन्होंने सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिये कि जयसमंद बांध में पानी की आवक वाले चैनल नटनी का बारा से जयसमंद तक के चैनल की बजट घोषणा के अनुरूप चैनल की खुदाई, लेवलिंग एवं पक्का करने के कार्य की विस्तृत डीपीआर तैयार करें तथा सिलीसेढ झील के ओवर फ्लो पानी अपर कैनाल के माध्यम से जयसमंद बांध तक आता है। उस कैनाल की खुदाई व उसके चैनेलाइज करने के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि जल भराव व प्रवाह क्षेत्र पर चेतावनी बोर्ड व सुरक्षा गार्ड आदि लगवाए। उन्होंने बख्तपुरा वन चौकी में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## वन राज्यमंत्री ने महावर वैश्य नवयुवक सेवा समिति की कार्यकारिणी को दिलाई शपथ



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने कुश मार्ग स्थित महावर धर्मशाला में श्री महावर वैश्य नवयुवक सेवा समिति (रजि.) अलवर के शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत कर कार्यकारिणी के सदस्यों को शपथ दिलाई। वन राज्यमंत्री शर्मा ने कार्यकारिणी के सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महावर वैश्य समाज बुद्धिजीवी व सम्पन्न समाजों में शामिल है तथा सामाजिक सरोकारों में सदैव इस समाज का अहम योगदान रहा है। देश की अर्थव्यवस्था में भी यह समाज महती भूमिका निभाता आया है। उन्होंने कहा कि समाज को मजबूत और संगठित बनाने में हर पदाधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि समाज तभी आगे बढ़ सकता है, जब सभी लोग मिलकर सहयोग और सेवा भाव से काम करें। श्री महावर वैश्य नवयुवक सेवा समिति (रजि.) के नवनियुक्त अध्यक्ष कपिल गुप्ता ने आगुन्तुकों का आभार जताते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी समाज के उत्थान, शिक्षा, संस्कार और एकता को बढ़ावा देने के लिए कार्य करेंगे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, समाजसेवी विजय डाटा एवं श्रीकिशन गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, विष्णु गुप्ता, कार्यकारिणी के सदस्य सजल गुप्ता, अजय गुप्ता एवं योगेश गुप्ता सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## खंडेलवाल महिला मंडल संस्थान की अध्यक्ष अदिती सम्मानित



### सेवा भावी कार्यों में सहयोग करने की कि घोषणा

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** खंडेलवाल महिला मंडल संस्थान की अध्यक्ष अदिती गुप्ता को सेवा सम्मान-25 से सम्मानित किया गया। अदिती गुप्ता को नेक कमाई फाउंडेशन के संरक्षक दौलत राम हजरती ने सम्मान पत्र प्रदान किया। संस्था के चाइल्ड एज्युकेशन प्रोग्राम की हैड प्रवीन बत्रा ने गुप्ता को बुके और दुपटटा प्रदान किया। इस अवसर पर सचिव कपिला खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष दीपिका मोदी, संयुकत सचिव सुमन खंडेलवाल, सांस्कृतिक सचिव सोनिया मोदी तथा उपाध्यक्ष शिल्पी खंडेलवाल सहित सुनयना, प्रीति अमेरिया, श्वेता, दीपा और अल्का बडाया थी। सेवा भावी कार्यों में बनेंगे भागीदार- नेक कमाई के कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि नेक कमाई के सेवा भावी कार्यों में खंडेलवाल महिला मंडल संस्थान सहयोग करेगा। इन कार्यक्रमों में संस्थान की टीम पूरा सहयोग करेगा जिसकी घोषणा महिला मंडल संस्थान की अध्यक्ष अदिती गुप्ता ने की। इस अवसर पर संरक्षक मंजू चोधरी अग्रवाल व मीना तनेजा भी उपस्थित थी।

## जिला कलक्टर ने किया सिलीसेढ व जयसमंद झील क्षेत्र का दौरा

जयपुर टाइम्स

जिला कलक्टर ने सिलीसेढ झील व उसके चैनल, वेस्ट वीयर (उपरा) का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि वेस्ट वीयर पर अतिरिक्त चेतावनी बोर्ड लगवाए। उन्होंने निर्देश दिये कि वेस्ट वीयर चैनल के तेज बहाव व आवागमन क्षेत्र पर सिविल डिफेन्स के सुरक्षा गार्ड लगाए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि पुलिस द्वारा इस क्षेत्र की निरन्तर गश्त की जाए तथा समझाइश आदि की जावे। उन्होंने चैनल को चैनेलाइज करने के प्रस्ताव तैयार करें। जिला कलक्टर ने सभी नागरिकों से अपील की है कि जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण नदी, नालों, जलाशयों आदि में पानी की तेज प्रवाह के साथ आवक हो रही है, अतः ऐसी जगह प्रवेश नहीं करें। इस दौरान सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता संजय खत्री, कनिष्ठ अभियन्ता नीरज शर्मा व संबंधित अधिकारी तथा जितेन्द्र राठौड, सुरेश यादव, दिनेश गुप्ता, सियाराम मीणा, उज्जवल अग्रवाल मौजूद रहे।



## सीवरेज संबंधित शिकायतों के निस्तारण के लिये शिविरों का होगा आयोजन

**03 से 11 सितंबर तक नगर परिषद द्वारा लगाये जायेगें शिविर**

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली (निसं.)।** जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी के निर्देशन में नगर परिषद कोटपूतली द्वारा प्रगतिरत सीवरेज कार्य के सम्बन्ध में आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिये विशेष शिविरों का आयोजन किया जायेगा। नगर परिषद आयुक्त नूर मोहम्मद ने बताया कि 03 से 11 सितम्बर तक विभिन्न वार्डों में कैम्प लगाये जायेगें। इनमें वार्ड 18 से 21 के लिये 03 सितम्बर, वार्ड 22 से 25 के लिये 04 सितम्बर, वार्ड 26 से 29 के लिये 08 सितम्बर, वार्ड 30 से 33 के लिये 09 सितम्बर, वार्ड 34 से 37 के लिये 10 सितम्बर तथा वार्ड 38 से 40 के लिये 11 सितम्बर को कैम्प आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि शिविर का स्थान नगर परिषद कोटपूतली कार्यालय परिसर रहेगा। आदेशानुसार प्रातः 10 से दोपहर 02 बजे तक जेईएन भादर सिंह यादव एवं दोपहर 02 बजे से सांय 06 बजे तक कनिष्ठ अभियंता कृष्ण कुमार गुर्जर प्रभारी रहेंगे। आयुक्त ने बताया कि कैम्पों में नियुक्त प्रभारी अधिकारी मौके पर ही प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करेंगे। आमजन सीवरेज संबंधित शिकायतों को दर्ज करवाने के लिये टोल फ्री नंबर 8287162118 पर संपर्क कर सकते हैं।


## 108 एम्बुलेंस में गूंजी बच्चे की किलकारी, करवाया सफल प्रसव

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** कस्बे के डाबला रोड़ स्थित श्याम नगर निवासी एक प्रसूता महिला की 108 एम्बुलेंस में सफल डिलेवरी करवाई गई। एम्बुलेंस स्टॉफ विजेन्द्र पायलट व प्रकाष गुर्जर ने जानकारी देते हुये बताया कि कस्बे के श्याम नगर से दूरभाष पर सूचना मिलने पर तुरन्त प्रभाव से मौके पर 108 एम्बुलेंस लेकर पहुंचे। जहां से प्रसूता प्रियंका (25) पत्नी महेन्द्र सैनी को 108 एम्बुलेंस द्वारा राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय में डिलेवरी के लिये लेकर रवाना हुये। इसी दौरान कुछ दूर चलने पर रास्ते में ही प्रसूता को प्रसव पीड़ा अधिक होने पर एम्बुलेंस स्टॉफ ने ही अपनी सुझबूझ से प्रसूता महिला की एम्बुलेंस में ही सफल डिलेवरी करवाई एवं महिला ने लड़के को जन्म दिया। जिसके बाद राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। जहां जच्चा व बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।



## शर्मा के जन्मदिवस पर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत, जन्मदिन की दी बधाई



जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** जिले के बानसूर विधानसभा क्षेत्र में मंगलवार को वसुंधरा राजे समर्थन मंच राजस्थान प्रदेश उपाध्यक्ष, राजस्थान सेवानिवृत्त कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष व वरिष्ठ भाजपा नेता पं. बृजमोहन शर्मा का जन्मदिवस बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर व्यापारियों, भाजपा कार्यकर्ताओं व विभिन्न समाजों लोगों द्वारा माला व साफा पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर शर्मा को जन्मदिवस की बधाई दी गई। वहीं शर्मा ने आभार व्यक्त करते हुये कहा कि कार्यकर्ताओं का प्रेम व स्नेह ही मेरी ऊर्जा शक्ति हैं। मैं आमजन के हितों के लिये निरन्तर संघर्षरत रहूंगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के भ्रष्टाचार मुक्त राजस्थान निर्माण की मुहिम को सफल बनाने के लिये हमें आगे आना होगा। इस दौरान एड. विकास जोशी, विजय कुमावत, हेमंत सिंह शेखावत, लोकेश वर्मा, अनिल गुप्ता, नवल गुवारिया, मोहित कुमावत, प्रिंस शर्मा, मुकेश नेताजी, रामकरण सैनी, यादव समाज बानसूर अध्यक्ष सुभाष चंद्र यादव, विष्णु सोनी समेत अन्य मौजूद रहे। इसी प्रकार सेवानिवृत कर्मचारियों ने भी शर्मा के आवास पर पहुंचकर उन्हें माला व साफा पहनाकर जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरान मूलचंद यादव, फूलसिंह शेखावत, जयसिंह शेखावत, सतीश शर्मा, बलवीर तिवाड़ी सुखराम चौधरी समेत अन्य मौजूद रहें।

## जयपुर में राजकीय अवकाश पर खुले निजी विद्यालयों को नोटिस जारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** बाबा रामदेव जयंती (तेजा दशमी) पर घोषित राजकीय अवकाश के बावजूद कुछ निजी विद्यालयों के खुले रहने की शिकायतों पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिला कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी के निर्देश पर इन विद्यालयों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी किए गए हैं। जानकारी के अनुसार कलेक्ट्रेट एवं विभागीय अधिकारियों को शिकायतें मिली थीं कि अवकाश के दिन भी कुछ विद्यालयों में विद्यार्थियों को अध्ययन हेतु बुलाया गया। इस पर प्रशासन ने जांच कराई, जिसमें टिओलर हाई स्कूल सिरसी रोड, टिओलर अनबाउण्डेड सिरसी रोड, जय श्री पेरिवाल स्कूल वैशाली नगर, जय श्री पेरिवाल स्कूल महापुरा और सवाई मानसिंह विद्यालय रामबाग सर्किल के खुले रहने की पुष्टि हुई। कलक्टर के निर्देश पर इन विद्यालयों के सचिवों को तुरंत नोटिस जारी कर विद्यालय बंद करने के आदेश दिए गए। साथ ही उनसे स्पष्टीकरण सहित पालना रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि भविष्य में राजकीय अवकाश पर विद्यालय पूर्णतः बंद रखे जाएं और विभागीय आदेशों की अक्षरशः पालना की जाए। इसके अलावा संबंधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया है कि ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति न हो। अवहेलना पाए जाने पर तत्काल कार्यवाही हेतु प्रस्ताव भिजवाने के आदेश भी दिए गए हैं। प्रशासन की इस सख्ती से विद्यालय प्रबंधन में हड़कंप मच गया है।

## राजस्थान में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन, चित्तौड़गढ़ से सबसे ज्यादा पुलिसकर्मी शामिल

जयपुर टाइम्स

**चित्तौड़गढ़(निसं.)** राजस्थान पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान को और सशक्त बनाने के लिए एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन किया है। इस विशेष फोर्स में राज्यभर से 156 पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया है, जिनमें चित्तौड़गढ़ से सबसे ज्यादा 11 पुलिसकर्मी चुने गए हैं। चित्तौड़गढ़ लंबे समय से नशा तस्करी का प्रमुख रूट माना जाता है। यहां लगातार कार्रवाई भी होती रही है। इसी अनुभव को देखते हुए यहां से अधिकतम पुलिसकर्मियों का चयन किया गया। टीम में कॉन्स्टेबल बिरमाराम, चंद्र करण सिंह सोलंकी, नारायण राम, मुनेंद्र सिंह, संदीप कुमार तिवारी, रामलाल, रामस्वरूप चौधरी, सुरेश नाथ, पूनम चंद्र, मनोहर सिंह और राजकुमार को शामिल किया गया है। यह टास्क फोर्स अगले तीन साल तक विशेष रूप से नशा तस्करी और नेटवर्क तोड़ने का काम करेगी। इसके लिए राज्य में 18 से 20 नई चौकियां बनाई जा रही हैं। इनमें तैनात होकर ये टीमें अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय होंगी। हालांकि, फिलहाल यह तय नहीं है कि किस पुलिसकर्मी की तैनाती कहां होगी। यह पूरी टास्क फोर्स एटीएस और एसओजी के अधीन कार्य करेगी। इसका नेतृत्व एडीजी बीके सिंह और आईजी विकास कुमार करेंगे। यह फोर्स स्थानीय थानों की कार्रवाई से अलग होगी, लेकिन थानों में पहले की तरह नशा विरोधी अभियान जारी रहेंगे। यानी, अब दोहरी रणनीति अपनाई जाएगी—एक तरफ स्पेशल टास्क फोर्स और दूसरी ओर स्थानीय पुलिस की कार्रवाई। नशा विरोधी अभियानों में चित्तौड़गढ़ के पुलिसकर्मियों ने पहले भी उल्लेखनीय काम किया है। इसलिए इस जिले से सबसे ज्यादा कर्मियों को चुना गया है। यह कदम राज्य में नशा तस्करी के नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

## जोधपुर-गांधीधाम एक्सप्रेस अब भगत की कोठी से चलेगी, दानापुर स्पेशल के फेरे बढ़े

जयपुर टाइम्स

**जोधपुर(निसं.)** रेलवे प्रशासन ने जोधपुर-गांधीधाम सुपरफास्ट एक्सप्रेस के टर्मिनल स्टेशन में बदलाव किया है। अब यह ट्रेन जोधपुर स्टेशन की बजाय भगत की कोठी से संचालित होगी। साथ ही, त्यौहारी सीजन को देखते हुए दानापुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के फेरे भी बढ़ाए गए हैं। डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि गाड़ी संख्या 22483 भगत की कोठी-गांधीधाम सुपरफास्ट एक्सप्रेस 3 नवंबर से जोधपुर की जगह भगत की कोठी से रात 11 बजे रवाना होगी और अगले दिन सुबह 8.30 बजे गांधीधाम पहुंचेगी। वहीं, गाड़ी संख्या 22484 गांधीधाम-भगत की कोठी सुपरफास्ट एक्सप्रेस गांधीधाम से अब परिवर्तित समयानुसार रात 9.40 बजे चलेगी और अगले दिन सुबह 7.15 बजे भगत की कोठी पहुंचेगी। त्यौहारों के दौरान अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ने गाड़ी संख्या 04813/04814 भगत की कोठी-दानापुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की अवधि बढ़ा दी है। यह ट्रेन भगत की कोठी से 1 अक्टूबर से 26 नवंबर तक और दानापुर से 2 अक्टूबर से 27 नवंबर तक कुल 9-9 फेरों के लिए चलेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 22 डिब्बे लगाए जाएंगे, जिनमें 16 द्वितीय स्लीपर, 4 जनरल श्रेणी और 2 गार्ड डिब्बे शामिल होंगे। रेलवे प्रशासन का कहना है कि इन बदलावों से यात्रियों को त्यौहारों के दौरान काफी सुविधा मिलेगी और अतिरिक्त भीड़ को संभालने में मदद मिलेगी।

## डेगाना-फुलेरा सेक्शन पर आयूबी कार्य से ट्रेनों का रूट बदला, जम्मू में बारिश से दो ट्रेनें रद्द

जयपुर टाइम्स

**जोधपुर(निसं.)** उत्तर पश्चिम रेलवे के डेगाना-फुलेरा रेलखंड पर अंडर ब्रिज (आयूबी) निर्माण कार्य के चलते कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया गया है। वहीं, जम्मू मंडल में भारी बारिश से रेल यातायात प्रभावित हुआ है, जिसके चलते दो महत्वपूर्ण ट्रेनें मंगलवार को रद्द करनी पड़ीं।

### डेगाना-फुलेरा रेलखंड पर रूट डायवर्जन

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि गच्छीपुरा-डेगाना स्टेशनों के बीच समपार फाटक संख्या 60 पर आयूबी कार्य हेतु ब्लॉक लिया गया है। इसके चलते ट्रेनों का संचालन परिवर्तित मार्ग से होगा।

14813 जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस (6 अक्टूबर): जोधपुर-लूनी-मारवाड़ जं.-अजमेर-फुलेरा होकर चलेगी।

14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस (5 अक्टूबर) फुलेरा-अजमेर-मारवाड़ जं.-लूनी-जोधपुर होकर चलेगी।

14863 वाराणसी सिटी-जोधपुर एक्सप्रेस (5 अक्टूबर) फुलेरा-अजमेर-मारवाड़ जं.-लूनी-जोधपुर होकर संचालित होगी।

इन सभी ट्रेनों का अजमेर, ब्यावर, मारवाड़ जं. और लूनी पर ठहराव रहेगा।

### सूरतगढ़-जयपुर मार्ग में बदलाव

19720 सूरतगढ़-जयपुर एक्सप्रेस (6 अक्टूबर) अब बीकानेर-रतनगढ़-चूरू-सीकर-जयपुर मार्ग से गुजरेगी और नापासर, श्रीडूंगरगढ़, रतनगढ़, चूरू, फतेहपुर शेखावाटी, सीकर, रींगस स्टेशनों पर ठहरेगी। 14087 दिल्ली-जैसलमेर एक्सप्रेस (6 अक्टूबर) जयपुर मंडल पर 1 घंटे 30 मिनट की देरी से चलेगी। भारी वर्षा के कारण कठुआ-माधोपुर पंजाब स्टेशनों के बीच ब्रिज संख्या 17 क्षतिग्रस्त हो गया है। तकनीकी समस्या और रैक की कमी के चलते– 14804 जम्मूतवी-भगत की कोठी रेलसेवा (2 सितम्बर) 19224 जम्मूतवी-साबरमती रेलसेवा (2 सितम्बर) रद्द कर दी गई हैं।

# जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने किया वर्षा प्रभावित इलाकों का निरीक्षण

**वर्षाजनित परिस्थितियों को लेकर अलर्ट मोड पर जयपुर जिला प्रशासन**

**जिला कलक्टर ने जयपुर के ग्रामीण इलाकों में लिया स्थिति का जायजा**

**अधिकारियों को जलभराव, डूब क्षेत्र में आवश्यक कार्यवाही करने के दिए निर्देश**

**जिला कलक्टर के निर्देश पर प्रशासन की 40 से ज्यादा टीमों ने फील्ड में संभाला मोर्चा**



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** वर्षाजनित परिस्थितियों से निपटने के लिए जयपुर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है, किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। जयपुर जिले में वर्षा से प्रभावित हालातों पर नियंत्रण और राहत व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिला कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने स्वयं फील्ड का मोर्चा संभाल रखा है। मंगलवार को उन्होंने कोटखावदा, बस्सी एवं तुंगा सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर वर्षाजनित परिस्थितियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉ. सोनी ने स्थानीय ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और तत्काल राहत पहुंचाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जलभराव, डूब क्षेत्र एवं लो-लाइन एरिया में विशेष सतर्कता बरतने के आदेश देते हुए कहा कि आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और राहत एवं बचाव कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर संचालित किया जाए। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर जिला प्रशासन की 40 से अधिक टीमें फील्ड में सक्रिय रूप से तैनात की गई। उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी और संबंधित विभागों के अधिकारियों ने फील्ड में जाकर स्थिति का जायजा लिया एवं जल निकासी सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही को अंजाम दिया। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी जिले में राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं, ताकि जिले के किसी भी हिस्से में आमजन को कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि वर्षाजनित परिस्थितियों से प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता, खाद्य सामग्री एवं चिकित्सा सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित की जाए। रपट वाले स्थानों पर अतिरिक्त सुरक्षा उपाय किए जाएं और आवागमन पर निगरानी रखी जाए। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने आमजन से अपील की है कि वे जलभराव और वर्षाजनित परिस्थितियों में अतिरिक्त सतर्कता बरतें। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर वे नियंत्रण कक्ष अथवा स्थानीय प्रशासन को तुरंत सूचित करें ताकि समय पर राहत पहुंचाई जा सके। साथ ही यह भी अपील की गई है कि बहते पानी की रपट अथवा पुलिया को पार न करें, बच्चों को जलभरे स्थानों और नालों के पास न जाने दें तथा जल स्रोतों से दूर रहें। किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन द्वारा स्थापित बाढ़ नियंत्रण कक्ष से तुरंत संपर्क किया जा सकता है। इस कक्ष के दूरभाष नंबर 0141-2204475 और 0141-2204476 हैं, जहां 24 घंटे संपर्क किया जा सकता है। जिला नियंत्रण कक्ष में प्राप्त शिकायतों पर तुरंत और प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

## तेजादशमी पर नागौर में केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी की शिरकत


जयपुर टाइम्स



**नागौर/अजमेर(निसं.)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने मंगलवार को नागौर जिले के लाडवा और रिया बड़ी में आयोजित तेजादशमी समारोहों में भाग लिया। उन्होंने सत्यवादी वीर तेजाजी महाराज के नव-निर्मित मंदिर व मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में ग्रामीणों के साथ सहभागिता की। इस अवसर पर भागीरथ चौधरी ने कहा कि तेजाजी महाराज राजस्थान के लोकदेवता ही नहीं बल्कि खेती-किसानी और पशुपालन के भी अग्रदूत माने जाते हैं। किसान हर कृषि कार्य की शुरुआत उनसे आशीर्वाद लेकर करते हैं। तेजा गायन और उनकी कथाओं से समाज को सत्य, परिश्रम और बलिदान का संदेश मिलता है। उन्होंने कहा कि आज़ादी के अमृतकाल में किसानों को आधुनिक तकनीक, उपकरण और नवाचार से जोड़ना आवश्यक है। केंद्र सरकार किसानों की आय दोगुनी करने, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और उन्हें "अन्नदाता से ऊर्जा दाता" बनाने के लिए सतत कार्य कर रही है। कार्यक्रम में राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर. चौधरी, साधु-संत, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। मंत्री ने ग्रामीणों से मिले स्नेह व स्वागत-सत्कार के लिए आभार जताते हुए कहा कि तेजाजी का आदर्श जीवन भावी पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा।

## अमित शाह बड़ा आज बड़े आंदोलन की रणनीति करेंगे तैयार

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां को गाली देने के मामले को लेकर अमित शाह आज बिहार में भाजपा के नेताओं के साथ कर रहे हैं बड़ी बैठक, कल बिहार बंद का ऐलान**



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भाजपा के चाणक्य और गृहमंत्री अमित शाह आज बिहार में बिहार के भाजपा के बड़े नेताओं के साथ एक बड़ी बैठक आयोजित कर रहे हैं इस बैठक में पिछले दिनों राहुल की रैली में एक व्यक्ति द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां के प्रति बोले गए अपशब्द को लेकर आगे की रणनीति तैयार करने के बारे में विस्तार से चर्चा करेंगे इसके अलावा बिहार विधानसभा चुनाव में सहयोगी दलों से गठबंधन से जुड़े विषय को लेकर भी चर्चा होगी इसके अलावा राहुल गांधी ने हाल ही में जो यात्रा निकाली है उस यात्रा का बिहार में क्या असर हुआ इसके बारे में भी चर्चा होने की बात कहीं जा रही है जानकारी के अनुसार बिहार बीजेपी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां के लिए कह गए आप शब्दों के विषय को लेकर काफी गंभीर है इसे एक बड़ा मुद्दा बनाने की तैयारी में बिहार में एक बड़ा जन आंदोलन शुरू करने की रणनीति तैयार करने में भी जुट गई है इसके लिए गृहमंत्री अमित शाह आज बिहार में बिहार भाजपा के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय बिहार भाजपा के प्रभारी विनोद तावड़े और बिहार बीजेपी से जुड़े कई बड़े नेताओं के साथ बड़ी बैठक आयोजित कर रहे हैं इस बैठक में प्रधानमंत्री को गाली देने के मामले को आने वाले दिनों में बिहार के गांव-गांव तक लेकर जाने की रणनीति भी तैयार की जाएगी कल 4 सितंबर को बिहार भाजपा ने इस मामले में बिहार बंद का ऐलान भी किया है लेकिन इस मामले को बिहार बीजेपी आगे भी लेकर जाने की तैयारी में है इसलिए कांग्रेस पार्टी और राजद के नेताओं की घेराबंदी के लिए बीजेपी को यह बड़ा मुद्दा मिल गया है ।आज की बैठक में विधानसभा चुनाव से जुड़े सभी विषयों पर चर्चा होगी इसमें सहयोगी दलों के साथ सीटों का बंटवारा, चुनाव प्रचार, चुनाव प्रचार के मुद्दों, बिहार की वर्तमान सरकार के कामों की समीक्षा, राहुल गांधी की यात्रा की समीक्षा जैसे विषयों पर चर्चा होगी बीजेपी के बड़े नेताओं का मामला है कि नरेंद्र मोदी की मां को गाली देने का मामला अगर ठीक तरह से बिहार में जन-जन तक पहुंचाया जाए तो इस मुद्दे से विधानसभा चुनाव में एनडीए के रास्ते और आसान हो सकते हैं इसीलिए बिहार बीजेपी इस मुद्दे को अब इतनी जल्दी छोड़ने वाली नहीं है और इसके लिए दिल्ली में बैठे भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने भी बिहार भाजपा के नेताओं को पूरी तैयारी के साथ आंदोलन करने का इशारा भी दे दिया है भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से जेपी नड्डा भी आज की बैठक में उपस्थिति दर्ज करवा रहेहैं ।

## डीजीपी राजीव शर्मा ने जयपुर पुलिस के अधिकारियों की ली क्लास, पांच नए आईपीएस मिले

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान पुलिस सेवा के पांच अधिकारी अब भारतीय पुलिस सेवा की टीम का हिस्सा हो गए हैं जिन पांच पुलिसअधिकारियों की पदोन्नति भारतीय पुलिस सेवा में हुई है उन में पति-पत्नी जोड़े का भी प्रमोशन हुआ है, पुष्पेंद्र सिंह और उनकी पत्नी कमल शेखावत के अलावा पीयूष दीक्षित, अवनीश शर्मा और विशनाराम विश्नोई राजस्थान पुलिस सेवा से पदोन्नति होकर भारतीय पुलिस सेवा में शामिल हुए हैं इधर पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने मंगलवार को जयपुर पुलिस कमिश्नरेट से जुड़े सभी बड़े अधिकारियों के साथ मीटिंग आयोजित की इस मीटिंग में पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसेफ के अलावा शहर के उत्तर दक्षिण पूरब पश्चिम के पुलिस उपायुक्त, शहर पुलिस के सभी अतिरिक्त उपायुक्त और शहर ट्रैफिक डीसीपी शामिल रहे । इन दोनों राजस्थान विधानसभा का सत्र संपादित हो रहा है तो दूसरी तरफ जयपुर में भारी बरसात का दौर भी बना हुआ है जिसकी वजह से शहर में कई जगहों पर जल भराव के हालातो से कई तरह की समस्याएं खड़ी हो गई हैं जिसमें ट्रैफिक एक बड़ी समस्या है इसके अलावा विधानसभा का सत्र आरंभ होने से आने वाले दिनों में कई तरह की बड़ी रैलियां धरने और विधानसभा घेराव जैसे कार्यक्रम भी आयोजित हो सकते हैं इन तमाम स्थितियों का ठीक तरह से सामना करने के लिए पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा ने शहर पुलिस के सभी बड़ेअधिकारियों को गंभीरता से काम करने के निर्देश दिएहैं हालांकि पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा ने पुलिस कमिश्नरेट के सभी अधिकारियों को इस बात की बधाई दी की जयपुर पुलिस का काम पिछले 2 साल में काफी अच्छा देखने को मिला है जिसकी वजह से जयपुर में जगन्य अपराधों में तेजी से कमी आई है पुलिस महानिदेशक ने जयपुर पुलिस की ओर से किए गए नवाचारों के लिए पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसेफ के को बधाई दी और आगे भी इसी तरह से जयपुर की जनता को राहत प्रदान करने के लिए जयपुर पुलिस के अधिकारियों को गंभीरता से काम करने को कहा इस महत्वपूर्ण बैठक में पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा ने जयपुर के विभिन्न क्षेत्रवार अपराधों की समीक्षा की किस क्षेत्र में किस तरह के अपराध ज्यादा हो रहे हैं इस बात का भी अवलोकन किया और पुलिस स्टेशनों की कार्यप्रणाली और नवाचारों के बारे में भी विस्तार से जानकारी हासिल की तथा जयपुर के संवेदनशील इलाकों में पुलिस के सुरक्षा के प्रबंधन को और मजबूत करने तथा सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से सुरक्षा के प्रबंधन को और मजबूती देने जैसे विषय पर पुलिस अधिकारियों के साथ पुलिस महानिदेशक में गंभीरता से चर्चा की, शहर के चारों तरफ राजमार्गों पर स्थित पुलिस चौकी की व्यवस्थाओं को लेकर भी फीडबैक लिया गया, फरार वांटेड अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस की ओर से उठाए जा रहे कदमों की भी समीक्षा की, पुलिस थानों में दर्ज होने वाले मुकदमों और मुकदमों की जांच पेंडेंसी के बारे में भी पुलिस महानिदेशक ने आवश्यक फीडबैक लिया द्य पुलिस के दिन और रात्रि गस्त को और मजबूत करने की आवश्यकता पर भी पुलिस महानिदेशक ने जोर दिया ।

## सचिन पायलट का हमला- "वोट चोरी पर राहुल गांधी करेंगे बड़ा खुलासा"

जयपुर टाइम्स



**जैसलमेर(निसं.)** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने राजस्थान में वोट चोरी के मुद्दे पर चुनाव आयोग को घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक-एक सीट का अध्ययन कर रही है और बहुत जल्द राहुल गांधी इस मामले पर बड़ा खुलासा करेंगे। पायलट ने कहा कि राहुल गांधी ने पहले ही इशारा किया है कि वे "बम फोड़ेंगे", अब सभी को इसका इंतजार करना चाहिए। पायलट ने जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट का उदाहरण देते हुए कहा कि यह सीट महज 1500-1600 वोटों से जीती गई थी। उस समय भी अनियमितताओं के आरोप लगे थे। अब जब नई जानकारियां सामने आ रही हैं तो लोगों का संशय बढ़ना स्वाभाविक है। ऐसे में चुनाव आयोग की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वह इस मामले की जांच कर जनता का भरोसा कायम करे। पायलट मंगलवार को कर्नल सोनाराम चौधरी को श्रद्धांजलि देने उनके पैतृक गांव मोहनगढ़ पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है कि मतदाताओं को भरोसा हो कि उनका वोट सुरक्षित है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि यह वैसा ही है जैसे कोई व्यक्ति थाने में शिकायत लिखवाने जाए और थानेदार कहे कि पहले एफिडेविट दीजिए, तभी रिपोर्ट दर्ज होगी। पायलट बोले, चुनाव आयोग की कार्यशैली को लेकर अब यही सवाल उठ रहे हैं कि वह जनता के हित में काम कर रहा है या सत्ताधारी दल के पक्ष में खड़ा है।

### "लोकतंत्र बचाने की लड़ाई"

पायलट ने स्पष्ट कहा कि यह मुद्दा सिर्फ चुनावी जीत-हार का नहीं, बल्कि लोकतंत्र बचाने का है। वोट चोरी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी के नेतृत्व में यह आवाज अब पूरे देश में गूंज रही है और जनता खुलकर इसका समर्थन कर रही है।

## जयपुर में कृत्रिम बारिश का सफल प्रयोग, विपक्ष ने घोटाले का लगाया आरोप

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)** राजस्थान की राजधानी जयपुर में रामगढ़ बांध पर सोमवार, 1 सितम्बर को कृत्रिम बारिश कराने का प्रयोग सफल होने का दावा किया गया है। एक्सेल-1 कंपनी ने हाइड्रोट्रेस प्लेटफॉर्म और स्वदेशी ड्रोन की मदद से यह प्रयोग किया। कंपनी के अनुसार तीसरे प्रयास में 0.8 मिमी बारिश दर्ज की गई। इससे पहले 12 और 18 अगस्त को किए गए प्रयास असफल रहे थे। तीसरे प्रयास में ड्रोन सफलतापूर्वक उड़ान भर सका और सीमित स्तर पर बारिश दर्ज हुई। हालांकि, जयपुर शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में स्वाभाविक रूप से भी बारिश हुई, जिसके कारण कंपनी के दावे पर सवाल उठ रहे हैं। कंपनी ने बताया कि इस प्रयोग में संचालित तकनीक का उपयोग किया गया। क्लाउड सीडिंग की इस प्रक्रिया में सिल्वर आयोडाइड, सोडियम क्लोराइड और ड्राई आइस जैसे रसायन बादलों में छोड़े जाते हैं, जिससे जलकण आपस में मिलकर बारिश की बूंदों का रूप लेते हैं। लेकिन यह तभी संभव होता है जब बादलों में पर्याप्त नमी मौजूद हो। राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने इस प्रयोग को राजस्थान के जल प्रबंधन में महत्वपूर्ण उपलब्धि करार दिया। उन्होंने कहा कि यह मेक इन इंडिया नवाचार भारत की जलवायु सहनशीलता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देगा। वहीं, पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने इस प्रयोग पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि सरकार निजी कंपनियों के साथ मिलकर घोटाला करना चाहती है। उन्होंने कहा कि जब शहर में स्वाभाविक रूप से इंच भर बारिश हुई, तब मात्र 0.8 मिमी कृत्रिम बारिश का दावा कर कंपनी अपनी पीठ थपथपा रही है। खाचरियावास ने मांग की कि इसकी सच्चाई सामने आनी चाहिए। इस प्रयोग ने जहां तकनीकी उपलब्धि की उम्मीदें जगाई हैं, वहीं पारदर्शिता और खर्च को लेकर राजनीतिक विवाद भी तेज हो गया है।

# एआई की सब तक पहुंच जरूरी

*पेटेंट फाइलिंग में आईआईटी प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में लगातार आगे बढ़ रहे हैं, जिससे शोध और इनोवेशन में उनकी भूमिका स्पष्ट होती है। ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स-2024 में भारत का स्थान 2015 में 81वें स्थान से बढ़कर 39वें स्थान पर आ गया है, जो इस गति को दर्शाता है। स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया और अटल इनोवेशन मिशन जैसे अभियानों और मजबूत नीतियों के साथ भारत तेजी से एक ग्लोबल इनोवेशन केंद्र के रूप में उभर रहा है। भारत में अगला बड़ा परिवर्तन एआई की ओर होगा। इसकी नींव इनोवेशन की संस्कृति द्वारा तैयार हो रही है। एआई ने हमारे सीखने, खेती करने, इलाज करने और शासन करने के तरीकों में परिवर्तन लाना शुरू कर दिया है, लेकिन इसकी वास्तविक सामर्थ्य इसमें निहित है कि हम इसका उपयोग कैसे करते हैं। हम एआई की मदद से केवल आउटपुट को ही बेहतर नहीं कर सकते, बल्कि असमानता को दूर करते हुए उपलब्धता और...*




भारत का उद्देश्य 2047 तक एक विकसित और समृद्ध राष्ट्र बनना है। इस परिवर्तन में टेक्नोलाजी की मुख्य भूमिका रहने वाली है, जिसका नेतृत्व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक करेगी। भारत में आधार से लेकर यूपीआई तक डिजिटल सार्वजनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर ने व्यापक समावेशन की नींव तैयार कर दी है। आधार दुनिया का सबसे बड़ा बायोमीट्रिक आईडी सिस्टम है। इसने 100 करोड़ से अधिक नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में सक्षम बनाया है। यूपीआई ने डिजिटल भुगतान में क्रांति ला दी है, जिसके तहत 2025 के पहले पांच महीनों में ही 101 लाख करोड़ रुपये से अधिक के लेन-देन हुए हैं।

इसरो और आईआईटी जैसे संस्थानों ने यह दिखाया है कि जब भारत निर्माण करता है, तो उसका लाभ पूरे विश्व को मिलता है। आईआईटी जैसे शिक्षा संस्थानों ने विश्व अर्थव्यवस्था में अनुमानित 300 से 400 अरब डालर का योगदान दिया है, पर इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि इन संस्थानों ने भारत की जरूरत के अनुसार समस्या समाधान की संस्कृति का निर्माण किया है।

पेटेंट फाइलिंग में आईआईटी प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में लगातार आगे बढ़ रहे हैं, जिससे शोध और इनोवेशन में उनकी भूमिका स्पष्ट होती है। ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स-2024 में भारत का स्थान 2015 में 81वें स्थान से बढ़कर 39वें स्थान पर आ गया है, जो इस गति को दर्शाता है। स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया और अटल इनोवेशन मिशन जैसे अभियानों और मजबूत नीतियों के साथ भारत तेजी से एक ग्लोबल इनोवेशन केंद्र के रूप में उभर रहा है।

भारत में अगला बड़ा परिवर्तन एआई की ओर होगा। इसकी नींव इनोवेशन की संस्कृति द्वारा तैयार हो रही है। एआई ने हमारे सीखने, खेती करने, इलाज करने और शासन करने के तरीकों में परिवर्तन लाना शुरू कर दिया है, लेकिन इसकी वास्तविक सामर्थ्य इसमें निहित है कि हम इसका उपयोग कैसे करते हैं। हम एआई की मदद से केवल आउटपुट को ही बेहतर नहीं कर सकते, बल्कि असमानता को दूर करते हुए उपलब्धता और अवसरों का विस्तार भी कर सकते हैं।

एक्राकनेक्ट और फाइलो जैसे स्टार्टअप एआई की मदद से किसानों को फसल की पैदावार बढ़ाने, पानी का प्रभावशाली उपयोग करने तथा लागत कम करके लाखों लोगों को खाद्य सुरक्षा प्रदान करने में मदद कर रहे हैं। मल्टी-लिंग्वल एआई चैटबाट और किसान ई-मित्र जैसे सरकारी अभियान किसानों को जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले फसल के नुकसान को कम करने में सहायता कर रहे हैं। आंध्र सरकार प्रोड्यूसर ट्रस्ट और एजेंटफोर्स की मदद से कृषि विधियों का विस्तार कर रही है।

हेल्थकेयर के क्षेत्र में एम्स का एआई प्लेटफार्म कैंसर की तुरंत पहचान करने में सक्षम बना रहा है। एआई-संचालित टेलीमेडिसिन प्लेटफार्म ग्रामीण और शहरी हेल्थकेयर के बीच के अंतर को दूर कर रहे हैं, ताकि गुणवत्तायुक्त मेडिकल केयर की उपलब्धता सभी जगह बढ़ाई जा सके। शिक्षा में एआई भाषा की बाधा को दूर कर रही है और विस्तृत रूप से व्यक्तिगत लर्निंग संभव बना रही है। एंबाइब जैसे प्लेटफार्म एआई-संचालित व्यक्तिगत लर्निंग अनुभवों की मदद से शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति ला रहे हैं, वहीं स्पीकएक्स प्रोफेशनल्स और व्यवसायों के लिए संचार कौशल में सुधार ला रहा है, युवाओं को नौकरी के लिए तैयार कर रहा है तथा व्यावसायिक विकास कर रहा है। एआई की मदद से सरकारें नागरिक केंद्रित सेवाएं देने और नीति की कमियों को अधिक स्मार्ट तरीके से पहचानने में सक्षम बन रही हैं। ये संकेत हैं कि टेक्नोलाजी जब उद्देश्य के साथ विकसित होती है, तो वह जनकल्याण का शक्तिशाली साधन बन जाती है।

एआई भारत में विकास की समस्याओं को दूर कर सकती है, लेकिन इसके लिए एआई का हर व्यक्ति तक पहुंचना आवश्यक है। इसीलिए हमें केवल इनोवेशन पर नहीं, अपितु इन्फ्रास्ट्रक्चर, कौशल, नीति और विश्वास पर भी ध्यान केंद्रित करना जरूरी है। हमें डाटा कलेक्शन, स्टोरेज और विश्लेषण के लिए एक मजबूत सिस्टम की भी जरूरत है। अपनी विशाल आबादी की क्षमता का पूरा उपयोग करने के लिए भारत में डिजिटल परिवर्तन के एक विस्तृत एजेंडे को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। एआई साक्षरता, मानव-एआई सहयोग पर ध्यान केंद्रित करके भारत में एक ऐसे कार्यबल का निर्माण संभव है, जो न केवल टेक्नोलाजी में कुशल हो, बल्कि इनोवेशन और विकास लाने में सक्षम भी हो। यह दृष्टिकोण विभिन्न प्रोफेशनल्स को समर्थ बनाएगा। जहां फैक्ट्री कर्मचारी क्वालिटी कंट्रोल के लिए एआई का उपयोग कर सकेंगे, वहीं शिक्षक व्यक्तिगत शिक्षा प्रदान करने के लिए एआई की मदद ले सकेंगे।


## सम्पादकीय

### चीन में भारत के लिए बड़ी कूटनीतिक जीत, पाकिस्तान को झटका



चीन के तियानजिन में संपन्न हुए शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन यानी एससीओ के घोषणापत्र में जिस तरह साफ शब्दों में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई की बात शामिल की गई, वह भारत की एक बड़ी कूटनीतिक जीत को दर्शाता है। दरअसल, आतंकवाद के मुद्दे पर भारत लगातार कुछ ताकतवर देशों से अपना पक्ष स्पष्ट करने की मांग करता रहा है। मगर कुछ देशों की ओर से प्रत्यक्ष तौर पर आतंकवाद की आलोचना, तो प्रच्छन्न रूप से इसे शह देने वालों के प्रति नरमी इस मुद्दे की जटिलता को बढ़ाता ही है। इसीलिए भारत ने हर मौके पर आतंकवाद के खिलाफ अभियान चलाने और एकजुटता की अपील की। तियानजिन में हुए एससीओ सम्मेलन में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत पिछले चार दशकों से आतंकवाद का दंश झेल रहा हैज हमें साफ तौर पर और सर्वसम्मति से यह कहना होगा कि आतंकवाद पर कोई भी दोहरा मापदंड स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि पहलगाम में आतंकी हमला न सिर्फ भारत पर था, बल्कि यह मानवता में विश्वास रखने वाले देशों और लोगों के लिए एक खुली चुनौती थी। जाहिर है, अब एससीओ के घोषणापत्र में जिस तरह सभी सदस्य देशों की ओर से पहलगाम में आतंकी हमले की निंदा की गई, वह भारत की चिंता को रेखांकित करती है। घोषणापत्र में यह भी कहा गया कि ऐसे आतंकी हमलों के दोषियों और उनके मददगारों को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए। एक जरूरी पहलू के रूप में इसमें आतंकवादियों की घुसपैठ को खत्म करने का आह्वान किया गया। गौरतलब है कि पिछले एससीओ सम्मेलन में इस मुद्दे को घोषणापत्र में शामिल करने पर सहमति नहीं बनी थी। मगर अब एससीओ के सदस्य देशों ने आतंकवाद की समस्या पर भारत के पक्ष में अपनी संवेदनशीलता दिखाई और इसके खिलाफ अभियान चलाने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई। मगर सवाल है कि भारत में आतंकवाद की समस्या के स्रोत के रूप में अगर पाकिस्तान अपनी आदत से बाज नहीं आता है और दूसरी ओर चीन इसकी अनदेखी करता है तो इसे कैसे देखा जाएगा। यह छिपा तथ्य नहीं है कि पाकिस्तान स्थित ठिकानों से अपनी गतिविधियां संचालित करने वाले आतंकवादी संगठनों को पालने-पोसने वाला कौन है। इसके बावजूद चीन कई स्तर पर पाकिस्तान की मदद करता रहा है और इसी वजह से कई बार भारत के लिए बेहद असुविधाजनक स्थिति पैदा हो जाती है। अब खुद चीन की धरती पर ही अगर एससीओ सम्मेलन के घोषणापत्र में पहलगाम हमले और आतंकवाद की निंदा की गई है, तो यह प्रकारांतर से पाकिस्तान और उसका बचाव करने वाले देशों को दिया गया एक साफ संदेश भी है। तियानजिन में हुए एससीओ सम्मेलन को राष्ट्राध्यक्षों के स्तर पर और घरेलू कूटनीतिक बैठकों में सबसे अहम आयोजनों में से एक माना जा रहा है। यों भी, एससीओ की शुरूआत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई और आर्थिक सहयोग को मजबूती देने के मकसद से ही हुई थी। इस लिहाज से देखें तो निश्चित रूप से सम्मेलन में शामिल देशों के दस वर्ष के विकास की रणनीति, सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, आपसी संबंधों और सांस्कृतिक सहयोग के मुद्दे पर भी बहुस्तरीय सहमति बनी।

## सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत की क्रांति



शुरुआती दिनों में कंप्यूटर आज के आधुनिक और आकर्षक उपकरणों के बजाय पुराने टेलीफोन एक्सचेंज जैसे दिखते थे। अब अरबों ट्रांजिस्टर वाले एक नाखून से भी छोटे चिप में कहीं अधिक शक्ति समाई हुई है। ये चिप्स मोबाइल फोन, कार, ट्रेन, फ्रिज, टीवी, स्कूटी, फैक्ट्री मशीनों, हवाई जहाजों को चलाते हैं और उपग्रहों को भी दिशा दिखाते हैं। ये इतने छोटे हैं कि अब आपकी अंगुली में भी फिट होकर आपके दिल की सेहत तक नापते हैं। यही सेमीकंडक्टर का जादू है। किसी भी राष्ट्र की तरक्की के लिए जरूरी है कि वह अपने विकास के प्रमुख क्षेत्रों- स्टील, बिजली, दूरसंचार, रसायन और परिवहन आदि में महारत हासिल करे। सेमीकंडक्टर भी अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। यह लगभग हर चीज के अंदर छिपा है, चाहे वे स्मार्टफोन, कार, ट्रेन, मेडिकल डिवाइस हों या फिर एआई, रक्षा प्रणाली, पावर ग्रिड, सेटेलाइट। सेमीकंडक्टर के बिना डिजिटल अर्थव्यवस्था संभव नहीं है। इनके बिना आधुनिक संचार, डाटा प्रोसेसिंग, एआई, नवीकरणीय ऊर्जा या सुरक्षित रक्षा प्रणाली की कल्पना नहीं की जा सकती। जो देश सेमीकंडक्टर का डिजाइन और उत्पादन नहीं कर सकता, वह स्वास्थ्य से लेकर सुरक्षा तक अपनी आवश्यक सेवाओं के लिए दूसरों पर निर्भर हो जाता है। सेमीकंडक्टर में मजबूती पाना भविष्य को आकार देने का सवाल है। कोविड महामारी ने हमें सेमीकंडक्टर की अहमियत बताई। उस समय जब चिप की ग्लोबल सप्लाई चेन डगमगाई तो तमाम उद्योगों का उत्पादन प्रभावित होने से अरबों रुपये का नुकसान हुआ। आज सेमीकंडक्टर वैश्विक राजनीति के केंद्र में हैं। चिप बनाने का काम अभी सिर्फ कुछ गिने-चुने देशों में ही होता है। इसलिए जरा-सी रुकावट पूरी दुनिया को प्रभावित कर सकती है। हाल में रेयर अर्थ मैग्नेट पर बढ़ता ध्यान हमें याद दिलाता है कि किस तरह महत्वपूर्ण संसाधनों पर नियंत्रण वैश्विक शक्ति का स्वरूप तय करता है। डिजिटल युग का सबसे अहम संसाधन बन चुके सेमीकंडक्टर की मांग और तेजी से बढ़ेगी। भारत में इलेक्ट्रानिक्स की खपत और उत्पादन तेजी से बढ़ रहा है। आज हमारे पास 65 करोड़ से ज्यादा स्मार्टफोन यूजर्स हैं और इलेक्ट्रानिक्स मैन्यूफैक्चरिंग सालाना 12 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। हम एआई आधारित सिस्टम, डाटा सेंटर और इलेक्ट्रिक वाहन भी विकसित कर रहे हैं, जिनमें चिप्स की जरूरत होती है। ऐसे में जरूरी है कि भारत वैश्विक सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन में अपनी मजबूत जगह बनाए। दशकों तक यह कहा जाता रहा कि सेमीकंडक्टर की दौड़ में भारत पीछे छूट गया है। अब यह सच नहीं। इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन के तहत 10 चिप प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई है। इस साल पहला 'मेड इन इंडिया' चिप बाजार में आ जाएगा। गुजरात के साणंद में एक यूनिट में पायलट प्रोडक्शन लाइन शुरू हो चुकी है। एक साल में चार और यूनिट्स के उत्पादन शुरू करने की उम्मीद है। एप्लाइड मटेरियल्स, लैम रिसर्च, मर्क और लिंडे जैसी ग्लोब कंपनियां भी भारत में फैक्ट्रियों और सप्लाई चेन को मजबूत बनाने में निवेश कर रही हैं। भारत की असली ताकत उसके लोग हैं। इसका सही उपयोग करने के लिए नीतियां और निवेश जरूरी हैं। आज भारत के पास वैश्विक सेमीकंडक्टर डिजाइन कार्यबल का 20 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है। अनुमान है अगले दशक की शुरुआत तक दुनिया में 10 लाख से ज्यादा सेमीकंडक्टर प्रोफेशनल्स की कमी होगी। भारत इस कमी को पूरा करने की तैयारी कर रहा है। सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए विश्वस्तरीय इलेक्ट्रानिक डिजाइन आटोमेशन (ईडीए) टूल्स का उपयोग 350 संस्थाओं और स्टार्टअप्स के 60,000 से अधिक लोग कर रहे हैं। 2025 में ही इनका इस्तेमाल 1.2 करोड़ घंटे से अधिक हो चुका है। सरकार के सपोर्ट से स्टार्टअप्स भारत के चिप डिजाइन इकोसिस्टम को नई ऊर्जा दे रहे हैं। माइंडग्रोव टेक्नोलाजीज ऐसी आईओटी चिप्स बना रही है, जो आईआईटी, मद्रास में विकसित किए गए स्वदेशी 'शक्ति प्रोसेसर' पर आधारित है। नेत्रसेमी नामक स्टार्टअप ने हाल में 107 करोड़ रुपये की रिकार्ड फंडिंग हासिल की है, जो भारत के डिजाइन स्पेस में सबसे बड़ा निवेश है। कई ऐसे स्टार्टअप सरकार की डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव (डीएलआई) योजना के तहत विकसित हो रहे हैं। मोहाली की सेमीकंडक्टर लैबोरेटरी में 17 कालेजों के छात्रों ने अब तक 20 चिप्स बना लिए हैं। ग्लोबल कंपनियां भी भारतीय प्रतिभा में निवेश कर रही हैं। लैम रिसर्च भारत में 60,000 इंजीनियरों को प्रशिक्षित करेगी। आईआईएससी, आईआईटी और अन्य संस्थानों के साथ साझेदारी से 'लैब से फैक्ट्री तक' कार्यबल तैयार हो रहा है।

## ग्रामीण महिलाओं की दशा

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और डीआरडब्ल्यूए के नौ राज्यों में किए गए एक शोध से पता चलता है कि प्रमुख फसलों की पैदावार में महिलाओं की भागीदारी पचहत्तर प्रतिशत तक रही है। इतना ही नहीं, बागवानी में यह आंकड़ा उन्यासी प्रतिशत और फसल कटाई के बाद के कार्यों में इक्यावन प्रतिशत तक है। पशुपालन में महिलाओं की भागीदारी अट्ठावन प्रतिशत और मछली उत्पादन में पंचानबे प्रतिशत तक है। यानी कहा जा सकता है कि विकासशील देशों में खेती का तकरीबन आधा काम महिलाओं द्वारा किया जाता है



अ महिलाओं को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहा जाता है। विकासशील देशों में इनकी भूमिका और महत्त्वपूर्ण है। पूरी दुनिया में कृषि क्षेत्र में ग्रामीण महिलाओं का अहम योगदान है। वे परिवार, समाज, समुदाय की सार्थक अंग हैं। जो समाज के स्वरूप को सशक्त रूप से प्रभावित करती हैं। क्योंकि महिलाएं राष्ट्र के विकास में पुरुषों के बराबर ही महत्त्व रखती हैं। हमारे देश की सत्तर प्रतिशत आबादी आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है। उनमें से अधिकांश कृषि कार्यों पर निर्भर हैं। यही वजह है कि ग्रामीण महिलाएं गृहकार्य तथा बच्चों को संभालने के साथ-साथ खेती के कामों में भी हाथ बंटाती हैं। गौरतलब है कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद में महिलाओं का योगदान मात्र सत्रह प्रतिशत है, जो कि वैश्विक औसत सैंतीस प्रतिशत के आधे से भी कम है। फिर भी विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार अगर महिलाओं का श्रम में योगदान बढ़ जाए तो भारत की विकास दर दहाई की संख्या में होगी। इससे गरीबी को तेजी से कम किया जा सकता है। भारत के कृषि क्षेत्र में कुल श्रम की साठ से अस्सी प्रतिशत हिस्सेदारी ग्रामीण महिलाओं की है। जबकि खाद्य एवं कृषि संगठन के आंकड़ों पर गौर करें तो कृषि क्षेत्र में कुल श्रम में ग्रामीण महिलाओं का योगदान तिरालीस प्रतिशत है, वहीं कुछ विकसित देशों में यह आंकड़ा सत्तर से अस्सी प्रतिशत है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और डीआरडब्ल्यूए के नौ राज्यों में किए गए एक शोध से पता चलता है कि प्रमुख फसलों की पैदावार में महिलाओं की भागीदारी पचहत्तर प्रतिशत तक रही है। इतना ही नहीं, बागवानी में यह आंकड़ा उन्यासी प्रतिशत और फसल कटाई के बाद के कार्यों में इक्यावन प्रतिशत तक है। पशुपालन में महिलाओं की भागीदारी अट्ठावन प्रतिशत और मछली उत्पादन में पंचानबे प्रतिशत तक है। यानी कहा जा सकता है कि विकासशील देशों में खेती का तकरीबन आधा काम महिलाओं द्वारा किया जाता है और इस मामले में भारत अपवाद नहीं है। फिर भी कृषि विकास के लिए रणनीतियां मुख्य रूप से पुरुषों को केंद्र में रख कर बनाई जाती हैं। बमुश्किल पांच फीसद संसाधन महिलाओं को ध्यान में रख कर खर्च किए जाते हैं और इस दिशा में कोशिशें भी नहीं होतीं। इससे कृषि उत्पादन को भी भारी नुकसान होता है। खाद्य एवं कृषि संगठन के एक अध्ययन के मुताबिक अगर महिलाओं को पुरुषों के बराबर परिसंपत्तियां, कच्चा माल और सेवा जैसे संसाधन मिलें, तो समस्त विकासशील देशों में कृषि उत्पादन ढाई से चार फीसद तक बढ़ सकता है। इससे भूखे लोगों की तादाद को बारह से सत्रह फीसद तक कम किया जा सकता है। इससे लोगों की आमदनी भी बढ़ती, जिससे जीवन स्तर और जीवन सुरक्षा में भी इजाफा होता। आर्थिक सर्वेक्षण 2017-18 के अनुसार पुरुषों का रोजगार के लिए गांवों से शहरों की तरफ पलायन होने के कारण कृषि कार्य में महिलाओ की भूमिका बढ़ रही है। इसलिए महिलाओं की कृषि कार्य में हिस्सेदारी बढ़ी है। वहीं आज की वर्तमान चुनौती जैसे कि जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों का क्षरण रोकने और प्रबंधन में महिलाओं के योगदान को नकारा नहीं जा सकता। महिलाएं कृषि में बहुआयामी भूमिका निभाती आ रही हैं। बुवाई से लेकर रोपाई, निराई, सिंचाई, उर्वरक डालना, पौध संरक्षण, कटाई, भंडारण आदि सभी प्रक्रियाओं से वे जुड़ी हुई हैं। इसके अलावा वे कृषि संबंधी अन्य धंधों जैसे, मवेशी पालन, चारे का संग्रह, दुग्ध और कृषि से जुड़ी सहायक गतिविधियों जैसे मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन, सूकर पालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन आदि में भी सक्रिय रहती हैं। साफ है, अगर महिलाओं को अच्छा अवसर तथा सुविधा मिले तो वे देश की कृषि को द्वितीय हरित क्रांति की तरफ ले जाने के साथ देश के विकास का परिदृश्य भी बदल सकती हैं। एक ओर जहां शहरी महिलाएं स्कूलों, कॉलेजों, दफ्तरों, कारखानों आदि में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला कर देश के विकास में संलग्न हैं, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण महिलाएं खेत-खलिहानों में काम करके देश के आर्थिक विकास में अपना अमूल्य योगदान देती रहीं है। इसके बावजूद समाज में महिलाएं पुरुष से हेय समझी जाती हैं। इतिहास इस बात का साक्षी है कि महिला पुरुष की तुलना में अपने अधिकारों के संदर्भ में सदा उपेक्षित रही हैं, इसीलिए हर समाज में महिलाओं के साथ शोषण, अन्याय और अत्याचार होता रहा है।



## महिला केंद्रित वेब सीरीज एक्टिंग की दुनिया में वापसी कर रही हैं सना मकबूल

लंबे ब्रेक के बाद अभिनेत्री सना मकबूल अब महिला केंद्रित वेब सीरीज के साथ वापसी कर रही हैं। अभिनेत्री का कहना है कि लंबे समय तक चुपचाप अपनी सेहत का ख्याल रखने और खुद को दोबारा तैयार करने के बाद अब फिर से एक्टिंग की दुनिया में कदम रख रही हैं। सना ने अपनी जिंदगी के सफर को याद करते हुए कहा कि जब हालात ने उन्हें रुकने पर मजबूर किया, तो उन्हें एहसास हुआ कि महिलाएं अक्सर खुद को सबसे आखिर में रखती हैं, अपने सपनों को, अपनी सेहत को, और अपनी खुशी को भी। उन्होंने कहा, मेरे लिए महिलाओं से जुड़ी एक कहानी के साथ वापसी करना बहुत खास है। ये मेरी तरफ से एक संदेश है कि हम सबको दूसरा मौका मिलना चाहिए, और हम सबकी बात सुनी जानी चाहिए। उनकी आने वाली वेब सीरीज महिलाओं की भावनाओं, ताकत और जज्बे पर आधारित होगी, जो सना की जिंदगी के अनुभवों से भी मेल खाती है। इस प्रोजेक्ट को उन्होंने इसलिए चुना क्योंकि वह ऐसे किरदारों को सामने लाना चाहती थीं, जो साहस, उम्मीद और आत्म-खोज की मिसाल पेश करें। सना को आखिरी बार सुर्खियों में तब देखा गया था, जब जून में उनकी करीबी दोस्त, डॉ. आशना कंचवाला ने अस्पताल से एक इमोशनल पोस्ट शेयर की थी। इंस्टाग्राम स्टोरी पर सना की एक बीमार हालत में तस्वीर साझा करते हुए आशना ने लिखा था, मेरी सबसे स्ट्रॉन्ग दोस्त। तुमने जैसी हिम्मत दिखाई है, मैं तुम पर गर्व करती हूं। तुम जल्द ही इस मुश्किल से बाहर आओगी। इसके कुछ दिन बाद, सना ने भी सोशल मीडिया पर अपने फैन्स को धन्यवाद कहा और सभी से दुआओं की गुजारिश की। उन्होंने एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह अपने हाथ में एक डॉल पकड़ी थीं और लिखा था, मेरे इस तूफान के बीच, वह मेरे लिए पहला लैबुबू लाया। इसके साथ ही सना ने एक इंटरव्यू में अपने हेल्थ इश्यू के बारे में खुलकर बताया था। उन्होंने कहा था, इस बीमारी में शरीर अपने ही अंगों पर हमला करता है। मेरे केस में यह लिवर को प्रभावित कर रहा है। यह लुपस की तरह है, जिसमें किडनी या जोड़ों पर असर होता है।



## लव इंश्योरेंस कंपनी में 2040 की मोहब्बत को फिर से परिभाषित करती दिखीं कृति शेट्टी

साउथ इंडियन सिनेमा की सबसे होनहार युवा अभिनेत्रियों में से एक, कृति शेट्टी ने अपनी पहली फिल्म उप्पेना में अपनी सफलता के बाद से भावनात्मक रूप से समृद्ध और युवा भूमिकाएँ चुनने के लिए तेज़ी से अपनी पहचान बनाई है। मासूमियत और सशक्त स्क्रीन प्रेजेंस का सुंदर मेल उनकी पहचान बन चुका है। अब वे विनेश शिवन द्वारा निर्देशित तमिल फिल्म लव इंश्योरेंस कंपनी में साइंस फिक्शन की दुनिया में बड़ा कदम रख रही हैं, जहाँ वह प्रतीक रंगनाथन के साथ रोमांस करती नजर आएंगी। यह उनकी फिल्मोग्राफी में एक महत्वपूर्ण बदलाव है, क्योंकि वे छोटे शहरों की कहानियों और रोमांटिक कॉमेडी से निकलकर एक हाई-कॉन्सेप्ट फ्यूचरिस्टिक लव स्टोरी में नजर आएंगी, जो तकनीक, टाइम ट्रैवल और भावनाओं के धुंधले दायरों की पड़ताल करती है। हाल ही में रिलीज़ हुए टीज़र लव इंश्योरेंस कंपनी- फर्स्ट पंच में कृति के किरदार को साल 2040 की एक अनोखी साइंस-फिक्शन दुनिया में पेश किया गया है। सफेद पोशाक में सजी हुई, हाथों में फूल लिए, बारिश में बाहर निकलती कृति एक ऐसा दृश्य पेश करती हैं जिसे भूल पाना मुश्किल है। और अगर ये नज़ारा लंबे समय तक आपकी याद में न रहे, तो फिर क्या रहे? इसके बाद जो कहानी शुरू होती है, वो है 2040 की एक बेहद दिलचस्प प्रेम गाथा — एक ऐसा दौर जब दुनिया प्यार की भाषा और रोमांस को उस रूप में पीछे छोड़ चुकी है जैसा हम आज जानते हैं। जहां प्रतीक रंगनाथन का किरदार समय की परतों को पार करता है सच्चे प्यार की तलाश में, वहीं कृति इस ट्रेलर की विजुअल टोन को एंकर करती हैं — सजीव, सौम्य, भावनात्मक रूप से दूर, फिर भी संभवतः एक परिवर्तनकारी मोड़ के कगार पर।

लव इंश्योरेंस कंपनी कृति शेट्टी के करियर की अब तक की सबसे रोमांचक भूमिकाओं में से एक साबित हो सकती है — न केवल एक रोमांटिक लीड के रूप में, बल्कि एक ऐसे भविष्य की भावनात्मक और दार्शनिक केंद्र के रूप में भी, जो कल्पना की सीमाओं को चुनौती देता है। इंटरनेट पर कई फैन थ्योरीज सामने आ रही हैं, जिनमें कहा गया है कि उनका किरदार एक एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) हो सकता है, जो अनजाने में प्रेम की अनुभूति करने लगता है। अगर ऐसा होता है, तो यह भूमिका कृति को एक बिल्कुल नए इमोशनल स्पेक्ट्रम को एक्सप्लोर करने का मौका देगी। हालांकि इन अटकलों पर मुहर तो सिर्फ कृति या फिल्म के निर्माता ही लगा सकते हैं, लेकिन इतना तय है कि LIK में उनका रोल सीमाओं को लांघने वाला होगा।

## 'जातस्य मरणं ध्रुवं' के लिए मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग ले रही हैं शीना चौहान



साउथ इंडियन एक्ट्रेस शीना चौहान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म के लिए काफी मेहनत कर रही हैं। उनकी आने वाली फिल्म है 'जातस्य मरणं ध्रुवं', जिसमें वे एक आईपीएस ऑफिसर के किरदार में दिखाई देंगी। इस फिल्म के लिए वे मार्शल आर्ट की कड़ी ट्रेनिंग ले रही हैं। 'जातस्य मरणं ध्रुवं' में शीना की जोड़ी जेडी चक्रवर्ती के साथ जमेगी। जेडी को हिंदी फिल्म 'सत्या' में देखा गया था। एक्ट्रेस शीना कराटे में ब्राउन बेल्ट और एमएमए- कराटे चैंपियनशिप में राज्य स्तर की खिलाड़ी रह चुकी हैं। अब वे फिल्म में अपने कैरेक्टर को और दमदार बनाने के लिए मार्शल आर्ट सीख रही हैं। वह हैदराबाद में एक निजी कोच के साथ प्रतिदिन 90 मिनट की ट्रेनिंग ले रही हैं। इसमें ताकत के साथ ही आधुनिक युद्ध की बारीकी पर ध्यान केंद्रित करना सिखाया जा रहा है। इस बारे में बात करते हुए शीना ने कहा, मेरे लिए परफॉर्मेंस के साथ ही प्रक्रिया भी काफी महत्वपूर्ण है। चाहे वह मेरी मार्शल आर्ट हो, जिम वर्कआउट हो, या असली अधिकारियों का अध्ययन करने में बिताया गया समय हो, यह सब मुझे किरदार को ईमानदारी से जीने में मदद करता है। शीना को आखिरी बार फिल्म संत तुकाराम में देखा गया था। इसमें उन्होंने अवली जीजाबाई का किरदार बड़े ही प्रभावशाली ढंग के साथ निभाया था। इसके लिए लोगों और समीक्षकों ने उनकी तारीफ भी की थी। तेलुगु फिल्म 'जातस्य मरणं ध्रुवं' एक सस्पेंस-थ्रिलर मूवी है, जिसमें कई अप्रत्याशित मोड़ आते हैं। इसकी शूटिंग पूरी हो चुकी है और अब पोस्ट-प्रोडक्शन के अंतिम चरण में है।



## साउथ इंडस्ट्री में डेब्यू कर रहीं मोनालिसा

**प्रयागराज महाकुंभ से अपनी खूबसूरत आंखों को लेकर माला विक्रेता मोनालिसा खूब लोकप्रिय हुईं। किस्मत उन पर इस कदर मेहरबान हुई कि वे अब फिल्मी दुनिया में कदम रख चुकी हैं। वे बॉलीवुड फिल्म द डायरी ऑफ मणिपुर में पहले से काम कर रही हैं, इस बीच उनके हाथ एक साउथ फिल्म लगी है। वायरल गर्ल मोनालिसा मलयालम फिल्म नागम्मा में नजर आएंगी।**

न्यूज एजेंसी के मुताबिक माला विक्रेता मोनालिसा भोसले आगामी मलयालम फिल्म नागम्मा में काम करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हाल ही में इस फिल्म की पूजा सेरेमनी हुई, इसमें भी मोनालिसा ने शिरकत की। मोनालिसा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से तस्वीरें भी शेयर कीं। मोनालिसा ने आगामी मलयालम फिल्म की पूजा सेरेमनी की जो फोटोज शेयर की हैं, उनमें उनके साथ नीलाथमारा के एक्टर कैलाश भी नजर आ रहे हैं। फिल्म में मोनालिसा कैलाश के अपोजिट दिखाई देंगी। पी बीनू वर्गीस इस फिल्म का निर्देशन करेंगे। वहीं, जीली जॉर्ज फिल्म के प्रोड्यूसर हैं। नागम्मा में मोनालिसा महत्वपूर्ण भूमिका में होंगी। फिल्म नागम्मा की शूटिंग सितंबर में शुरू होने की उम्मीद है। मोनालिसा की सोशल मीडिया पर तगड़ी फैन फॉलोइंग है। इंस्टाग्राम पर उनके करीब सात लाख फॉलोअर्स हैं।

## विवेक के नाम का कभी फायदा नहीं उठाया



बॉलीवुड अभिनेता विवेक ओबेरॉय के चचेरे भाई अक्षय ओबेरॉय भी एक एक्टर हैं और उन्होंने भी कई फिल्मों में काम किया है। हाल ही में अक्षय सुर्खियों में आ गए हैं, क्योंकि उन्होंने विवेक ओबेरॉय के साथ अपने रिश्ते पर बात की और पारिवारिक संबंधों पर विचार प्रकट किए। उन्होंने बताया कि दोनों भाईयों के बारे में इंडस्ट्री में बहुत कम लोगों को पता है। अक्षय ओबेरॉय हाल ही में फ्री प्रेस जर्नल के साथ एक बातचीत में शामिल हुए, जहां उन्होंने अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर बात की। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि मैं यह बात पूरे विश्वास के साथ कह रहा हूं क्योंकि किसी को नहीं पता था कि हम रिश्तेदार हैं। यहां तक कि कास्टिंग करने वाले को भी नहीं, किसी को पता नहीं था। मैंने कभी इस बात का अपने फायदे के लिए इस्तेमाल नहीं किया। मैंने कभी किसी से कहा नहीं क्योंकि मुझे क्या मिलता?'

आगे बातचीत में अक्षय ओबेरॉय ने कहा, 'ऐसा भी नहीं था कि मैं उन्हें फोन करके उनसे संपर्क कर पाता, आप जानते ही हैं। बदकिस्मती से, मैं यह बात गर्व से नहीं, बल्कि दुख के साथ कहता हूं कि कोई सच्चा रिश्ता ही नहीं था। तो, मैं उन्हें फोन करके क्या पूछता? मैं बस अपने रास्ते पर चलता रहा।' करियर को लेकर जवाब देते हुए अक्षय ने कहा, 'मुझे पूरा यकीन था कि कोई मेरी मदद नहीं करेगा। इस क्षेत्र में मेरा कोई गुरु, गॉडफादर या मार्गदर्शक नहीं था।



### साथ मिलकर काम करते, तो मजा आता

अंत में उन्होंने कहा, हमारे परिवारों में कभी बनती नहीं थी, और मैं यहां था। शायद हम एक परिवार के तौर पर इस लिहाज से बदकिस्मत थे। वो (विवेक ओबेरॉय) और उनके पिता, दोनों ही बहुत अच्छे अभिनेता हैं, और मुझे उस वंश से होने पर गर्व है। लेकिन अगर हम साथ मिलकर काम कर पाते, तो मजा आता।'



## अब तक किन टीवी अभिनेत्रियों ने निभाई नागिन की भूमिका, सातवें सीजन में तेजस्वी प्रकाश का बरसेगा कहर

एकता कपूर के टीवी सीरियल नागिन के हर सीजन में अलग-अलग अभिनेत्रियां मुख्य भूमिका में नागिन बनी हैं। इनकी अदाकारी ने दर्शकों को खूब लुभाया है। इस लिस्ट में मौनी रॉय, अदा खान, सुरभि ज्योति, अनीता हसनंदानी, निया शर्मा, सुरभि चंदना और तेजस्वी प्रकाश जैसी एक्ट्रेस ने रातोंरात प्रसिद्धि हासिल की है। जानिए अब सातवें सीजन में कौन सी अभिनेत्री नजर आ सकती है।

### नागिन सीजन 1



नागिन सीरीज 2015 में शुरू हुई थी। हर सीजन में मुख्य नागिन का किरदार एक या ज्यादा अभिनेत्रियां निभाती हैं। नागिन के पहले सीजन में मौनी रॉय और अदा खान ने नागिन की भूमिका निभाई थी। मौनी रॉय को नागिन सीरियल से प्रसिद्धि मिली। सीजन 1 में मौनी ने शिवन्या नाम की मुख्य नागिन का रोल निभाया। यह एक इच्छाधारी नागिन थी, जो अपने माता-पिता की हत्या का बदला लेती है। अर्जुन बिजलानी और अदा खान उनके साथ थे। यह सीजन जबरदस्त हिट हुआ था।

### नागिन सीजन 2

नागिन का दूसरा सीजन 8 अक्टूबर 2016 को शुरू हुआ था। इस सीजन में भी मौनी ने शिवांगी का रोल किया, जो शिवन्या की बेटी थी। यहां उन्होंने नागिन के रूप में जहर भरी अदाओं और इमोशनल सीन दिखाए। करणवीर बोहरा और अदा खान फिर साथ थे। मौनी की डांसिंग और ट्रांसफॉर्मेशन सीन आज भी फेमस हैं।



### नागिन सीजन 3

नागिन का सीजन 3, 2 जून 2018 से 26 मई 2019 तक चला। इसमें सुरभि ज्योति मुख्य नागिन बनीं। उन्होंने बेला सहगल और श्रावणी सिप्पी के डबल रोल किए, जो शेषनाग वंश की नागरानी थीं। यह सीजन सबसे लंबा चला और काफी हिट रहा। पर्ल वी पुरी और अनीता हसनंदानी उनके साथ थे।

### निया शर्मा - नागिन सीजन 4



सीजन 4 नागिन - भाग्य का जहरीला खेल 14 दिसंबर 2019 से 8 अगस्त 2020 तक चला। इसमें निया ने बृंदा का मुख्य रोल किया, जो शेषनाग वंश की नागिन थी। कोविड के कारण शो रुका भी, लेकिन फिर चला। विजयेंद्र कुमेरिया और जस्मिन भसीन साथ थे।

### सुरभि चंदना - नागिन सीजन 5



नागिन सीजन 5 में सुरभि चंदना ने बानी शर्मा का रोल निभाया, जो शेषनाग वंश से सर्वश्रेष्ठ आदि नागिन थीं। शरद मल्होत्रा और मोहित सहगल उनके को-स्टार थे। सुरभि की दमदार ऐक्टिंग और नागिन के रूप में ट्रांसफॉर्मेशन सीन खूब पसंद आए। यह सीजन भी हिट रहा।

### तेजस्वी प्रकाश - नागिन सीजन 6

नागिन सीजन 6 सबसे लंबा चला। तेजस्वी प्रकाश ने प्रथा गुजराल/ प्रार्थना /प्रगति के ट्रिपल रोल किए, जो वासुकी कबीले की महा शेष नागिन थीं। बिग बॉस 15 जीतने के बाद यह उनका पहला बड़ा शो था। सिम्बा नागपाल, महक चहल और वत्सल सेठ साथ थे।

### नागिन सातवें सीजन में तेजस्वी प्रकाश

अब नागिन 7 की बात। एकता कपूर ने 2025 में इसकी अनाउंसमेंट की और दो साल के इंतजार के बाद टीजर रिलीज हो गया। यह सीजन भी कलर्स टीवी पर आएगा, लेकिन अभी रिलीज डेट कन्फर्म नहीं है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सातवें सीजन में तेजस्वी प्रकाश ही मुख्य नागिन का रोल निभाएंगी। वह सीजन 6 की तरह ही वापसी करेंगी, लेकिन नई कहानी के साथ।

## मंदिर श्री राधारमण जी महाराज में आज मनेगा जल-जलझूलनी एकादशी उत्सव

जयपुर टाइम्स

**भरतपुर,(निस)** - लक्ष्मण मंदिर के निकट स्थित प्राचीन मंदिर श्री राधारमण जी महाराज में 3 सितम्बर बुधवार को सांय 4.30 बजे जलझूलनी एकादशी उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मंत्री मोहन मित्तल ने बताया कि सनातन धर्म में भारपद महीने शुक्ल माह की जलझूलनी एकादशी का बहुत मतहत्व है इसको अनेक नामों से भी जाना जाता है जैसे पदमा एकादशी, डोल ग्यारस एवं इसी दिन क्षीर सागर में भगवान विष्णु शयन करते हुए करवट लेते हैं इसलिये इसको परिवर्तित एकादशी भी कहते हैं। कान्हा के जन्म के बाद यशोदा माता ने इसी दिन उनका जल व घाट पूजन किया था अतः इसे डोल ग्यारस कहते हैं। संयोजक डॉ. डी.डी. गोयल ने बताया कि मंदिर प्रांगण में दूसरी बार जल -हजयूलनी एकादशी का उत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर -झांकी सजाई जावेगी एवं सुनहरी चित्र विचित्र नौका में प्रभू विराजमान होकर नोका विहार कर भक्तों को दर्शन देंगे। मंदिर संयोजक विष्णु लोहिया ने बताया कि विशेष पूजा अर्चना के बाद ठाकुर जी को नौका में विराजमान कराया जावेगा व भक्तों को प्रसादी वितरित की जावेगी।

## पीएनएम बैठक में उठी जलभराव की समस्या

जयपुर टाइम्स



उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ की ओर से 21 एवं 22 अगस्त को सम्पन्न हुई दो दिवसीय पीएनएम बैठक के दौरान मंडल अध्यक्ष सौरभ दीक्षित ने मंडल रेल प्रबंधक को स्टेशन परिसर तथा रेलवे कॉलोनियों में लंबे समय से बनी हुई जलभराव की गंभीर समस्या से अवगत कराया। दीक्षित ने कहा कि बरसात के मौसम में पानी भराव की स्थिति विकराल रूप ले लेती है, जिससे कर्मचारियों एवं यात्रियों दोनों को ही भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। इस विषय में मजदूर संघ द्वारा प्रशासन को कई बार लिखित रूप से अवगत कराया जा चुका है, किन्तु अब तक स्थायी समाधान सामने नहीं आया है। बैठक में मंडल रेल प्रबंधक ने भरोसा दिलाया कि मानसून के समाप्त होते ही जलभराव की समस्या से स्थायी निजात दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बरसात खत्म होने के बाद संबंधित विभागों को सक्रिय कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। मजदूर संघ ने स्पष्ट कहा कि यह समस्या कर्मचारियों के दैनिक जीवन से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हुई है और समय रहते कार्रवाई न होने पर परेशानी लगातार बढ़ती है। संघ ने प्रशासन से अपेक्षा जताई कि मानसून के बाद बिना किसी विलंब के कार्यवाही प्रारम्भ की जाए, ताकि आने वाले वर्षों में कर्मचारियों एवं आमजन को इस समस्या से मुक्ति मिल सके। बैठक में प्राप्त आश्वासन से संघ ने आशा व्यक्त की कि आगामी समय में रेलवे प्रशासन इस समस्या का स्थायी समाधान अवश्य निकालेगा।

## वीर तेजाजी महाराज का मेला भरा,मंदिर पर ध्वजा चढ़ाई



जयपुर टाईम्स

**सांगानेर-(निस)** उपखण्ड क्षेत्र श्रीरामपुरा गांव में मंगलवार को वीर तेजाजी महाराज के मेले का आयोजन किया गया। मेले की पूर्व संध्या पर । 'एक शाम तेजाजी महाराज के नाम' भजन संध्या का आयोजन भी किया गया। मेले में दोपहर से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था।जो देर सायं तक चलता रहा। श्रीरामपुरा गांव एवं आस पास के गांवो एवं कालोनियों की महिलाओं एवं पुरुषों ने पारंपरिक वेशभूषा में सज धज कर मेले में भाग लिया। रंगलाल प्रजापति की ओर से मंदिर पर ध्वज चढ़ाया गया। ग्रामीणो ने वीर तेजाजी महाराज की पूजा-अर्चना की और खीर, चूरमा एवं नारियल का भोग लगाया। उन्होंने तेजाजी महाराज से सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। ग्रामीणों द्वारा विशेष पूजा अर्चना की गई तथा आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। इससे पूर्व सोमवार की रात्रि में मंदिर पर 'एक शाम तेजाजी महाराज के नाम' भजन संध्या का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर मंगलवार को तेजाजी थान पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई।

## ऑखों का विशाल निःशुल्क चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर 14 सितम्बर को

जयपुर टाईम्स

**कोटपूतली (निसं.)।** कस्बे के दिलीप सिंह राठौड़ पार्क के पास महेश अग्रवाल क्लिनिक पर आगामी रविवार 14 सितम्बर को प्रातः 09 से दोपहर 03 बजे तक स्व. चमेली देवी एवं स्व. गोकुल चन्द अग्रवाल की स्मृति में श्रीमती चमेली देवी गोकुल चन्द अग्रवाल चेरीटेबल ट्रस्ट व मिश्री देवी आई हॉस्पिटल एवं रिसर्च सैन्टर बहरोड़ के संयुक्त तत्वाधान में ऑखो का विशाल निःशुल्क चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जायेगा। षिविर में प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉ. वीरेन्द्र यादव बहरोड़ व उनकी टीम द्वारा मरीजों की निःषुल्क आंखों की जांच की जायेगी।

## अतिवृष्टि से फसल के नुकसान का किसानों को मुआवजा दिलवाने की मांग

### युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेष महासचिव भीम पटेल ने मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री को लिखा पत्र

**कोटपूतली (निसं.)।** युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेष महासचिव भीम पटेल ने प्रदेष के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा को पत्र लिखकर अतिवृष्टि व भारी वर्षा से फसल के नुकसान का किसानों को मुआवजा दिलवाने की मांग की हैं। पटेल ने लिखा है कि कोटपूतली-बहरोड़ जिले में अतिवृष्टि से किसानों की बाजरे, गाजर व गोभी की फसल को भारी नुकसान हुआ हैं। इसलिये किसानों के नुकसान का सर्वे करवाकर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिलवाकर उन्हें राहत प्रदान की जायें।

# सुमेरपुर कस्बे के हाल-बेहाल गड्ढो में बसा शहर जिम्मेदार मौन

### सरकारी तंत्र की अंधेरगर्दी,टूटी बिखरी पडी शहर की सडके

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** कस्बे की प्रमुख सड़कों के हाल पिछले दो साल से खराब हैं। सड़क निर्माण तो दूर पेचवर्क भी तरीके से नहीं किया जा रहा। पिछली बारिशों में सड़कों के गड्ढे और गहरे हो गए हैं। इससे वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेसियों ने डबल इंजन की सरकार पर हमला करते हुए कहा कि विकास के दावों पर सरकार विफल हैं इसके चलते आम जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि कई जगह एक फुट तक गहरे गड्ढे हैं। जिनमें वाहनों के पहिये फंस जाते हैं। दुपहिया वाहन चालक आए दिन चोटिल हो रहे हैं। बारिश में गड्ढों में पानी भरने से वाहन चालकों को गड्ढे नजर नहीं आते जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। किसान गौरव पथ बडा जी का जंजाल, इस सडक मार्ग पर सरकारी व प्राइवेट दफ्तर फिर भी जिम्मेदार कुंभकर्णी नींद में उन्होंने हमला बोलते हुए कहा कि विकास के दावे खोखले हो रहे हैं। इस सडक पर कृषि उपज मंडी,सरकारी अस्पताल, प्राइवेट हास्पीटल, नगरीय निकाय कार्यालय, पंचायत समिति कार्यालय,पश्चिमी राजस्थान का सबसे बडा प्राइवेट महावीर हास्पीटल,सिटी थाना,एसबीआई बैक,बैक ऑफ बडौदा,पोस्ट ऑफिस,प्राइवेट बैंक,कई बडे अधिकारियो के आवास,सहित अनेको नामी ब्रांडेड कम्पनियो के शो-रुम एवम् प्रवासी लोगो के आगमन का द्वार कहे जाने वाला जंवाई बाध स्टेशन स्थित है। दो साल पूर्व ही इस सडक मार्ग का नामकरण "किसान गौरव पथ रखा था। जहाँ से दिन भर हजारो लोगो का आगमन रहता है। किसान अपनी उपज सहित अन्य कृषि औजार,खाद बीज सहित अन्य कृषि सहायक उपकरण खरीदने आते है। इसी सडक मार्ग पर पूरे दिन सरकारी व प्राइवेट हास्पीटलो की एम्बुलेंसो रोगियो को लाने व ले जाने के लिए आना-जाना लगा रहता है। फिर भी जिम्मेदारो ने आंख मूंदकर रखी हुई है। इसी ही सडक मार्ग पर सार्वजनिक निर्माण विभाग का कार्यालय उन्होंने बताया कि जिस विभाग की जिम्मेदारी उस विभाग का कार्यालय भी इसी किसान गौरव पथ आया हुआ है पूरे दिन इस मार्ग से सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी भी हिचकोले खाते गुजरते है फिर भी इस सडक मार्ग सहित शहर की अन्य सडको को दूरस्त करवाने में कोई हिमाकत नही कर रहे है। त्रिपल इंजन की सरकार कहे तो कोई तिशयोक्तिपूर्ण नही होगा। कांग्रेसियों ने ट्रिपल इंजन की सरकार पर जमकर बरस पड़े और कहा कि क्योकि स्थानीय नगरीय निकाय में भी भाजपा का बोर्ड ही था जो स्थानीय सरकार का जिम्मा संभाले हुए रखते है। राज्य और केंद्रीय सरकार भी बीजेपी की फिर भी जनता को आज भी मूलभूत सुविधाओ के लिए तरसना पड रहा है। यह सडक मार्ग व्यावसायिक नगरी सुमेरपुर का सबसे व्यस्तम सडक मार्ग है। फिर भी लगभग दो किलोमीटर तक सडक पर गहरे गहरे गड्ढे ही गड्ढे है। शहर में बडे बडे व्यावसायिक प्रतिष्ठान,घी,खाद्य तेल की बडी बडी इकाईयां,किराणा सामान का सबसे बडा सप्लायर्स शहर,दुपहिया,चौपाये वाहनो की एजेंसिया एवं अणगौर ग्राम के पास रिको औधोगिक क्षेत्र सहित दर्जनो गांवो को जाने वाला मुख्य सडक है "किसान गौरव पथ फिर हालात इतने गंभीर की मत पूछो राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री का गृह कस्बा विपक्ष ने कैबिनेट मंत्री पर भी हमला बोला,और कहा कि स्थानीय विधायक एवं राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत के गृह शहर का ये हाल है जहां लोगों का इन दिनों आवागमन मुश्किल हो गया है। मंत्री जी जब भी अपने गृह शहर आते है तो इसी सडक मार्ग पर पंचायत समिति कार्यालय में जनसुनवाई भी करते है लेकिन इस सडक को दूरस्त करवाने में स्वत संज्ञान नही ले रहे है। जंवाई बांध स्टेशन रोड पर ऊंची-नीची और उबड-खाबड सड़क स्टेशन रोड सड़क से गुजरने वाले वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। मंगल कलश चौराहे से कृषि उपज मंडी तक किसान गौरव पथ सडक की हालत इतनी खराब है कि रोजाना वाहन क्षतिग्रस्त होने का खतरा बना रहता है।

## भरतपुर स्काउट गाइड राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित

जयपुर टाइम्स



**भरतपुर-(निस)** भारत स्काउट गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के तत्वाधान में राष्ट्रपति पुरस्कार स्काउट गाइड रैली का आयोजन दिनांक 28 अगस्त से 01 सितम्बर तक नेशनल यूथ कॉम्लेक्स गदपुरी में किया गया। जिसमें बी.पी. ओपन ट्रूप भरतपुर के देवांशु कराहरिया, ज्ञानोदय विद्या निकेतन उ.मा. विद्यालय भरतपुर की सोनम, सीमा, जय बजरंग उच्च माध्यमिक विद्यालय बोली सवाई माधोपुर की वीणा गौतम ने भाग लिया। सहा. राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) गिरिराज प्रसाद गर्ग के अनुसार 31 अगस्त 2025 को भारत मंडपम् नई दिल्ली में उक्त स्काउट गाइड को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सी. ओ. स्काउट गाइड कल्पना शर्मा, दिव्या, देवेन्द्र मीणा ने अनुसारं राष्ट्रीय शिविर में साहसिक गतिविधियां एवं एडवेंचर बेस गतिविधिया एस.डी.जी. प्रोजेक्ट मेसेन्जर आफ पीस, शिविर कला, प्रदर्शनी, फैशन शो, लोकनृत्य एवं लोकगीत, टेलेन्टशो, स्किल ओ रामा, दक्षता बैज, इत्यादि व सशक्त युवा विकसित भारत जागरूकता कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान विभिन्न गतिविधि आयोजित हुई। सहा. राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) गिरिराज प्रसाद गर्ग, सी. ओ. गाइड कल्पना शर्मा, मुरारी लाल शर्मा, बृजमोहन, मुकुट बिहारी गुप्ता, सुरेखा शर्मा, यशोदा, ज्योति शर्मा, ललित गौतम एवं स्काउट गाइड के अभिभावक द्वारा देवांशु, सोनम, सीमा का राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त करने के बाद भरतपुर लौटने पर रेल्वे स्टेशन एवं मण्डल मुख्यालय भरतपुर पर भव्य स्वागत किया गया। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड मण्डल मुख्यालय भरतपुर के तत्वावधान में आनन्द शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालय भरतपुर की छात्राध्यापिकाओं का गाइड ग्रुप शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर का अवलोकन रामवीर सिंह डागुर निदेशक शारदा शिक्षण सस्थान भरतपुर एवं उपप्रधान निजी शिक्षण सस्थान राजस्थान एवं राजेन्द्र प्रसाद शर्मा जिला सचिव भरतपुर के द्वारा किया गया। उन्होंनें बताया कि स्काउटिंग गाइडिंग जीवन जीने की कला है। शिविर के द्वौरान आपसी सहयोग, नेतृत्व प्रतिस्पर्द्वा की भावना आदि गुणों का विकास होता है।

## स्व. जनेंद्र प्रसाद जैन की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा व स्वास्थ्य शिविर आयोजित

जयपुर टाइम्स



**भरतपुर(निस)** (संवाददाता)। टीम अभिषेक भरतपुर के अध्यक्ष राकेश गोयनका ने बताया कि शिक्षा विद स्वर्गीय जनेंद्र प्रसाद जैन जी की पुण्यतिथि के अवसर पर स्वास्थ्य मंदिर, भरतपुर में श्रद्धांजलि सभा, मेडिकल चेकअप शिविर तथा डायबिटीज जांच शिविर का आयोजन किया गया। डेंटल चेकअप शिविर में डॉ. सौरभ शर्मा ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इस दौरान लगभग 40 बच्चों सहित कैंप में आए अन्य लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डायबिटीज जांच शिविर में डॉ. दिगंबर सिंह ने सेवाएं दीं और शिविर में आए सभी लोगों की ब्लड शुगर जांच की गई। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी लोगों ने स्वर्गीय जनेंद्र प्रसाद जैन जी को नमन करते हुए उनके योगदान को याद किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता श्रीमती बबीता शर्मा, अशोक लवानिया, पूर्व धन्यवाद पार्षद एवं टीम के संरक्षक दीनदयाल सिंघल, भरतपुर जामा मस्जिद बोर्ड के अध्यक्ष महबूब खान एडवोकेट, अनुजये विकास समिति के अध्यक्ष विष्णु गर्ग, तरुण जैन एडवोकेट, देवेंद्र पाल एडवोकेट, दलबीर सिंह, सुमित तनेजा, धीरज जैन, गौरव बंसल, त्रिलोक जैन, संजय सिंह, हर्षित जैन, निशिक जैन, आयुष जैन व हरसुल जैन सहित कई सदस्य मौजूद रहे। इस मौके पर स्वास्थ्य मंदिर के अध्यक्ष वीरेंद्र अग्रवाल, महिला इकाई की अध्यक्ष भावना अग्रवाल, नेहा सिंह, प्रीति जैन, श्वेता जैन, कुसुम लता, प्रियंका जैन, पूजा जैन, अनन्या जैन, धान्य जैन, रूपवती सहित महिला इकाई की सदस्याओं ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## अग्रसेन जयंति पर 8 दिवसीय भव्य आयोजन

जयपुर टाइम्स




**भरतपुर,(निस)** महाराजा श्री अग्रसेन शोभायात्रा समिति की साधारण सभा खिरनी घाट स्थित श्री अग्रवाल भवन में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सुरेश बंसल ने की जबकि पूर्व जिला अध्यक्ष अनुराग गर्ग विशेष अतिथि रहे। सह संयोजक मोहन मित्तल ने जानकारी दी कि 17 से 23 सितम्बर तक महाराजा अग्रसेन जयंति पर आठ दिवसीय कार्यक्रम बड़े उत्साह और भव्यता के साथ आयोजित किए जाएंगे।

### कार्यक्रमों की रूपरेखा

17 सितम्बर को राधारमण मंदिर में श्रृंगार पूजा, आरती और प्रवचन का आयोजन होगा। 18 सितम्बर को गो सेवा कार्यक्रम बृजधाम जीव सेवा सदन में होगा। 19 सितम्बर को श्री अग्रवाल भवन में निशुल्क मेडिकल शिविर लगाया जाएगा। 20 सितम्बर को महाराजा अग्रसेन के विग्रह का अभिषेक, श्रृंगार और महाआरती होगी।

21 सितम्बर को अग्रचेतना बाइक रैली निकाली जाएगी। 22 सितम्बर को अग्र वरिष्ठजन सम्मान समारोह अग्रवाल भवन, खिरनी घाट पर आयोजित होगा। इसी दिन शाम 4.30 बजे महाराजा अग्रसेन जी की भव्य शोभायात्रा अनेक झांकियों और बैंड-बाजों के साथ निकाली जाएगी। 23 सितम्बर को प्रेम गार्डन मैरिज होम में भजन संध्या, सम्मान समारोह और स्नेह भोज होगा।

### विशेष आयोजन

इसके अतिरिक्त 2 अक्टूबर को नई मंडी प्रांगण में रामलीला समिति के सहयोग से रावण वध लीला मंचन एवं रावण पुतला दहन होगा।

### समितियां और सम्मान

समिति ने भोजन व्यवस्था, प्रचार-प्रसार और धन संग्रह सहित विभिन्न जिम्मेदारियां बांटते हुए आयोजन को सफल बनाने की तैयारी की है। बैठक में यह भी तय हुआ कि प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी समाज के पांच अग्रबंधुओं को "अग्रसेन गौरव सम्मान" से नवाजा जाएगा। पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग गर्ग ने समाज की एकता और सहयोग से महोत्सव को भव्य बनाने का आह्वान किया।

दबंग और तेजतर्रार आईपीएस

## आदर्श सिधू पाली के नये पुलिस अधीक्षक नियुक्त

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस) / पाली** राजस्थान सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा बदलाव किया है। और दबंग आईपीएस अधिकारियों के बड़े फेरबदल के तहत पाली जिले के लिए नए पुलिस अधीक्षक की नियुक्ति कर दी है, तथा आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।नए आदेश के अनुसार आदर्श सिधू (IPS, 2012 बैच) को पाली का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। पुलिस महकमे सिंधु दबंग,और अपराधियों में खौफ पैदा करने वाले अधिकारी हैं। पाली में नए एसपी की नियुक्ति को लेकर अपराधियों तथा माफिया पहले से ही घबराने लगे हैं।

### पुलिस महकमे में सिंधु दबंग अधिकारी

प्राप्त जानकारी के अनुसार
अब तक कमांडेंट,12वीं बटालियन, इ्ष्ट, नई दिल्ली के पद पर कार्यरत थे। इसके अलावा, केंवत राम राव (IPS, 2015 बैच) को जयपुर से स्थानांतरित कर नई दिल्ली भेजा गया है,जहां उन्हें कमांडेंट, 12वीं बटालियन, का दायित्व सौंपा गया है। और आदर्श सिधू को पालिका मुख्या बनाया है।

### कौन हैं आदर्श सिघू

आदर्श सिधू2012 बैच के तेज-तर्रार और दबंग आईपीएस अधिकारी हैं। वे इससे पहले भिलवाड़ा और टोंक जिले में SP रह चुके हैं। टोंक में उनके कार्यकाल के दौरान पुलिस ने एक नाबालिग बच्ची से जुड़े जघन्य दुष्कर्म व हत्या के मामले का महज 24 घंटे में खुलासा किया था। इस कार्रवाई से उनकी छवि एक सख्त और रिज़ल्ट-ओरिएंटेड अफसर के रूप में उभरी। भिलवाड़ा SP रहते हुए भी उन्होंने संगठित अपराध और अवैध गतिविधियों पर शिकंजा कसा। वे जहां रहे हैं वहां अपराधियों व माफियो के साथ मादक पदार्थों की तस्करी तथा अन्य अपराधों पर निर्भीक रहे जिससे अपराधी कापते रहे । हाल ही में उन्हें RAC, नई दिल्ली भेजा गया था,जहां वे कमांडेंट के पद पर कार्यरत थे।

### पाली वासियों में नई उम्मीद

पाली जिले में नए पुलिस अधीक्षक आदर्श सिधू की नियुक्ति से जिले वासियों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नई उम्मीदें जाग उठी हैं। जिले वासियों का मानना है कि उनके सख्त और तेज़तर्रार नेतृत्व से अपराध नियंत्रण में तेजी आएगी और कानून-व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी।

## जम्मू मंडल में रेलवे ब्रिज क्षतिग्रस्त, 10 ट्रेनें 30 सितंबर तक रद्द

**जोधपुर(निसं.)।** जम्मू मंडल में भारी बारिश से रेल यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कठुआ और माधोपुर पंजाब स्टेशनों के बीच स्थित ब्रिज संख्या 17 में तकनीकी खराबी आ गई है। सुरक्षा की दृष्टि से उत्तर रेलवे ने कई ट्रेनों का संचालन रोक दिया है। इसके चलते उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल से जुड़ी 10 ट्रेनें सितंबर माह भर प्रभावित रहेंगी। जोधपुर डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि दो से 30 सितंबर तक छह ट्रेनों का संचालन पूरी तरह रद्द रहेगा। इनमें शामिल हैं–

ट्रेन संख्या 14661 बाड़मेर-जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 14662 जम्मूतवी-बाड़मेर एक्सप्रेस

इसके अलावा, साप्ताहिक ट्रेनों में–

ट्रेन संख्या 19027 बांद्रा टर्मिनस-जम्मूतवी (6, 13, 20, 27 सितंबर को रद्द)

ट्रेन संख्या 19028 जम्मूतवी-बांद्रा टर्मिनस (8, 15, 22, 29 सितंबर को रद्द)

## अतिवृष्टि से जल भराव की समस्या से निजात दिलाने के लिये युद्धस्तर पर करें कार्य-डॉ.गर्ग

### जलभराव क्षेत्रों पर निगरानी बनाये रखने पर विधायक डॉ. गर्ग ने दिया जोर

### किसानों की खराब हुई फसलों की गिरदावरी कराकर दिलाया जाये शीघ्र मुआवजा

जयपुर टाइम्स

**भरतपुर(निस)** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक एवं राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सुभाष गर्ग ने भरतपुर में हो रही अतिवृष्टि तथा बांधों से छोडे गये पानी की वजह से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जल भराव की स्थिति से परेशान ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुये जिला प्रशासन के अधिकारियों से पानी निकासी के युद्धस्तर पर प्रयत्न करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। डॉ. गर्ग ने जिला प्रशासन के अधिकारियों से वार्ता कर कहा कि भरतपुर शहर की विभिन्न कॉलोनियों के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के जघीना, जिरौली, बराखुर, पीपला, पीरनगर, केवल का नगला, नौंह बछामदी सहित अन्य गांवों में भारी बारिश होने से जलभराव की स्थिति बन गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की फसलें पानी में डूब गई हैं तथा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का शहरी क्षेत्र से सम्पर्क टूट गया है। जल भराव की समस्या से शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को राहत दिलाने के लिये तीव्रगति से कार्य करने को कहा है और नगर निगम तथा बीडीए के अधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्रों में निगरानी बनाये रखने के साथ ही आमजन को परेशानी से निजात दिलाने पर जोर दिया है। उन्होंने उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी, पंचायत समिति के अधिकारी के साथ ही जिला परिषद और सिचाई विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को लगातार फील्ड में तैनात रहने की जरूरत बताया, साथ ही कहा कि अतिवृष्टि से किसी भी तरह की अनहोनी न हो इसके प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किये जायें। विधायक डॉ. गर्ग ने बताया कि अतिवृष्टि से करीब 80 से 100 प्रतिशत तक खरीफ की फसलें खराब हो चुकी हैं। जिसकी सरकार द्वारा गिरदावरी कराई जा रही है। जिसके लिये किसान सजग रहें और जागरूक होकर गिरदावरी करायें। उन्होंने उपखण्ड अधिकारी से भी किसानों की खराब हुई फसलों की गिरदावरी को लेकर भी वार्ता की। जिस पर एसडीएम द्वारा उन्हें बताया गया कि पटवारियों द्वारा गिरदावरी कराई जा रही है। उन्होंने पटवारियों से भी कहा है कि वे मौके पर पंहुचकर जिम्मेदारी के साथ खराब ही फसलों की गिरदावरी करें और किसानों को शीघ्र मुआवजा दिलाये जाने की रिपोर्ट तैयार करें। साथ ही उन्होंने किसानों से भी किसी भी तरह की गिरदावरी कराने में समस्या होने पर उन्हें सूचना देने की अपील की।

## कोटपूतली-बहरोड़ में सड़क सुरक्षा को लेकर चला विशेष अभियान : लेन ड्राइव, जागरूकता एवं प्रवर्तन पर दिया जोर

जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निसं.)।** महानिरीक्षक पुलिस जयपुर रेंज राहुल प्रकाश आईपीएस के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में दिनांक 25 अगस्त से 05 सितम्बर तक चल रहे विशेष अभियान "लेन ड्राइव, जागरूकता एवं प्रवर्तन" की श्रृंखला में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोटपूतली-बहरोड़ के नेतृत्व में विराटनगर वृत क्षेत्र के भाबरू थाना परिसर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस मौके पर जिला पुलिस अधीक्षक कोटपूतली-बहरोड़ देवेंद्र कुमार विश्नोई आईपीएस, वृताधिकारी विराटनगर शिप्रा राजवात आरपीएस तथा भाबरू थानाधिकारी अंकित सामरिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिलेभर के विभिन्न ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी, वाहन चालक, सीएलजी सदस्य एवं सुरक्षा सखी बड़ी संख्या में शामिल हुए।



**अभियान का मुख्य उद्देश्य**

इस अभियान का मकसद सड़क सुरक्षा को लेकर आमजन को जागरूक करना और खासतौर से भारी एवं हल्के वाहनों को निर्धारित लेन में चलाने की आदत विकसित करना है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि लेन ड्राइविंग से जहां ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी, वहीं सड़क दुर्घटनाओं पर भी प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकेगा।

**शपथ दिलाई गई**

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी वाहन चालकों, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के प्रतिनिधियों एवं अन्य प्रतिभागियों को यातायात नियमों की पालना करने एवं दूसरों को भी पालन कराने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने जनसुनवाई भी की और परिवहन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हुए समाधान का भरोसा दिलाया।

**पुलिस की आमजन से अपील**

पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार विश्नोई ने कहा कि सड़क सुरक्षा सिर्फ पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वाहन हमेशा निर्धारित गति सीमा व लेन में चलाएँ, हेलमेट व सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें और नशे की हालत में वाहन न चलाएँ।

**थानाधिकारी भाबरू अंकित सामरिया का संदेश**

भाबरू थानाधिकारी अंकित सामरिया ने कहा कि इस अभियान का सीधा उद्देश्य है– "सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और प्रत्येक वाहन चालक को अनुशासित बनाना।" उन्होंने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों व प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## वीर तेजाजी की पूजा कर की परिवार की रक्षा व खुशहाली की कामना



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** वीर तेजा दशमी के पर्व पर क्षेत्र के सभी तेजाजी के थानकों पर विशेष पूजा-अर्चना करने के साथ ही रात्रि जागरण व भजन संध्या के आयोजन किए गए।कस्बे में स्थित तेजाजी के थानक पर विशेष सजावट की गई।दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने दूध, नारियल, अगरबत्ती और प्रसाद चढ़ा कर परिवार की रक्षा व खुशहाली की कामना की। आसपास के गांवों से ग्रामीणों की टोलियां तेजाजी के भजन गाते हुए झंडिया लेकर बिजौलियां थानक पर पहुंचे।वहीं पांच दिवसीय तेजाजी मेले की शुरुआत भी हुई। ग्रामीणों ने मेले से रोजमर्रा की वस्तुएं खरीदने के साथ चकरी-झूले में झूलने और खाने-पीने की चीजों का लुत्फ उठाया। विधायक प्रतिनिधि मुकेश खंडेलवाल ने फीता काट कर मेले का उद्घाटन किया।इस दौरान भाजपा के पदाधिकारी,कार्यकर्ता,जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## कोटा में घर पर खड़ी कार का बेंगलुरु में कटा टोल, मालिक हैरान

जयपुर टाइम्स

**कोटा(निसं.)** राजस्थान के कोटा शहर में एक अजीब मामला सामने आया है। यहां एक कार मालिक की गाड़ी घर पर खड़ी थी, लेकिन बेंगलुरु (कर्नाटक) के टोल प्लाजा से उसका फास्टैग काट लिया गया। मोबाइल पर आए मैसेज को देखकर कार मालिक हैरान रह गए और तुरंत शिकायत दर्ज कराई। डीसीएम इलाके के निवासी राजेश वर्मा ने बताया कि सोमवार सुबह 7 बजे जब वे गार्डन जाने के लिए उठे तो मोबाइल पर फास्टैग वॉलेट का कम बैलेंस मैसेज आया। जांच करने पर पता चला कि बेंगलुरु के वाटेरु टोल प्लाजा से 40 रुपए का टोल टैक्स कट चुका है। उन्होंने कहा कि उनकी मारुति सुजुकी एस-प्रेसो कार, जिसे डेढ़ साल पहले खरीदा था, कोटा में घर पर ही खड़ी थी और कहीं गई ही नहीं थी। राजेश वर्मा ने बताया कि वे शिकायत दर्ज कराने उद्योग नगर थाने पहुंचे, लेकिन पुलिस ने यह मामला नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया से संबंधित बताते हुए वहां शिकायत करने की सलाह दी। इसके बाद उन्होंने ऑनलाइन पोर्टल के जरिए शिकायत दर्ज कराई। के प्रोजेक्ट डायरेक्टर संदीप अग्रवाल ने कहा कि फास्टैग से टोल कटने में तकनीकी गड़बड़ी की संभावना बहुत कम होती है। फिर भी अगर ऐसा होता है तो इसकी जांच जरूर करानी चाहिए। उन्होंने सलाह दी कि ऐसे मामलों में तुरंत ह्य्र्द्व की हेल्पलाइन पर संपर्क करें और मैसेज का स्क्रीनशॉट और वाहन की स्थिति का सबूत अपलोड करें।

## राजस्थान के रेगिस्तान में क्यों धंस रही जमीन चूरू में 8 घंटे में बना 50 फीट गड्ढा



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर (निसं.)** राजस्थान के थार मरुस्थल में जमीन धंसने की घटनाएं चिंता का विषय बनती जा रही हैं। ताजा मामला चूरू जिले के सोनपालसर गांव का है, जहां 1 सितम्बर की सुबह महज 8 घंटे में सपाट मैदान पर 50 फीट गहरा गड्ढा बन गया। अचानक हुई इस घटना से ग्रामीण दहशत में हैं और उन्हें डर है कि कहीं पूरा गांव इस धंसी जमीन की चपेट में न आ जाए। सुबह 7 बजे एक ग्रामीण ने मिट्टी धंसते देख तुरंत दूसरों को सूचना दी। धीरे-धीरे गड्ढा बड़ा होता गया और शाम तक यह 50 फीट गहरा हो गया। प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर गड्ढे के चारों ओर रस्सी बांधकर लोगों को वहां जाने से मना किया है। घटना स्थल के पास गुसाईं जी महाराज की बणी और तीन किलोमीटर दूर सोनपालसर गांव बसा है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन केवल देखकर चला गया, लेकिन कोई ठोस जवाब नहीं दिया कि ऐसा क्यों हो रहा है। ग्रामीण पूसाराम नाई ने कहा कि ढाणी में रहने वालों को डर है कि अगर गड्ढा और फैल गया तो उनकी बस्तियां खतरे में आ सकती हैं। लोगों का मानना है कि अब यहां रहना रिस्की हो गया है।

**भू-गर्भ विशेषज्ञों के अनुसार जमीन धंसने के पीछे पांच बड़ी वजहें हो सकती हैं–**

1. भूमिगत पानी के अत्यधिक दोहन से जमीन कमजोर होना।
2. रेतीले क्षेत्र में मिट्टी का असंतुलन और धंसक क्षमता।
3. चट्टानों के भीतर खाली जगह (कैविटी) बन जाना।
4. वर्षा या नमी से मिट्टी का खिसकना।

## मारोठ में पानी की समस्या को लेकर उबाल, अनिश्चितकालीन धरना शुरू

जयपुर टाइम्स



**नांवासिटी(निसं.)** मारोठ कस्बे में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या ने अब विकराल रूप ले लिया है। प्रशासन से बार-बार गुहार लगाने के बावजूद समाधान न मिलने से आक्रोशित ग्रामीणों ने मंगलवार को अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। यह धरना केसरिया कवर जी मंदिर से निकली आक्रोश रैली के बाद अंबेडकर सर्किल, मुख्य बस स्टैंड होते हुए गोपीनाथ जी मंदिर के पास धरना स्थल पर पहुंचकर शुरू हुआ। धरने में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भागीदारी की और पानी की समस्या पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। ग्रामीणों का कहना है कि यह आंदोलन उनकी मजबूरी है क्योंकि प्रशासन और जलदाय विभाग को पहले ही ज्ञापन देकर चेतावनी दी गई थी। ज्ञापन में सात दिन की समय सीमा तय की गई थी, लेकिन समय सीमा बीत जाने के बावजूद कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई।

### ग्रामीणों की सात प्रमुख मांगें

1. गांव में नियमित जल सप्लाई सुनिश्चित की जाए एवं पाइप लाइन की लीकेज दूर की जाए।
2. गोविंदी पंप हाउस को बिसलपुर मेन पाइप लाइन से जोड़ा जाए।
3. जल सप्लाई सिस्टम पर ठेकेदार की मनमानी रोकी जाए।
4. गांव को डीआई पाइप लाइन से जोड़ा जाए।
5. तालाब, नाड़ी, बांध और कुओं की मरम्मत व रखरखाव किया जाए।
6. हैंडपंप और ट्यूबवेलों को सुचारू रूप से चलाया जाए।
7. बावड़ी और कुओं से जलापूर्ति बहाल की जाए।

### ग्रामीणों का रोष और चेतावनी

गांववासियों ने कहा कि पानी जैसी बुनियादी सुविधा के लिए उन्हें सड़कों पर उतरना पड़ रहा है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि अब भी प्रशासन ने गंभीरता नहीं दिखाई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### एकता का संदेश

धरने में शामिल लोगों ने कहा कि यह आंदोलन केवल पानी की लड़ाई नहीं बल्कि गांव की एकता और सामूहिक शक्ति का प्रतीक है। ग्रामीणों ने "सबका साथ, गांव का विकास, संगठन में ही शक्ति" का संदेश देते हुए स्पष्ट किया कि जब तक स्थायी समाधान नहीं होगा, संघर्ष जारी रहेगा।

## महाकाल मंदिर के गर्भगृह में आम भक्तों की एंट्री पर रोक कायम, हाईकोर्ट ने कलेक्टर को दिया अधिकार

जयपुर टाइम्स



**उज्जैन (निसं.)**महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में आम भक्तों को प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने सोमवार को दिए फैसले में स्पष्ट किया कि गर्भगृह में किसे प्रवेश देना है, यह तय करने का अधिकार उज्जैन कलेक्टर के पास रहेगा। कोर्ट ने कहा कि फिलहाल यथास्थिति बनी रहेगी और पुरानी व्यवस्था ही लागू रहेगी।

### हाईकोर्ट में सुनवाई

इंदौर निवासी वकील दर्पण अवस्थी ने 18 अगस्त को जनहित याचिका दायर कर आम श्रद्धालुओं को गर्भगृह में प्रवेश देने की मांग की थी। एडवोकेट चर्चित शास्त्री ने याचिका की पैरवी करते हुए कहा कि लाखों भक्त दूर-दराज से आते हैं, लेकिन उन्हें गर्भगृह में प्रवेश नहीं मिलता, जबकि प्रभावशाली और वीआईपी लोगों को विशेष अनुमति दे दी जाती है। यह व्यवस्था भेदभावपूर्ण है। गुरुवार को हुई सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था और सोमवार को निर्णय सुनाते हुए याचिकाकर्ता की मांग खारिज कर दी।

### कलेक्टर के विवेक पर निर्भर व्यवस्था

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि गर्भगृह में प्रवेश व्यवस्था कलेक्टर के विवेक पर आधारित रहेगी। जब तक नया आदेश नहीं आता, आम भक्त गर्भगृह में प्रवेश नहीं कर पाएंगे। केवल विशेष अनुमति प्राप्त लोगों को ही यह अधिकार दिया जाएगा। याचिकाकर्ता के वकील चर्चित शास्त्री ने कहा कि वे कोर्ट के आदेश की समीक्षा कराने के लिए रिव्यू पिटीशन दाखिल करेंगे। उन्होंने कहा कि यह मामला लाखों महाकाल भक्तों से जुड़ा है, इसलिए हम इसे दोबारा अदालत में रखेंगे। याचिका में प्रदेश सरकार, महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति, उज्जैन कलेक्टर और उज्जैन एसपी को पक्षकार बनाया गया था। कोर्ट के इस आदेश से फिलहाल आम श्रद्धालुओं को गर्भगृह में प्रवेश का इंतजार जारी रहेगा।

## मां के अपमान पर जयपुर शहर भाजपा का विशाल धरना

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** शहर भाजपा की ओर से मंगलवार को छोटी चौपड़ पर विशाल धरना आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माता के खिलाफ बोले गए अपशब्दों के विरोध में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, महिला मोर्चा की पदाधिकारी एवं नारी शक्ति एकजुट हुई। धरना तीन घंटे तक चला, जिसमें राहुल गांधी और तेजस्वी यादव का पुतला दहन किया गया तथा कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। जयपुर जिला अध्यक्ष अमित गोयल ने जोशीले संबोधन में कहा कि यह अपमान केवल प्रधानमंत्री की माता का नहीं, बल्कि पूरे देश की मातृशक्ति और भारतीय संस्कृति का अपमान है। उन्होंने कहा कि मां का अपमान कांग्रेस की पहचान बन चुका है। जब-जब मातृशक्ति का अपमान हुआ है, तब-तब क्रांति हुई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए भारत माता के जयकारे लगाए। धरने में जयपुर के विभिन्न कोनों से आई सैकड़ों महिलाओं ने "मां का अपमान कांग्रेस की पहचान" और "मां का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान" लिखी तख्तियों के साथ भागीदारी की। इस अवसर पर विधायक गोपाल शर्मा, बालमुकुंदाचार्य, चंद्रमोहन बंटवाड़ा, महापौर कुसुम यादव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी और अशोक परनामी, प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी, मंत्री अजीत माण्डन, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री जयश्री गर्ग सहित अनेक वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी वक्ताओं ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की घोर निंदा करते हुए अपशब्दों के खिलाफ सख्त आवाज बुलंद की।

## रविवार से प्रारम्भ होगें श्राद्ध, 07 से 21 सितंबर तक रहेगा पितृ पक्ष

**कोटपूतली (निसं.)**श्राद्ध पक्ष की शुरुआत रविवार 07 सितम्बर भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा से होगी एवं समाप्ति 21 सितम्बर रविवार सर्वपितृ अमावस्या को होगी। यह अवधि पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिये समर्पित होती है। हिंदू धर्म में पितृ पक्ष का अत्यंत महत्व माना गया है। यह 16 दिवसीय विशेष अवधि होती है, जिसमें पितरों की आत्मा की शांति के लिये तर्पण, पिंडदान और श्राद्ध कर्म किये जाते हैं। इस समय पितृ लोक से पितर धरती पर आते हैं और उनके लिये श्रद्धा भाव से किये गये कर्म उन्हें तृप्त करते हैं, इससे पितृ दोष की शांति होती है और परिवार में सुख, शांति एवं समृद्धि बनी रहती है। पितृ पक्ष 07 सितंबर रविवार से शुरू होने वाला हैं। पितृ पक्ष में लोग पितरों की आत्मा की शांति के लिये तर्पण, पिंडदान और अन्य धार्मिक अनुष्ठान करते हैं। लोग अपने पूर्वजों की तृप्ति के लिये भोजन और जल अर्पित करते हैं, ब्राह्मणों को भोजन कराते हैं, उन्हें दान-दक्षिणा देकर पितरों की आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हैं। यह भाद्रपद महीने के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा से लेकर आष्विन महीने के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि तक रहता है। इस बार पितृ पक्ष 07 से 21 सितंबर तक रहेगा। पितृ पक्ष के दौरान शुभ व मांगलिक कार्य जैसे कि शादी-विवाह, सगाई, गृह प्रवेश, मुंडन या नई चीजों की खरीदारी भी वर्जित होती है। इसमें केवल पितरों का श्राद्ध करने की परंपरा है, पितृ पक्ष में तिथि अनुसार ही पितरों का श्राद्ध किया जाता हैं।

श्राद्ध पक्ष की तिथियां :- भादो पूर्णिमा के पहले श्राद्ध से लेकर आखिरी सर्वपितृ अमावस्या तक श्राद्ध क्रमषः रविवार 07 सितंबर पूर्णिमा श्राद्ध, सोमवार 08 सितंबर प्रतिपदा श्राद्ध, मंगलवार 09 सितंबर द्वितीया श्राद्ध, बुधवार 10 सितंबर तृतीया श्राद्ध चतुर्थी श्राद्ध, गुरुवार 11 सितंबर पंचमी श्राद्ध महा भरणी, शुक्रवार 12 सितंबर षष्ठी श्राद्ध, शनिवार 13 सितंबर सप्तमी श्राद्ध, रविवार 14 सितंबर अष्टमी श्राद्ध, सोमवार 15 सितंबर नवमी श्राद्ध, मंगलवार 16 सितंबर दशमी श्राद्ध, बुधवार 17 सितंबर एकादशी श्राद्ध, गुरुवार 18 सितंबर द्वादशी श्राद्ध, शुक्रवार 19 सितंबर त्रयोदशी श्राद्ध मघा श्राद्ध, शनिवार 20 सितंबर चतुर्दशी श्राद्ध, रविवार 21 सितंबर सर्व पितृ अमावस्या श्राद्ध रहेगें।

श्राद्ध पक्ष के नियम :- प्रतिदिन स्नान के बाद दक्षिण दिशा की ओर मुख करके जल में काला तिल डालकर तर्पण करें। श्राद्ध के दिन पितृ शांति के लिये ब्राह्मण को घर आमंत्रित कर भोजन करवाया जाता हैं। श्राद्ध के बाद जरूरतमंदों को दान देवें। 15 दिनों तक सात्विक भोजन ग्रहण करें; प्याज, लहसुन व मांसाहार से परहेज करें। घर और मन को पवित्र एवं शांत रखें। श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान विधिपूर्वक करें, ताकि पितरों की आत्मा को शांति व मोक्ष मिले। ग्रहण के दिन विशेष सावधानियां और नियमों का पालन करना चाहिये। श्राद्ध पक्ष में नियमों का पालन धार्मिक और पारंपरिक दृष्टि से आवश्यक माना जाता है। इससे पितरों का आशीर्वाद और सुख-समृद्धि प्राप्त होती है।

## डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा बोले- "समाज का भला कर सकूं, इसलिए मिले 4 विभाग"

**दौसा(निसं.)** राजस्थान के डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उन्हें 4 विभागों की जिम्मेदारी सौंपी है ताकि वे समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक योजनाएं पहुंचा सकें। उन्होंने कहा कि आज से पहले किसी एससी-एसटी मंत्री को इतने विभाग नहीं दिए गए होंगे। बैरवा मंगलवार को दौसा के निहालपुरा स्थित बाबा रामदेव मंदिर में आयोजित 2 दिवसीय लक्खी मेले के समापन समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा, "मेरे समाज का कोई भी व्यक्ति मुझसे काम करवाना चाहे तो मेरे घर आए। मैं आपका बेटा और भाई हूं। मेरा घर हमेशा खुला है। मैं औकात से ज्यादा देने की कोशिश करूंगा।" डिप्टी सीएम ने कहा कि हमारा समाज मेहनत-मजदूरी करने वाला है, चोरी-डकैती से दूर रहता है। उन्होंने अपील की कि समाज के लोग आपसी समरसता बनाए रखें। उन्होंने कहा कि शिक्षा और संस्कार के जरिए ही बच्चों का भविष्य संवर सकता है। "जरूरतमंद और होनहार बच्चों को मेरे पास लेकर आओ, मैं हर संभव सहायता करूंगा।" समारोह में सिकराय विधायक विक्रम बंशीवाल और मंदिर समिति के अध्यक्ष शिवचरण मेहरा ने बैरवा को साफा पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## बेटी प्रीमियर लीग की ट्रॉफी लॉन्च, 13-14 सितंबर को जयपुरिया ग्राउंड में होगा आयोजन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान को खेल के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बेटी प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को होटल श्री रेजिडेंसी, धूलेश्वर गार्डन में इसकी ट्रॉफी और टीमों की जर्सी का अनावरण किया गया।

### ट्रॉफी और जर्सी लॉन्चिंग

ट्रॉफी का अनावरण राइसा इवेंट्स के डायरेक्टर रमेश सारडा, अमित बोकाडिया और आरआर केबल के जीएम अजय कुमार ने किया। इस मौके पर आठों टीमों की जर्सी भी लॉन्च की गई। कार्यक्रम में क्रिकेट कोच एस.एस. भाटी, अभिषेक चौधरी, पंकज बागड़ी, लाल अंकुर शर्मा, एन.आर. गोरा, रफीक जोया, नंदकिशोर भिंडा और निरुपमा भिंडा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### 8 टीमें लेंगी हिस्सा

आयोजक रमेश सारडा और अमित बोकाडिया ने बताया कि यह टूर्नामेंट 13 और 14 सितंबर को जयपुरिया क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित होगा। इसमें कुल 8 टीमें हिस्सा लेंगी। इन टीमों के नाम समाज में बेटियों के महत्व को दर्शाने वाले हैं–शिक्षा, संस्कार, सम्मान, समानता, स्वाभिमान, बेटी, सुरक्षा और सिंदूर।

### बेटियों के लिए विशेष पहल

इस लीग की खासियत यह है कि इसमें क्रिकेट खेलने की इच्छुक कोई भी बेटी निशुल्क भाग ले सकती है। आयोजकों का कहना है कि इस पहल से बेटियों को न सिर्फ खेल में अवसर मिलेगा, बल्कि समाज में उनके महत्व और अधिकारों को लेकर सकारात्मक संदेश भी जाएगा।

### संदेश और उद्देश्य

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। क्रिकेट जैसे खेलों में भी उन्हें बराबरी का मौका मिलना चाहिए। "बेटी प्रीमियर लीग" इसी दिशा में एक कदम है, जो खेल के साथ-साथ समाज में जागरूकता फैलाने का काम करेगी। जयपुरिया ग्राउंड में होने वाले इस आयोजन को लेकर बेटियों और अभिभावकों में उत्साह है।

**OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT SINODIYA PANCHAYAT SAMITI SAMBHAR LAKE (JAIPUR)**

2025-26/SINODIYA/181-1/126 DATE 01-09-2025

**INVITATION OF TENDER YEAR 03/2025-26**

On behalf of Governor of Rajasthan invites open tender from eligible contractor for ONE CONSTRUCTION / ELECTRICAL WORK AT GP SINODIYA estimated total cost of work is Rs. 8.00 Lakhs.

Details available on www.sppp.rajasthan.gov.in and

www.eproc.rajasthan.gov.in
UBIN No. ZJP2526WSOB01502
TENDER ID - 2025_PRD_ 498614_1

**Sarpanch**
**GP SINODIYA**

**VILLAGE DEVELOPMENT OFFICER**
**GP SINODIYA**

# ट्रम्प ने पाकिस्तान पर मेहरबानी फैमिली बिजनेस के लिए की: पूर्व अमेरिकी NSA

जयपुर टाइम्स

**वॉशिंगटन डीसी(एजेंसी.)।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सुलिवन का कहना है कि ट्रम्प ने पाकिस्तान को खुश करने के पीछे देशहित नहीं, बल्कि अपने निजी और फैमिली बिजनेस के फायदे को प्राथमिकता दी।

## भारत-अमेरिका रिश्तों पर असर

सुलिवन ने सोमवार को एक यूट्यूब इंटरव्यू में कहा कि ट्रम्प के इस रुख की वजह से भारत और अमेरिका के रिश्तों को नुकसान पहुंचा। उन्होंने दावा किया कि ट्रम्प ने पाकिस्तान से व्यापारिक संबंध और व्यक्तिगत लाभ पाने के लिए भारत से दूरी



बनाई। इसके चलते अमेरिका को अपनी रणनीतिक विदेश नीति में हानि उठानी पड़ी।

## निजी फायदे के लिए विदेश नीति?

पूर्व ह्ळ्र ने कहा कि ट्रम्प ने खुद को मध्यस्थ दिखाने और भारत-पाकिस्तान संघर्ष रोकने का दावा किया। लेकिन असलियत में इसका कोई ठोस परिणाम नहीं निकला। उन्होंने कहा कि ट्रम्प ने यह सब अपने निजी फायदे और राजनीतिक छवि सुधारने के लिए किया।

## पाकिस्तान और सेना प्रमुख को खुश करने का आरोप

सुलिवन का आरोप है कि ट्रम्प ने पाकिस्तान और उसके सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर को खुश करने के लिए अमेरिकी विदेश नीति की धारा से अलग रास्ता अपनाया। जबकि अमेरिका की पारंपरिक नीति हमेशा भारत के साथ मजबूत संबंध बनाने की रही है, क्योंकि इससे अमेरिका को आर्थिक और रणनीतिक फायदा मिलता है।

## सुलिवन की चेतावनी

पूर्व NSA ने चेतावनी दी कि ट्रम्प की इस सोच का खामियाजा पूरे अमेरिका को भुगतना होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे फैसले न सिर्फ एशिया में बल्कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इस बयान से अमेरिकी राजनीति में हलचल तेज हो गई है। ट्रम्प पहले से ही कई विवादों और चुनावी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, ऐसे में यह आरोप उनकी मुश्किलें और बढ़ा सकते हैं।

# अज्ञात शव का करवाया अंतिम संस्कार

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** खानपुर रेलवे ट्रेक पर ट्रैन से आत्महत्या करने वाले व्यक्ति के शव की शिनाख्त काफी कोशिश के बावजूद भी 9 वें दिन तक भी नहीं होने पर सुजानगढ़ अस्पताल की मोर्चरी में रखे शव का मंगलवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। लाडनू पुलिस थाना के हेड कांस्टेबल अनिल कुमार ने शव का पोस्टमार्टम करवाया और टीम हारे का सहारा द्वारा अंतिम संस्कार करा दिया गया। संयोजक श्याम स्वर्णकार के नेतृत्व में एम्बुलेंस चालक नवरत्न बिजारणिया, अरविन्द विश्वेन्द्रा, विक्रम सामरिया, अंकित सामरिया, सुनील सामरिया द्वारा दुलिया स्थित शमशान मे हिन्दू रीति रिवाज से अंतिम संस्कार कर दिया गया। आपको बता दें कि टीम हारे का सहारा द्वारा सुजानगढ़ और लाडनू मे पिछले काफी समय मे 60 से भी ज्यादा अंतिम संस्कार विधि विधान से कराये जा चुके हैं।

# जलभराव से लोगों का जीना मुहाल



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के नाथोतालाब एरिया में शिवबाड़ी रोड़ के आस-पास के मोहल्लों में बरसाती पानी भरा हुआ है। पानी की निकासी नहीं होने से लोग आक्रोश के साथ-साथ दुखी भी हैं। पार्षद प्रतिनिधि राकेश प्रजापत ने बताया कि पिछले नौ दिनों से लोग पानी में बैठे हैं, पानी निकासी के साधन र्प्याप्त नहीं पड़ रहे। ऐसे में लोगों के सामने यह संकट है कि उनके घर उनको अब कच्चे लगने लगे हैं। बबलू बजरंगी ने बताया कि श्मसान घाट जाने वाली गली, जाजोदिया स्कूल के पीछे की गली, हरीराम बाबा के मंदिर तक पानी भरा हुआ है। दूसरी ओर फतेहपुरिया अस्पताल के आस-पास, जाजोदिया स्कूल, गर्ल्स कॉलेज, पशु हॉस्पीटल, ठरड़ा रोड़ पूरी तरह से पानी से भरे पड़े हैं, जिसके कारण लोगों को काफी दिक्क्तों का सामना करना पड़ रहा है।

# जयपुर में बारिश के बाद जर्जर मकान ढहा, पड़ोसी घरों को खतरा



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** राजधानी जयपुर में सोमवार रात हुई तेज बारिश ने फिर से खतरा बढ़ा दिया। घाटगेट स्थित कब्रिस्तान गेट नंबर 3 के पास एक जर्जर मकान अचानक ढह गया। हादसा रात करीब 10 बजे हुआ। गनीमत यह रही कि मकान खाली था और उस समय वहां कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ी जनहानि टल गई। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस मकान में किराएदार रहते थे, लेकिन दीवारों में दरारें और जर्जर हालत के चलते वे पहले ही घर खाली कर चुके थे। बारिश के बाद मकान का पिछला हिस्सा और दीवार पूरी तरह से ढह गई। हादसे के मलबे से आसपास के मकानों को भी नुकसान का खतरा पैदा हो गया है। लोगों का कहना है कि कब्रिस्तान की दीवार से सटे कई मकान वर्षों पुराने हैं और इनमें गहरी दरारें आ चुकी हैं। मकान गिरने से पड़ोसी घरों में रहने वाले परिवारों की जान और संपत्ति पर खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि रात 10 बजे हादसा होने के बावजूद मंगलवार दोपहर तक प्रशासन का कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो किसी भी वक्त बड़ा हादसा हो सकता है। फिलहाल इलाके में दहशत का माहौल है और लोग प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# राजस्थान में मानसून ने तोड़े रिकॉर्ड, आधे बांध भरे, 5 जिलों में बाढ़ जैसे हालात

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** राजस्थान में इस बार मानसून ने 125 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। जून से अगस्त तक तीनों महीनों में औसत से ज्यादा बारिश हुई। नतीजा यह रहा कि राज्य के आधे से ज्यादा बांध लबालब हो गए और रेगिस्तान की सूखी पड़ी लूणी नदी में भी पानी बहने लगा। रिपोर्ट के मुताबिक, मौजूदा मानसून सीजन 1901 से 2024 तक के टॉप-10 सीजन में सातवें नंबर पर दर्ज हुआ है। बारिश का यही सिलसिला जारी रहा तो यह सीजन तीसरे नंबर तक पहुंच सकता है। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार, 1 से 31 अगस्त के बीच 184 मिमी बारिश हुई, जो औसत 155.8 मिमी से 18' ज्यादा है। अगस्त की शुरुआत में तीन सप्ताह तक मानसून कमजोर रहा, लेकिन 20 अगस्त के बाद इसका असर तेज हुआ और अब तक बरकरार है। बूंदी, कोटा, सवाई माधोपुर, टोंक और पाली जिलों में अगस्त के अंतिम दिनों में मूसलधार बारिश से बाढ़ जैसे हालात बन गए। बूंदी के नैनवां में एक ही दिन में 503 मिमी बारिश दर्ज हुई। कई गांव जलमग्न हो गए और सड़कें दरिया बन गईं। पाली जिले में बाली के नाणा थाना क्षेत्र में एक तूफान गाड़ी पुल पर बह गई थी, हालांकि गाड़ी में सवार 6 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया। 11 साल में सातवीं बार रेगिस्तान की लूणी नदी में पानी आया है। यह मानसून की तीव्रता को दर्शाता है। राजसमंद, झालावाड़, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, अजमेर, अलवर, बांसवाड़ा, झुंझुनूं, प्रतापगढ़, सिरोही और बाड़मेर ऐसे जिले रहे, जहां औसत से कम बरसात दर्ज हुई। कुल मिलाकर, राजस्थान में इस बार मानसून ने एक तरफ जलस्रोतों को भर दिया, वहीं कई इलाकों में तबाही भी मचाई।

# जल निकासी के कार्य को दी जा रही है गति: सांसद राहुल कस्वां



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर में मंगलवार का दिन राहत भरा रहा। सारे दिन बारिश नहीं होने से लोगों ने राहत की सांस ली। चूरू जिला सांसद राहुल कस्वा ने जलभराव की स्थिति के मध्यनजर फिर से जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सांसद राहुल कस्वा ने बताया कि जल निकासी के संसाधनों को बढ़ाया गया है। नोहर से कॉन्ट्रेक्टर बुलाकर उच्च क्षमता के जल निकासी पंप सैट लगवाए गए हैं। इस हेतु चापटिया तलाई के पास से प्रगति नगर होते हुए करीब 15 सौ मीटर की नई पाईन लाईन डाली जा रही है। करीब 9 ईंच मोटी पाईप लाईन के शुरू होने के साथ ही प्रति घंटे करीब 2 लाख लीटर तक का पानी लिफ्ट किया जा सकेगा। सांसद ने बताया कि अगर बारिश नहीं होती है, तो 48 घंटों में स्थिति में बदलाव आयेगा। सांसद ने बताया कि इस आपदा से निकलने के साथ ही इसका स्थायी समाधान करने के लिए अधिकारियों और स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ बैठकर काम करूंगा और समस्या का समाधान करने का प्रयास करेंगे। इस दौरान विधायक मनोज मेघवाल, सभापति नीलोफर गौरी, मोहम्मद इदरीश गौरी, उप सभापति अमित मारोठिया, विजयपाल चाहर, अमजद खान, मदनलाल भारी आदि लोग मौजूद रहे।

# जयपुर में रेलवे अधिकारी ब्लैकमेल मामला

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** राजधानी जयपुर में रेलवे अधिकारी को ब्लैकमेल कर लाखों रुपए ऐंठने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि एक महिला वकील ने सगाई कर अधिकारी को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी और 20 लाख रुपए हड़प लिए। इस मामले में करधनी थाने में एफआईआर दर्ज हुई है। वहीं, महिला वकील ने भी अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए क्रॉस एफआईआर दर्ज कराई है।



## तलाक केस से शुरू हुआ रिश्ता

पीड़ित अधिकारी का पत्नी से तलाक का मुकदमा कोर्ट में लंबित है। जनवरी 2024 में रिश्तेदार के जरिए महिला वकील से परिचय हुआ। वकील ने छह महीने में केस निपटाने का भरोसा दिलाया और अप्रैल 2024 में मिलने पर शादी का प्रस्ताव रख दिया। तलाक पूरा होने पर विवाह का आश्वासन देकर सगाई कर ली।

## 17.50 लाख का लोन, 2 लाख कैश भी लिए

अधिकारी का आरोप है कि सगाई के बाद वकील ने इमोशनल ब्लैकमेल कर रुपए लेना शुरू किया। जयपुर ट्रांसफर के नाम पर 2 लाख रुपए कैश लिए। खुद को जिम्मेदारी बताकर फ्लैट खरीदने के नाम पर लोन दिलवाकर 17.50 लाख रुपए भी ऐंठ लिए। कुल मिलाकर 20 लाख रुपए ले लिए। मई 2025 में महिला ने शादी से इंकार कर झूठे केस में फंसाने की धमकी दी।

## महिला वकील के पलटवार आरोप

महिला वकील ने अपने पक्ष में कहा कि उसे तलाकशुदा बताकर अधिकारी ने धोखा दिया। सगाई के बाद पता चला कि केस अभी कोर्ट में लंबित है। सगाई तोड़ने पर अधिकारी ने दबाव डाला और फीस लेने के नाम पर संबंध बनाए। वकील का आरोप है कि बीमारी के दौरान नशे की हालत का फायदा उठाकर रेप किया गया। प्रेग्नेंसी होने पर धोखे से दवा देकर गर्भपात करवा दिया। इसके बाद आत्महत्या की धमकियां दी जाने लगीं।

## पुलिस जांच जारी

एएसआई प्रहलाद सिंह ने बताया कि करधनी थाने में दोनों पक्षों की ओर से एफआईआर दर्ज कराई गई है। जांच स॥ह सवाई सिंह कर रहे हैं। पुलिस दोनों पक्षों के आरोप-प्रत्यारोप की गहनता से पड़ताल कर रही है।

# पंजाब में आप विधायक हिरासत से फिल्मी स्टाइल में फरार

जयपुर टाइम्स

**पटियाला(निसं.)** पंजाब की सन्नौर विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा पुलिस हिरासत से फिल्मी अंदाज में फरार हो गए। मंगलवार सुबह उन्हें हरियाणा के करनाल जिले के डाबरी गांव से रेप केस में हिरासत में लिया गया था।

**फायरिंग और पुलिसकर्मी घायल**

पुलिस टीम जब उन्हें पटियाला ला रही थी, तभी रास्ते में पठानमाजरा और उनके साथियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। आरोप है कि विधायक की गाड़ी ने पुलिसकर्मी को कुचलने की कोशिश भी की, जिसमें एक जवान घायल हो गया। इसके बाद विधायक अपने साथियों के साथ फरार हो गए।

**फॉर्च्यूनर बरामद, हथियार मिले**

विधायक और उनके सहयोगी एक स्कॉर्पियो और एक फॉर्च्यूनर में सवार होकर भागे। पुलिस ने पीछा कर फॉर्च्यूनर बरामद कर ली और उसमें सवार एक युवक को गिरफ्तार किया। तलाशी में गाड़ी से 3 पिस्टल भी बरामद हुईं। फिलहाल पुलिस स्कॉर्पियो में फरार विधायक की तलाश कर रही है।

**गिरफ्तारी से पहले जारी किया वीडियो**

हिरासत में लिए जाने से पहले पठानमाजरा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया था। उन्होंने दावा किया कि उनकी पूर्व पत्नी से जुड़े एक पुराने मामले में IPC की धारा 376 (रेप) के तहत केस दर्ज किया गया है। उनका आरोप है कि दिल्ली की AAP टीम पंजाब पर हावी होना चाहती है और उनकी आवाज दबाई जा रही है।

**विवादों से पुराना नाता**

विधायक पठानमाजरा पहले भी विवादों में रहे हैं। 2022 में उनकी दूसरी पत्नी ने उन पर पहली शादी छिपाने और मारपीट का आरोप लगाया था। इसके अलावा एक कथित अश्लील वीडियो वायरल होने के बाद भी वे सुर्खियों में आए थे। पंजाब पुलिस ने फरार विधायक की तलाश तेज कर दी है। मामला राजनीतिक और कानूनी दोनों स्तरों पर गरमाने लगा है।

# अफगानिस्तान में फिर भूकंप, 1400 से ज्यादा मौतें

जयपुर टाइम्स


**काबुल** अफगानिस्तान में एक बार फिर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। मंगलवार को देश के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। इससे पहले रविवार रात जलालाबाद में 6.0 तीव्रता का भूकंप दर्ज हुआ था। लगातार आए इन झटकों ने तबाही और बढ़ा दी है।

**अब तक 1411 मौतें, 3250 घायल**

न्यूज एजेंसी एपी के अनुसार, अब तक 1411 लोगों की मौत हो चुकी है और 3250 से ज्यादा लोग घायल हैं। रविवार रात आए भूकंप के वक्त अधिकांश लोग सो रहे थे। इस कारण कई लोग इमारतों और मकानों के मलबे में दब गए। राहत और बचाव दल लगातार मलबा हटाने और फंसे लोगों को निकालने में जुटे हैं।

**तालिबान सरकार ने मांगी मदद**

तालिबान सरकार ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आपदा राहत के लिए मदद की अपील की है। देश के कई हिस्सों में सैकड़ों घर ढह गए हैं। तालिबान ने कहा है कि प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल चिकित्सा सहायता, भोजन और आश्रय की जरूरत है।



**भारत ने भेजी राहत सामग्री**

भारत ने अफगानिस्तान की मदद के लिए पहल की है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बताया कि भारत ने काबुल भेजे गए 1000 टेंट और 15 टन खाद्य सामग्री कुनार प्रांत में पहुंचा दी है। उन्होंने कहा कि भारत आगे भी मानवीय सहायता जारी रखेगा। 2021 में तालिबान सरकार बनने के बाद से अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने अफगानिस्तान को मिलने वाली मदद में कटौती कर दी थी। मौजूदा आपदा ने वहां की मानवीय स्थिति को और गंभीर बना दिया है।

# राजमार्ग पर लेन सिस्टम से दुर्घटनाओं में आयेगी कमी :- एसपी

## हाईवे पर लेन मैनेजमेंट व यातायात सुधार विषय पर परिचर्चा का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** स्थानीय आकाशवाणी स्टूडियो में हाईवे पर लेन मैनेजमेंट व यातायात सुधार विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार बिश्नोई ने कहा कि जिले में प्रथम चरण में हाईवे पर लेन सिस्टम लागू किया जा रहा है। इसके लिये पुलिस प्रशासन द्वारा ना केवल जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, बल्कि जिले के ट्रांसपोर्टर्स, स्कूल, परिवहन विभाग सहित विभिन्न संस्थाओं के साथ बैठकें कर हाईवे पर सुरक्षित यात्रा व लेन सिस्टम के बारे में समझाया जा रहा है। एसपी बिष्नोई से आकाशवाणी स्टूडियो में उद्घोषक विकास वर्मा व कार्यक्रम अधिकारी दिनेश पटवा ने लेन मैनेजमेंट पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार बिश्नोई ने हाईवे पर होने वाली दुर्घटनाओं के विभिन्न कारणों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही हाल ही में लागू किये जा रहे लेन सिस्टम के तहत किये जा रहे कार्यों के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी दिनेश पटवा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार बिश्नोई से साक्षात्कार कार्यक्रम का प्रसारण कोटपूतली डायरी कार्यक्रम के तहत बुधवार 03 सितंबर को आकाशवाणी कोटपूतली स्टूडियो से किया जायेगा। इसे आकाशवाणी के एफएम बैंड 101.9 मेगाहर्ट्ज पर सुना जा सकेगा। साक्षात्कार कार्यक्रम रिकॉर्डिंग के दौरान केंद्र प्रभारी राजेंद्र सिंह तंवर, कार्यक्रम प्रभारी दिनेश पटवा, टेक्नीशियन आरपी मीणा, मनोहर मीणा, कार्यक्रम उद्घोषक विकास वर्मा, मानसी जिंदल, पूजा सिंह, अमरजीत सिंह, रवि सिंह, हिमांशु राणावत व विक्रम सिंह, रविंद्र सिंह सहित आकाशवाणी स्टॉफ मौजूद रहा।

# हाईकोर्ट ने कहा- डिक्री सिर्फ कब्जा नहीं, स्वामित्व दस्तावेज भी जरूरी

जयपुर टाइम्स

**जोधपुर(निसं.)** राजस्थान हाईकोर्ट ने संपत्ति विवाद से जुड़े एक अहम मामले में स्पष्ट किया है कि डिक्री को केवल कब्जा देकर पूरा नहीं माना जा सकता। अदालत ने कहा कि डिक्री केवल दीवार पर टांगने वाला शोपीस या कागज का टुकड़ा नहीं है, इसका वास्तविक लाभ तभी मिलेगा जब डिक्री धारक को संपत्ति का वैध स्वामित्व दस्तावेज (रजिस्ट्री) भी मिले।

**भीलवाड़ा की पूजा का मामला**

यह फैसला जस्टिस फरजंद अली की अदालत ने पूजा बनाम महेंद्र सिंह मामले में सुनाया। गंगापुर निवासी पूजा ने अपनी पैतृक संपत्ति में हिस्सेदारी के लिए मुकदमा दायर किया था। 17 अगस्त 2022 को समझौते के आधार पर उन्हें भूतल की दुकान नंबर 3 देने पर सहमति बनी थी। इसमें यह भी दर्ज था कि उन्हें अलग पट्टा दिलाने और गिफ्ट डीड बनाने में पिता व भाई सहयोग करेंगे। कब्जा मिला, हक अधूरा समझौते के बाद ट्रायल कोर्ट ने पूजा के पक्ष में फैसला दिया और 25 जुलाई 2023 को उन्हें दुकान का कब्जा भी मिल गया। लेकिन दस्तावेज न मिलने के कारण वे न तो दुकान बेच सकीं, न कॉन्ट्रैक्ट कर सकीं और न ही लोन ले सकीं। इसके चलते उन्होंने एक्जीक्यूशन पिटिशन और धारा 151 में आवेदन देकर अदालत से गिफ्ट डीड बनाने का निर्देश देने का आग्रह किया।

**हाईकोर्ट का फैसला**

हाईकोर्ट ने कहा कि डिक्री को केवल कब्जा देकर अधूरा नहीं छोड़ा जा सकता। यदि दस्तावेज न मिले तो डिक्री का मकसद विफल हो जाता है। अदालत ने स्पष्ट किया कि पूजा को दुकान का मालिकाना हक सुनिश्चित करने के लिए गिफ्ट डीड या अन्य वैध स्वामित्व दस्तावेज बनाना जरूरी है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
3 सितम्बर, 2025


## रतनगढ़ में सेवानिवृत्त शिक्षक से एक लाख रुपए की चोरी



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ(निसं.)।** पशुधन खरीदने के लिए बैंक से रुपए निकालकर ला रहे सेवानिवृत्त शिक्षक के एक लाख रुपए मंगलवार को दो युवकों ने चोरी कर लिए। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया और आसपास के लोग एकत्रित हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार तहसील के गांव भूखरेड़ी निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक गोपाल महिया भैंस खरीदने के लिए एसबीआई बैंक से एक लाख रुपए नकद लेकर आए थे। बैंक से रुपए निकालने के बाद वे बाइक से गांव लौट रहे थे। रास्ते में सरकणा शक्ति मंदिर से पहले उन्होंने अपनी बाइक एक सर्विस सेंटर पर रोकी और वहां मौजूद मिस्त्री से बातचीत करने लगे। इसी दौरान उन्होंने रुपयों से भरा थैला वर्कशॉप में एक टेबल पर रख दिया। तभी एक बाइक पर सवार होकर आए दो युवक मौके का फायदा उठाते हुए थैले को काटकर नकदी निकाल ले गए। शिक्षक को जब घटना का पता चला तो उन्होंने तुरंत वर्कशॉप पर लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की और पुलिस को सूचना दी। समाचार लिखे जाने तक पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर युवकों की तलाश में जुटी हुई थी। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है और लोग बैंक से बड़ी राशि निकालते समय सतर्कता बरतने की सलाह दे रहे हैं।

## रतनगढ़ में बिना सूचना तीन घंटे से अधिक बिजली गुल, उपभोक्ता परेशान

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)।** सरदारशहर बाईपास रोड स्थित गोशाला जीएसएस में मंगलवार को मेंटिनेंस कार्य के चलते बिना पूर्व सूचना बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। तीन घंटे से अधिक समय तक चली कटौती से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार इस जीएसएस से गुंसाईधोरा, शिवबाड़ी, वाल्मीकि बस्ती, धानुका कुआं, हरिदास की ढाणी, गोशाला कॉलोनी और जाट कॉलोनी सहित शहर के एक चौथाई हिस्से में बिजली आपूर्ति होती है। बिजली गुल रहने से हजारों उपभोक्ता प्रभावित हुए और अधिकांश क्षेत्रों में शाम को होने वाली पेयजल आपूर्ति भी बाधित रही। डिस्कॉम के जेईएन राकेश जोशी ने बताया कि एक फीडर को अलग करने और नया ट्रांसफार्मर लगाने के लिए बिजली आपूर्ति बंद की गई थी। उन्होंने यह भी कहा कि ठेकेदार और आवश्यक सामग्री की उपलब्धता के चलते मंगलवार को ही यह कार्य किया गया। हालांकि उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि मेंटिनेंस कार्य प्रस्तावित था तो पहले से सूचना दी जानी चाहिए थी, ताकि लोग अपनी आवश्यक तैयारियां कर सकें। शिवबाड़ी और वाल्मीकि बस्ती में दोपहर से ही बिजली गुल रही, जबकि गोशाला क्षेत्र में सुबह से ही बिजली की आवाजाही बनी रही। शाम करीब चार बजे धानुका फीडर की आपूर्ति भी बंद कर दी गई, जो समाचार लिखे जाने तक बहाल नहीं हो सकी। बिजली बहाली में देरी से उपभोक्ताओं का आक्रोश और असुविधा दोनों बढ़ते रहे।

## लोकदेवता बाबा रामदेव का भरा मेला

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** निकटवर्ती ठरड़ा स्थित प्रसिद्ध लोकदेवता बाबा रामदेव मन्दिर में मंगलवार को भादवा के मेले का आयोजन हुआ। मेले में चूरू व नागौर जिले के पचास हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पहुंचकर धोक लगाई। मन्दिर की बाबा रामदेव सेवा समिति के व्यवस्थापक ताराचंद स्वामी ने बताया कि इस बार सुजानगढ़ के नाथो तालाब वाले मुख्य रास्ते पर पानी भरा होने के बावजूद लोग सालासर बाईपास, एनएच 58 और होली धोरा के रास्ते मन्दिर पहुंचे। इस दौरान बोथरा परिवार की ओर से मेले में 24 घंटे का भंडारा लगाया गया। इससे पहले सोमवार की रात मंदिर परिसर में जागरण का आयोजन किया गया। बाबा रामदेव सेवा समिति अध्यक्ष अमर सिंह राठौड़, कोषाध्यक्ष प्रेम सिंह राठौड़, कालूराम मेघवाल, अशोक सोनी सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने मेले की व्यवस्थाएं संभाली।

## कब्रिस्तान की दीवार बचाने के लिए डलवाई रेत



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के होली धोरा स्थित कब्रिस्तान में काफी पानी भर गया, जिसके बाद होली धोरा के लोगों ने ठरड़ा रोड़ पर स्थित कब्रिस्तान की दीवार को बचाने के लिए प्रयास शुरू कर दिया। मनवर खां ताजनाण ने बताया कि ठरड़ा रोड़ पानी से लबालब है और कब्रिस्तान से पानी की निकासी के लिए कोई व्यवस्था प्रशासन ने नहीं की। जिसके चलते माहेल्ले के लोगों ने ही युवाओं की टीम बनाकर मौके पर पीटीओ मंगवाकर कब्रिस्तान से पानी की निकासी शुरू करवाई है। दूसरी ओर दीवार के सहारे-सहारे रेत की भर्ती का कार्य भी किया जा रहा है, ताकि दीवार नहीं गिर जावे। लोगों ने बताया कि कब्रिस्तानों और श्मसानों के पानी निकासी के प्रति प्रशासन गंभीर नहीं है, जबकि मोहल्लों में भी पानी निकासी के लेकर कोई खास परिणााम अब तक सामने नहीं आया है। पार्षद लियाकत अली ने कहा कि प्रशासन को सभी तरफ ध्यान देना चाहिए। इस कार्य में मनवर खां ताजनाण, मोहम्मद अली खां मुजादखानी, मजीद धोलिया, शाहिद खान, नूर मोहम्मद खान, जावेद खान, अरबाज भायो ताजनान, नदीम ताजनान, तनवीर, इरफान ताजनान, समीर ताजनान, मौसिम हासमखानी, सोमिल ताजनन, जाहिद भानू, अरमान ताजनान, सोयब ताजनन, इरफान नाना, अरबाज ताजनान, इरफान ताजनान, अयान ताजनान, मुख्तियार खान पहाड़ीयान आदि सहयोग कर रहे हैं।

# जगह-जगह भरा तेजाजी महाराज का मेला



दांतारामगढ़।



अजीतगढ़.



रींगस।



सरदारशहर।



सरदारशहर।

जयपुर टाइम्स

**दांतारामगढ़।** वीर तेजाजी महाराज की पदयात्रा मंगलवार को दांता ज्ञानदासपुरा से आडा गेला चितावा के लिए पदयात्रा गणमान्यजनों के सानिध्य में यात्रा को रवाना किया गया द्य भक्तजनों ने बताया की क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि बनी रहें इसके लिए हर्षोल्लास से निशान ध्वज लेकर श्रृद्धालु रवाना हुए। पदयात्रियों का कस्बे वासियों ने स्वागत किया। पदयात्रा में दांता कस्बे की आसपास की ढाणियों के काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

**अजीतगढ़.** कस्बे में मंगलवार की सुबह तेजा जयंती पर तेजाजी महाराज की विशाल शोभा यात्रा निकाली गई जिस कारण शोभा यात्रा पर करीब एक दर्जन स्थानों पर जेसीबी द्वारा पुष्प बरसात की गई। जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह कस्बे के मडुस्या सड़क मार्ग पर स्थित साईबाबा मंदिर परिसर से कस्बे के वीर तेजा सेवा संस्थान के तत्वाधान में वीर तेजा जयंती पर तेजाजी महाराज की विशाल शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ रवाना हुई, शोभा यात्रा में भारी संख्या में हाथों में तेजाजी महाराज का ध्वज लिए महिलाएं एवं पुरुष तेजाजी महाराज के जयकारे लगाते लगाते हुए नाचते शोभायात्रा में जा रहे थे। जानकारी के अनुसार करीब एक दर्जन स्थानों पर शोभा यात्रा पर चार जेसीबीयो द्वारा जगह-जगह पुष्प बरसात की गई। जानकारी के अनुसार दूसरी तेजाजी महाराज की शोभायात्रा कुसुमपुरा के तेजाजी महाराज के मंदिर से रवाना होकर चोमू सड़क मार्ग होती हुई मोदी मीनार के पास पहुंची जहां पर दोनों शोभा यात्राओं पर पुष्प बरसात की गई उसके बाद दोनों शोभा यात्रा करीब डेढ़ किलोमीटर दूर बाजार होती हुई कुसुमपुरा मोहल्ले के तेजाजी महाराज के मंदिर में संपन्न हुई जहां करीब 1100 निशान तेजाजी महाराज के मंदिर में शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए। लोगों का कहना है कि अजीतगढ़ के इतिहास में पहली बार इतनी विशाल तेजाजी की शोभायात्रा निकाली गई है। शोभा यात्रा के कारण अजीतगढ़ कस्बे में स्थित शाहपुरा सड़क मार्ग एवं बाजार क्षेत्र आम रास्ता करीब 2 घंटे तक बाधित रहा। इस दौरान शाहपुरा सड़क मार्ग पर वाहनों की लंबी-लंबी लाइन लग गई शोभा यात्रा जाने के बाद पुलिस को यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी मेहनत करनी पड़ी। इस अवसर पर सुरक्षा की दृष्टि से अजीतगढ़ पुलिस का भारी जाप्ता उपस्थित था इस अवसर पर युवा जाट नेता अजीत सिंह चौधरी, बंटी पलशानियां, प्रकाश मोगा, सुनील नटवाड़िया, मक्खन बोबास्या, मुकेश गुर्जर, राम सिंह गुर्जर, मुरारी पलसानिया, अजय टोकस, संजू बोबास्या, सुरेंद्र बोबास्या, मोहन गोरा समेत सैकड़ो की संख्या में तेजा श्रद्धालु उपस्थित थे। जानकारी के अनुसार अजीतगढ़ समेत क्षेत्र के गांवो में मंगलवार को तेजा जयंती पर तेजाजी के मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया एवं अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**रींगस।** कस्बे के वार्ड संख्या 18 के आदर्श नगर में स्थित श्री तेजाजी महाराज मंदिर में तेजा दशमी के उपलक्ष पर धार्मिक कार्यक्रमों के साथ मेले का आयोजन हुआ। जिसमें तेजाजी महाराज की मूर्ति व मंदिर की अलौकिक सजावट के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। तेजाजी मंदिर पुजारी भरता राम सारण ने बताया कि गौरक्षक तेजाजी के बलिदान दिवस पर मंदिर की विशेष सजावट के साथ-साथ विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने तेजाजी के दर पर शीश नवाकर प्रसादी ग्रहण की। दशमी की संपूर्ण रात्रि को थानागाजी की भजन मंडली द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। इससे पहले लगातार 10 दिन तक कस्बे व आसपास के क्षेत्र के लोगों ने डीजे के साथ तेजाजी की बिंदौरी निकाली। गौरतलब है कि प्रदेश में तेजाजी महाराज को गौरक्षक के रुप में पूजा जाता है जिन्होंने गायों की रक्षा करते हुए बलिदान दिया था।

**सरदारशहर।** शहर में तेजा दशमी के पावन अवसर पर मंगलवार को कल्याणपुरा फांटा के पास स्थित वीर तेजाजी मंदिर से द्वितीय वाहन ध्वज यात्रा तेजाजी के मुख्य धाम खरनाल के लिए रवाना हुई। यात्रा में 50 से अधिक वाहनों का काफिला शामिल हुआ। वीर तेजाजी मंदिर से डीजे की धुन के साथ रवाना हुई यात्रा बाबेल चोक, रतनगढ़, सुजानगढ़, लाडनूं, नागौर होते हुए 217 किलोमीटर की यात्रा पूरी करते हुए खरनाल के तेजाजी मंदिर में पहुंचेगी जहां तेजाजी महाराज को धोक लगाकर भक्त सुख समृद्धि की कामना करेंगे। इस दौरान लोगों के लिए वाहन ध्वज यात्रा आकर्षण का केन्द्र रही। यात्रा के आयोजन कर्ता राष्ट्रीय तेजवीर सेना के राकेश चौधरी, आरएलपी नेता सांवरमल जाखड़, दलीप सिंह राजपूत, रमेश सारण, पुर्णाराम छिरंग, राकेश थेच, शिव चौधरी, श्रवण गोदारा, राकेश, सुरेन्द्र सहित तेजवीर सेना की टीम ने सहयोग किया।

**सरदारशहर।** तहसील के गांव सिंगड़ी में श्री सत्यवादी वीर तेजाजी महाराज के मंदिर में 2 सितम्बर को मुर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह उदासर धाम के मंहत दयानाथजी महाराज के सानिध्य में नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल, कांग्रेस नेता ताराचंद सारण, इंद्राज सारण, रामकरन बैदा सहित कई नेताओं ने किया। इस दौरान नागौर सांसद बेनीवाल ने कहा कि आज वीर तेजाजी महाराज का पूरे देशभर में जयकार लगते है। उन्होने कहा कि किसान कौम को केंद्र व राज्य सरकार कमजोर करने में लग रही है। इसलिए केंद्र में कोई केबीनेट मंत्री नहीं है और प्रदेश में जो मंत्री है जो वह काम नहीं कर सकते हैं। उन्होने यह भी कहा कि पूर्व उप-राष्ट्रपति जगदीश धनकड़ चूप है आवाज नहीं निकालते है आवाज निकालते तो उनकी सांस निकल जाती है। वो हमे कह दे तो हम दिल्ली तक रास्ते जाम करदे लेकिन बोले तो सरी। उन्होने कहा कि कर्नल सोनाराम का निधन हुआ तब दिल्ली में भी कांग्रेस कार्यालय में जगह नहीं मिली तो उनकी बोडी मोर्चरी में पड़ी रही। इसी प्रकार सतपाल मलिक का निधन हुआ तब उनको तिरंगे के साथ सम्मान नहीं दिया। ऐसा क्यो हो रहा है। हमको एक साथ ताकत दिखानी होगी। इस दौरान सांसद ने भाजपा व कांग्रेस के नेताओं पर जुबानी हमला बोला। इस मौके पर आरएलपी जिला अध्यक्ष मदनलाल ढाका, मदन सिहाग, रतममचंद्र सिंहाग, कोषाध्यक्ष मनफूल भाकर, ओमप्रकाश सिहाग, कुभाराम बाना, हरिराम घिंटाला, लालचंद भाकर, फरसाराम नाई, सहीराम नायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। वीर तेजाजी महाराज के मंदिर पर 3 सिंतम्बर रात्री को जागरण का आयोजन किया जायेगा। जिसमें मुख्य गायक कलाकार तुलछाराम भगवाना एंड पार्टी के द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी जायेगी। इसी प्रकार जगरण में चूरू सांसद राहूल कस्वां आदि शामिल होगें। वहीं विशाल जागरण उदासर आश्रम के संत श्री दयानाथजी महाराज के सानिध्य में आयोजन किया गया जायेगा। आयोजन समिति के सदस्य मदनलाल सिहाग ने बताया कि जागरण में मुख्य गायक कलाकार तुलछाराम भगवानाराम, हेमेंद्र सिंह आदि भजनों की प्रस्तुतियां देगें।जागरण में विशिष्ट अतिथि के रूप में तारानगर विधायक नरेंद्र बुडानिया, सरदारशहर विधायक अनिल शर्मा, चूरू विधायक हरलाल सारण, सादुलपुर विधायक मनोज न्यांगली, सुजानगढ विधायक मनोज मेघवाल, रतनगढ़ विधायक पुसाराम गोदारा, नगरपरिषद सभापति राजकरण चौधरी, डेयरी चेयरमैन लालचंद मूंड, भाजपा उपाध्यक्ष मधुसुदन सिंह राजपुरोहित, आरएलपी जिला अध्यक्ष मदन लाल ढाका आदि जागरण में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होगे। मंदिर कमेटी द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## बाबा रामसापीर के लक्खी मेले में उमड़ी श्रध्दालु की भीड़, प्रशासन रहा ऐक्टीव

जयपुर टाइम्स



**नवलगढ(निसं.)** नवलगढ़ बाबा रामदेव जी के लक्खी मेले में दशमी के प्रातः 4 बजे से हजारों की संख्या में श्रद्धालु ने दर्शन करना चालू किया और नगरपालिका प्रशासन व पुलिस प्रशासन के द्वारा लगातार उमड़ी भीड़ को सफल दर्शन करवाने में जुटे रहे। नगरपालिका के कमिश्नर दलिप पूनिया भी मेलें का मौका मुआयना करने के लिए पहुंचे। पालिका की व्यवस्था को देखकर कमिश्नर पूनिया ने कहा कि व्यवस्था में विशेष बेसहारा गोवंश का ख्याल रखें और व्यवस्था और ज्यादा सुधारीं जाएं। पुलिस प्रशासन थानाधिकारी सुगन सिंह के नेतृत्व में मेले में लगातार चौरों, बदमाशों, जेबकतरो से सावधान की सूचना दें रहें हैं साथ ही उच्च अधिकारी ने भी मेलें में दस्तक दिए और पुलिस प्रशासन मेले की व्यवस्था करने में सफल रही अभी तक चौरी - चकारी नहीं हुईं। बाबा रामदेवजी के लक्खी मेले में पिछले कई दिनों से कर रहे नगरपालिका नवलगढ अधीषाशी अधिकारी कंवर पाल सिंह ने बताया कि पिछली वर्ष से अत्यधिक सुधार का प्रयास करने में हम सफल रहे और बरसात के कारण जो अव्यवस्था हुई थी उसका भी उपचार किया जा चुका है और जब भी कोई समस्या नगरपालिका मेले परिषद में आती है तों तुरंत मौका करके, उसका उपचार भी किया जा रहा है इसमें पालिका के कर्मचारियों की टीम गठित की गयी जिसमें लेखाकार जुगल किशोर सैनी, जैन नितेश कुमार, अनिल शर्मा, रामरतन कटारिया,ललित शर्मा ,पवन शर्मा, कपिल शर्मा,पवन कुमार, अंजय पंवार आदि लोग शामिल हैं।

## हेतमसर में रक्तदान शिविर 5 को

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निसं.)।** । राजकीय बालिका उमावि , हेतमसर में आगामी 5 सितम्बर को ऋचा स्मृति फाउण्डेशन की ओर से स्मृतिशेष ऋचा चौधरी की द्वितीय पुण्य तिथि पर सुबह नौ बजे से रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा । यह जानकारी प्रधानाचार्या डा. सुमन शेखसरिया ने दी ।

## रतनगढ़ में बाबा चेतराम-जैसराज भक्त गोगामेड़ी पर रात्रिकालीन मेला व जागरण



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)।** परमाणाताल के पास स्थित बाबा चेतराम जैसराज भक्त की गोगामेड़ी पर गुरुवार रात रात्रिकालीन मेला और जागरण का भव्य आयोजन हुआ। यह गोगामेड़ी का 55वां वार्षिकोत्सव था, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। मेले का शुभारंभ भक्त कालूराम धर्ड़ व मनीष धर्ड़ द्वारा बाबा की ज्योत लेकर किया गया। इसके बाद गोगामेड़ी पर आए लगभग 50 मेड़ियों के भक्तों का सम्मान किया गया। पूजा-अर्चना के बाद शुरू हुए जागरण में गायक कलाकार रामचंद्र मेहरड़ा एंड पार्टी सिकराली और पूर्व पालिकाध्यक्ष शिवभगवान कम्मा ने भक्तिमय प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। क्षेत्र सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग गोगामेड़ी पहुंचे। भक्तों ने नारियल व पताशे का प्रसाद चढ़ाकर अपनी मन्नौतियां मांगी। इस दौरान गोगा भक्त अपने-अपने निशानों के साथ गोगामेड़ी पर पहुंचे। कई भक्तों ने सर्पों के साथ करतब दिखाए, जिन्हें देखकर श्रद्धालु दंग रह गए। कार्यक्रम के अंतर्गत अखाड़े का आयोजन भी हुआ, जिसमें भक्त ढोल-ताशे बजाकर बाबा को रिझाते नजर आए। देर रात तक चले इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्रभर से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का आना-जाना बना रहा। वहीं तहसील के गांव लूंछ और गुंसाईसर में भी रात्रिकालीन मेले का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के हजारों लोगों ने शिरकत की।

## अध्यक्ष पद प्रत्याशी कस्बे में स्वर्णकार समाज के बन्धुओं से मिले



**राजलदेसर(निसं.)** श्री सावित्री जन कल्याण ट्रस्ट लोहारवास कोटड़ी धाम के आगामी चुनावों को लेकर अध्यक्ष पद प्रत्याशी के रूप में श्रीराम मौसुण ने कस्बे में स्वर्णकार समाज के बन्धुओं से मिले । भभुता बास में स्थित ज्ञान फाउंडेशन के राजकिशोर भवन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पधारे हंसराज कडेल, श्रीराम मौसुण,सुरेश कुमार,श्रवण सोनी पत्रकार का ज्ञान फाउंडेशन की ओर से माला ,साफा, दुप्पटा, मोमेंटो व डा उषाकिरण सोनी द्वारा लिखित पुस्तक भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में श्री सावित्री जन कल्याण ट्रस्ट के आगामी चुनावों को लेकर चर्चा की। श्रीराम मौसुण ने समाज के बन्धुओं को अपने चुनाव में अध्यक्ष पद उम्मीदवार बनने व सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में श्री मैढस्वर्णकार समाज के अध्यक्ष, गंगाराम सोनी,काली माता ट्रस्ट के जगदीश कडेल, ज्ञान फाउंडेशन के जयचन्द लाल लावट ने सभी पधारे लोगों को आभार व्यक्त किया तथा श्रीराम मौसुण के समर्थन में अपना मत देने की अपील की। कार्यक्रम में नन्द किशोर कडेल,इन्द्रचन्द, शंकरलाल,मुलचन्द सोनी,गणेश कंडेल,सुशील कंडेल, शंकरलाल कुकरा, नरेंद्र कंडेल, श्याम सुंदर कुकरा, गोपाल लावट , भागीरथ लावट, गोपाल जोडा,सहित समाज के लोग मोजूद थे। संचालन ओमप्रकाश जोड़ा ने किया।

## एसबीआई बैंक ने बीमा दुर्धटना क्लेम में मृतक आश्रित को दो लाख का चेक दिया



**कांवट(निसं.)।।** एसबीआई बैंक कांवट द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में भादवाड़ी निवासी मुकेश कुमार वर्मा की दुर्धटना में मृत्यु होने पर दावा क्लेम के दो लाख रुपए का चेक मृतक आश्रित पत्नी को भुगतान किया। शाखा प्रबंधक केदार मीणा ने बताया कि मृतक ने पीएमजेजेवाई योजना में दुर्घटना बीमा बना रखा था।

# आम जनता की जन समस्याओं को नजर अंदाज करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा- केके गुप्ता

## सीवरेज कंपनी अधिकारियों को दी कंपनी ब्लैक लिस्ट करने की चेतावनी, नगर पालिका का सर्वे रजिस्टर गायब कर्मचारियों की लापरवाही

जयपुर टाइम्स



**मंडावा(निसं.)।** जिला लोक अदालत द्वारा नियुक्त न्याय मित्र केके गुप्ता मंगलवार को मंडावा दौरे पर रहे। नगर पालिका में गुप्ता ने सीवरेज कंपनी व नगर पालिका कर्मचारियों के साथ बैठक कर जन समस्याओं के समाधान को लेकर दिशा निर्देश देते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गुप्ता ने कहा कि सरकार ने करोड़ों रुपए खर्च कर यहां की जनता और सैलानियों को किसी भी तरह की परेशानी ना हो उसको लेकर सीवरेज का काम करवाया, लेकिन जनता त्रस्त अधिकारी मस्त यह कहावत यहां पर सटीक बैठ रही है। इस समय सीवरेज कार्यों में लापरवाही सामने आ रही है जो गंभीर मुद्दा है जगह-जगह सीवरेज चैंबर ओवरफ्लो हो रहे हैं लेकिन कोई स्थाई समाधान नहीं किया जा रहा है जिसके कारण आम जनता परेशानी झेल रही है, इसके लिए नगर पालिका व संबंधित कंपनी जिम्मेदार है, गुप्ता ने कहा कि सीवरेज कार्यों की जांच को लेकर सरकार व न्यायालय को अवगत करवाया जाएगा तथा अब तक हुए कार्यों की जांच करवाई जाएगी तथा मेंटेनेंस भुगतान रोकने को लेकर कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारी तैयार रहें, 7 दिन में समाधान नहीं करने पर सीवरेज कार्य करने वाली कंपनी ब्लैक लिस्ट जैसी कार्रवाई की जाएगी। दूसरी और न्याय मित्र ने जहां पर सीवरेज का कार्य पूर्ण हो गया है वहां पर नालियों को बंद करने के निर्देश नगर पालिका को दिए, तथा नगर पालिका से सर्वे रजिस्टर गायब मामले को लेकर थाने में एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश भी दिए, गुप्ता ने कहा की सर्वे रजिस्टर गायब होना इसका मतलब यह बड़ा घोटाला हो रहा है, कर्मचारियों की मिली भगत के बिना रजिस्टर गायब नहीं हो सकता। तथा एक धर्मशाला का पट्टा नगर पालिका द्वारा जारी करने मामले को लेकर पूरी रिपोर्ट मांगी, एवं घर-घर कचरा संग्रहण मामले में लापरवाही नही बरतने के निर्देश भी ठेकेदार शुभम शर्मा को दिए। गुप्ता ने कहा कि हेरिटेज हवेलियों को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए गए की यह पर्यटक का मुख्य दर्शनीय स्थल है एवं इसे किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ एवं इन्हें रात के अंधेरे में गिराने की साजिश से की जा रही है उनको बेनकाब किया जाएगा। विदेशी टूरिस्ट के नाम पर मंडावा 30 वें स्थान पर है जो अपने आप में एक राजस्थान के पर्यटक स्थलों में विशेष महत्व रखता है, आज हमारे राजस्थान के पर्यटक स्थलों की चर्चा विदेश में गूंज रही है उसमें मंडावा का सर्वश्रेष्ठ स्थान है, हवेलिया गिरने को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। केके गुप्ता ने स्वच्छ भारत मिशन शहरी के तहत सफाई व्यवस्था, डोर टू डोर कचरा संग्रहण, नालियों की सफाई, सड़कों के अतिक्रमण हटाने, जानवरों को गौशाला में छुड़वाने, स्ट्रीट लाइट, सडकों पर पानी भराव, प्लास्टिक पर प्रतिबन्ध, हवेलियों का जीर्णोधार व तोड़फोड़ ना हो, सार्वजनिक टॉयलेटों की सफाई दिन में, आमजन की प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय रहते हो, सड़क किनारे लगने वाले ठेलो के लिए स्थान निर्धारित करने आदि के दिशा निर्देश दिए। पालिका अध्यक्ष नरेश सोनी, इस दौरान सीवरेज कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर भुजंग राव, विनय रेड्डी, वरिष्ठ प्रारूपकार आनंद बिहारी सोलंकी, सफाई निरीक्षक सत्यनारायण बावलिया, ठेकेदार शुभम शर्मा, पार्षद राजकुमार सैनी, इब्राहिम रंगरेज, नंदकिशोर यादव, पालिका उपाध्यक्ष नवाब खत्री भी मौजूद थे।

## चूरू में रावण हत्था वादक की करलाल भोपा ग्रुप ने दी शानदार प्रस्तुति



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** नगरश्री प्रांगण चूरू में राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अनूठा प्रदर्शन हुआ। कार्यक्रम में 40 देशों में रावण हत्था वाद्य यंत्र का प्रदर्शन कर चुके अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार कीकरलाल भोपा ग्रुप ने अपनी प्रस्तुति दी। कीकरलाल भोपा ग्रुप ने रावण हत्था पर तालरिया मगरिया, हरिराम जी नै ध्यावै और केशरो नागण को जायो जैसे पारंपरिक गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम संयोजक नितिन बजाज ने बताया कि राजस्थान की विरासत को संजोने के लिए ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे। राजवीर सिंह चलकोई ने राजस्थान की समृद्ध संस्कृति की सराहना की। प्रो. कोठारी ने रावण हत्था, भपंग, सारंगी, कमायचा, मशक, तन्दूरा और मोरचंग जैसे वाद्य यंत्रों को राजस्थान की पहचान बताया। डॉ. श्रुति नाद ने कहा कि राजस्थान के कण-कण में छिपी संगीत की विरासत को उजागर करने की आवश्यकता है। डॉ. मालानी ने युवा पीढ़ी से इन कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन गुरुदास भारती और रवि दाधीच ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रिंसिपल प्रो. कमल सिंह कोठारी ने की। मुख्य मेहमान युवा आईकॉन राजवीर सिंह चलकोई थे। इंटेक शेखावाटी चैप्टर की कन्वीनर डॉ. श्रुति नाद मुख्य वक्ता रहीं। बिड़ला सार्वजनिक हॉस्पिटल पिलानी के निदेशक मधुसूदन मालानी और राजस्थान कला संस्कृति एवं विरासत संरक्षण अभियान के प्रदेश संयोजक नितिन बजाज विशिष्ट मेहमान के रूप में मौजूद थे।

## कथा के दौरान सजाई झांकियां



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** स्थानीय श्री सिद्धि गणेश सेवा समिति द्वारा आयोजित 33 वे गणेश चतुर्थी महोत्सव के 9वें दिन यजमान पवन सोनी, सहदेव सोनी, राजेन्द्र सोनी, महेश अरोड़ा, गिरधारी जांगिड़, अरविन्द सोनी को पण्डित विनोद दाधीच, भावेश शर्मा, गणेश शर्मा ने पूजा अर्चना करवाई। वहीं कथा के छठे दिवस सन्त मोहन राम द्वारा कृष्ण लीला का वर्णन किया गया। मोतीलाल सोनी, सुरेश अरोड़ा, हनुमान सोनी ने कथा में आये मेहमानों का स्वागत कमला बेनीवाल, ममता छापोला, मोहनलाल, आनन्द बिहारी, सुभाष का स्वागत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में लोकेश सोनी, ललित जांगिड़, आशीष सोनी, पिंटू अग्रवाल, तोलाराम आदि जुटे हुए हैं। कथा के दौरान आकर्षक झांकियां भी सजाई जा रही है।

## राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा मनाया, नेत्रदान महादान का दिया संदेश



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** तहसील गांव सारसर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को 40 वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के अन्तर्गत नेत्र संग्रह केन्द्र सरदारशहर के डॉ रविन्द्र कुमार ने ग्रामीणों को नेत्रदान अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि नेत्रदान को जन आंदोलन बनाये ताकि देश में अन्धता झेल रहे लोगों को अंधता से मुक्ति दिला सकें। नेत्र संग्रह केन्द्र के तकनीशियन भंवरलाल प्रजापत ने नेत्रदान सम्बन्धी जानकारियां दी। केन्द्र के समन्वयक गणेशदास स्वामी ने नेत्रदान पर आधारित भ्रान्तियों का निवारण किया तथा केन्द्र में अब तक हुए नेत्रदान की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामवासियों को आह्वान किया कि वह नेत्रदान अपना कर जरूरतमंद लोगों को रोशनी देकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ें। ग्राम के प्रबुद्ध नागरिक भागीरथ सारण ने विश्वास दिलाया कि हम नेत्रदान की मुहिम में शामिल होकर नेत्रदान अपनायेंगे। कार्यक्रम में गांव के विक्रम सिंह राठौड़, रामावतार सैनी, सत्यनारायण, महावीर स्वामी, डालूराम सारण, मेवाराम, बनवारीलाल स्वामी सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे। इस अवसर पर आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान जयपुर एवं जिला प्रशासन व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग चूरू से प्रकाशित नेत्रदान जागरूकता प्रचार सामग्री वितरित की गई।

## रतनगढ़ रेलवे स्टेशन पर महिलाओं को हो रही परेशानी, नव-निर्मित शौचालय अब भी बंद

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ(निसं.)** अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशनों के नवीनीकरण का काम चल रहा है, लेकिन रतनगढ़ रेलवे स्टेशन पर एक अजीब समस्या सामने आई है। पार्षद नंदकिशोर भार्गव ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को एक पत्र लिखकर बताया है कि स्टेशन पर कोरोना काल से पहले तोड़े गए शौचालय का पुनर्निर्माण हो चुका है, लेकिन यह आज भी यात्रियों के लिए नहीं खोला गया है। भार्गव ने अपने पत्र में लिखा है कि शौचालय के अभाव में महिला यात्रियों को सबसे ज़्यादा परेशानी हो रही है। उन्हें लघुशंका के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है, और अगर वे ऐसा करती हैं तो आरपीएफ वाले उनका चालान काट देते हैं। उन्होंने इस स्थिति को 'अत्यंत दयनीय' बताया है।उन्होंने रेल मंत्री से तुरंत इस मामले में हस्तक्षेप करने और नव-निर्मित शौचालय को शुरू करने का आदेश देने की अपील की है, ताकि महिला यात्रियों को राहत मिल सके। इस पत्र की प्रतिलिपि जयपुर के जनरल मैनेजर और बीकानेर के मंडल रेल प्रबंधक को भी भेजी गई है, ताकि इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जा सके।

# खेलों और मेलों से लोक संस्कृति तथा सद्भाव को बढ़ावा मिलता है - हीरावत

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)** स्थानीय गांव ढाणी डीएसपुरा में लोक देवता वीर तेजाजी के निर्वाण दिवस पर कबड्डी प्रतियोगिता तथा प्रतिभा सम्मान समारोह समाज सेवी भामाशाह बसंत हीरावत, कुसुम हीरावत के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में आठ टीमों ने भाग लिया। निर्णायक मुकाबले में छाजुसर ने तेजल डीएसपुरा को हराकर खिताब अपने नाम किया। उप विजेता तेजल डीएसपुरा सहित सभी विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर बोर्ड परीक्षा परिणाम में उच्च अंक प्राप्त, नीट व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि कुसुम हीरावत ने तेजाजी को लोक कल्याण का प्रेरक बताते हुए कहा कि हमारे लोक देवताओं ने पीड़ित मानवता के कल्याणार्थ उत्सर्ग किया। बसंत हीरावत ने कहा कि तेजाजी सहित सभी लोक देवताओं के कार्यो से युवा पीढ़ी को संस्कारवान करने के लिए लोक संस्कृति स्मारक बनाने की आवश्यकता है। प्रशासन और सरकार इस दिशा में कार्ययोजना बनाए तो मैं सहयोग करने के लिए तैयार हूं। विशिष्ट अतिथि जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्योल ने आज के दिन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि शोषित और पीड़ित मानवता के महानायक वीर तेजाजी का निर्वाण दिवस तथा बाबा रामदेव जयंती तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए उत्सर्ग करने वाली अमृता देवी विश्नोई का बलिदान दिवस है। हमारे लोक नायक सद्भाव, समरसता और सहयोग का संदेश देते हैं। वीर तेजाजी विकास समिति के अध्यक्ष दलीप सरावग ने तेजाजी सहित लोक देवताओं के कृतित्व की जानकारी देते हुए लोक साहित्य के संरक्षण और संवर्धन के लिए कार्य करने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि शैक्षिक और आर्थिक विकास के साथ हम लोक संस्कृति और साहित्य से कटते जा रहे हैं। युवाओं को लोक देवताओं के जीवन से प्रेरणा लेकर सामाजिक समरसता के लिए कार्य करना चाहिए। आयोजन समिति के अध्यक्ष जसवीर गोदारा ने खिलाड़ियों, सम्मानित प्रतिभाओं, अतिथियों, ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं की टीम के सामंजस्य से लगातार 15 वर्षों से यह कार्यक्रम किया जा रहा है। गोदारा ने युवाओं को खेती किसानी में नवाचार करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता सहीराम पूनिया, शिशुपाल बुडानिया, राकेश बेनीवाल, अनिल रणवां, मोहन हुड्डा, महादेव महिया, जितेन्द्र बाबल, अशोक हुड्डा, कन्हैयालाल रणवां, विनोद गोदारा, गोपीचंद खीचड़ , नंदकिशोर इसराण, जयप्रकाश ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। वीर तेजाजी समूह की तरफ से नेमीचंद गोदारा,पन्ना लाल इसराण, देवेन्द्र , उपेन्द्र, नरेन्द्र सिहाग, रोहित जानू, विकास दुलड , दुष्यंत, मुकेश , बनवारी,भरत, संदीप,मनीष,अनील ने आयोजकीय भुमिका निभाई। संयोजक जसवीर गोदारा ने आभार व्यक्त किया।

## भागवत कथा में हुवा वामन अवतार का गुणगान



जयपुर टाइम्स

**सीकर (निसं.)** अनिरुद्ध रेजीडेंसी पालवास रोड़ सीकर में ऋषिकेश देवाचार्य गणेश दास बैरागी के पावन सानिध्य में व ज्योतिष रत्न विक्रम शास्त्री के आचार्यत्व में चल रही भागवत कथा में कथा वाचक बृजभूषण जी महाराज ने भक्त ध्रुव की भक्तिकथा, समुद्र मंथन ,अमृतपान एवम् मोहिनी रूप का वर्णन किया महाराज ने बताया कि भक्ति का मूल मंत्र श्रद्धा और विश्वास ही है। श्रद्धा किसी को मान लेना और विश्वास माने हुए को छोड़ना नहीं,भक्तों ने भगवान को प्रेम के वशीभूत कर नाना प्रकार के नाच नचवाये हैं। प्रतिदिन रात्रि में होने वाले प्रोग्राम में महिला प्रमुख सरिता शर्मा,रचना बाटड़, संगीता स्वामी, पिंकी अग्रवाल, चेतना पारीक, सोनम शर्मा, संजू गुर्जर, संतोष महारिया द्वारा सुंदर भजनों से प्रभु को रिझाया जाता है। कथा में भगवाना राम गुर्जर वीरेंद्र बाटड, विश्वनाथ ठाकुर सहित सैकड़ों भक्त रहे। आपको बता देवे कि कथा में श्रीमद् भागवत का मूल पाठ आचार्य पंडित दीपक पाराशर द्वारा किया जा रहा है।

## थोई में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शेखावत ने सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया

जयपुर टाइम्स

**थोई(निसं.)** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह शेखावत ने थोई में सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया। अम्बेडकर युवक संस्था के अध्यक्ष भारत भूषण बिंवाल ने बताया कि अम्बेडकर कॉलोनी में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का उद्धघाटन मंगलवार को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह शेखावत के द्वारा किया गया। उसके बाद सम्मान समारोह का आयोजन हुआ जिसमें में संस्था के सदस्यों व पदाधिकारीयों ने शेखावत का स्वागत किया। सर्वप्रथम बाबा साहेब की प्रतिमा पर संस्था के सदस्यों के साथ दीप प्रज्ज्वलित किया गया उसके बाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शेखावत ने कहा कि नवनिर्मित सामुदायिक भवन समाज हित के कार्यों में समाज की मीटिंग तथा सामाजिक कार्य में काम आयेगा। इसके रख रखाव की जिम्मेदारी आपकी है। इस अवसर पर संस्था के सदस्य झाबरमल बीवाल, रामेश्वर प्रसाद बींवाल, दामोदर प्रसाद खोवाल,मदन लाल बिंवाल, रोहिताश लाड़ला, राजेन्द्र कटारिया, हंसराज, रतन लाल मरोडिया, सतपाल वर्मा सहित अम्बेडकर कॉलोनी के सभी सदस्यों सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



# वीर बाला काली बाई प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

जयपुर टाइम्स




**रतनगढ(निसं.)** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्थानीय इकाई द्वारा वीर बाला काली बाई प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल में हुआ। पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि के मुख्य आतिथ्य में हुए कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एबीवीपी के केंद्रीय कार्य समिति सदस्य भारत भूषण यादव थे। सालासर पुजारी लक्ष्मीनारायण के सानिध्य में हुए कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सहजिला रामकृष्ण, एबीवीपी की प्रांत कार्यकारिणी सदस्य रमा शेखावत थी तथा अध्यक्षता कार्यक्रम संयोजक जयप्रकाश ताम्रायत ने की। दीप प्रज्जवलन से शुरू हुए कार्यक्रम में पूर्व विधायक महर्षि ने कहा कि एबीवीपी विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जो युवाओं में राष्ट्रवाद का बीजारोपण कर रहा है। विद्यार्थी परिषद से ही निकलकर हमारे प्रमुख नेताओं ने देश की बागडोर संभाल रखी है, जो कि बहुत बड़ी बात है। सालासर धाम के पुजारी ने कहा कि परिषद बिना किसी भेदभाव के सभी धर्म व जातियों के विद्यार्थियों का समभाव से सम्मान करता है। यह समरसता के लिए प्रेरणादायी है। मुख्य वक्ता यादव ने कहा कि एबीवीपी आजादी से लेकर अब तक अनवरत रूप से युवाओं को देश भक्ति के भाव से जोड़ रहा है। परिषद आंदोलनों के माध्यम से देशभर में शिक्षा के व्यापीकरण को रोकने का कार्य कर रहा है। साथ ही रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से युवाओं में प्रबंध कौशल को भी बढ़ावा दे रहा है। कार्यक्रम को संघ के रामकृष्ण व शेखावत ने भी संबोधित किया। ताम्रायत ने सामाजिक सरोकार से जुड़ने का आह्वान किया। एबीवीपी के नगर मंत्री विवेकानंद रैगर ने विवेकानंद ने बताया कि समारोह में कक्षा 12 में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले क्षेत्र की करीब 350 प्रतिभाओं एवं मंचस्थ अतिथियों का परिषद द्वारा सम्मान किया गया। इस दौरान छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई। जयसिंह राठौड़ व विकास हरितवाल के संयुक्त संचालन में हुए कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सांसद के समक्ष भाजपा नेता ने लगाया अधिकारियों पर डराने का आरोप

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** चूरू जिला सासंद राहुल कस्वां ने पंचायत समिति कक्ष में विधायक मनोज मेघवाल के साथ बैठकर अधिकारियों की मीटिंग ली और पानी निकासी की व्यवस्थाओं पर चर्चा की। इस दौरान अधिकारियों के व्यवहार को लेकर शिकायत सामने आई। भाजपा नेता व पार्षद प्रतिनधि राकेश प्रजापत ने मीटिंग में हाथ जोड़ते हुए कहा कि नगरपरिषद के अधिकारी हमें डरा रहे हैं। एक तरफ तो जनता पहले से ही परेशान है और अधिकारी लोग जनता के बीच गुस्सा हो रहे हैं। राकेश ने सांसद से निवेदन किया कि कर्मचारियों अधिकारियों को पाबंद किया जावे कि जनता के बीच जावे, तो जनता के दुख दर्द आराम से सुने और समाधान करे। उन्होंने नगरपरिषद एईएन मैडन का हवाला देते हुए कहा कि हमें ये लोग देख लेने की धमकी देख रहे हैं। इस पर सांसद व एसडीएम ने कहा कि अधिकारी आपका सहयोग करेंगे। राकेश ने कहा कि अधिकारी तो फोन ही नहीं उठाते, मैं कोई पर्सनल काम के लिए नहीं, परेशान जनता के लिए फोन करता हूं। दूसरी और मीटिंग के दौरान पानी निकासी के लिए की जा रही नई व्यवस्थाओं और अन्य बस्तियों से जल्द पानी निकासी के लिए किए जा रहे उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सांसद ने कहा कि चार बस्तियों से पानी निकासी के लिए मोटी लाईन डाली जा रही है, ताकि जल्द पानी निकासी हो। बैठक के दौरान पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, सभापति निलोफर गौरी, आयुक्त मघराज डूडी, इदरीश गौरी, उप सभापति अमित मारोठिया, विजयपाल चाहर, महेंद्र डूकिया, बजरंग सेन, एक्सईन पूर्णिमा यादव, सहायक अभियंता चारवी, तहसीलदार गिधारीलाल पारीक आदि मौजूद रहे। सांसद प्रगति नगर, नाथोतालाब लास्ट पोईंट, गौशाला, खान पुर पोईंट आदि का अवलोकन किया।

# मुख्य अतिथि नागौर सांसद ने कांग्रेस - भाजपा पर साधानिशाना

जयपुर टाइम्स

**सीकर,(निसं.)।** जिले के लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम काछवा में नवनिर्मित वीर तेजाजी मंदिर पर आयोजित भजन संध्या के कार्यक्रम में नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होकर जनसभा को संबोधित किया द्य नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने कहा कि हम सब को वीर तेजाजी महाराज के आदर्शों पर चलकर समाज में तेजाजी के त्याग व बलिदान को याद करना चाहिए । तेजाजी महाराज के जीवन से समाज को बहुत कुछ सीखने को मिलता इस दौरान नागौर सांसद ने कांग्रेस, भाजपा पर जमकर निशाना साधा उन्होंने कहा कि कांग्रेस भाजपा का आलाकमान दिल्ली में बैठे नेता है जबकि मेरे आलाकमान आप लोग हो । राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी की टिकट आप लोग घर बैठे ही दे सकते हो दिल्ली ओर नेताओं के चक्कर नहीं लगाने पड़ते ।कांग्रेसी नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि जो आपके यहाँ बड़ी बड़ी बातें करते जयपुर जाते ही अशोक गहलोत सचिन पायलट के नारे लगाते तो भाजपा नेता किसी ओर के नारे लगाते । शेखावाटी के लोग हमेशा मजबूत होते आप अपने भाई को मजबूत करोगे तो आपकी अपनी सरकार बनेगी तबही आपको सत्ता का असली सुख मिलेगा । जब किसान कौम की सरकार होगी तो 24 घंटे में किसान क़र्ज़ मुक्त होगा, फरी बिजली मिलेगी,टोल मुक्त राजस्थान होगा,अपराधी राजस्थान छोड़कर भाग जाएंगे,युवाओं को रोज़गार मिलेगा नेताजी ने कहा कि सरकार तो सरकार होती है । पार्टी प्रवक्ता सावरमल मुवाल ने बताया कि नागौर सांसद हनुमान जी बेनीवाल के सीकर की सीमा पर पहुचने पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने ज़िलाध्यक्ष महेन्द्र डोरवाल के नेतृत्व में नेछवा में स्वागत कर डीजे गाड़ियों के क़ाफ़िले के साथ काछवा वीर तेजाजी मंदिर लेकर आए द्य हनुमान बेनीवाल ने तेजाजी महाराज के दर्शन कर सभी के सुख समृद्धि की प्रार्थन की । मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने हनुमान बेनीवाल का स्वागत किया । इस दौरान काछवा सरपंच रामवतार ,प्रदीप बांगडवा, दिलशुख चौधरी,विजयपाल,अशोक, विकास पचार,हरि नागा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## चुनाव में विजय होने पर लगाई धोक



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** भगवान सूर्य नारायण लोहार्गल धाम में राष्ट्रीय भार्गव महासंघ लोहार्गल धाम के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोविंद जल के चुनाव में विजय होने पर धोक लगाई सूर्य मठ लोहार्गल धाम पीठाधीश्वर जगद्गुरु श्री रामानुजाचार्य महंत स्वामी अवधेशाचार्य महाराज से आशीर्वाद ग्रहण किया। महाराज श्री ने अध्यक्ष बने जाने पर बधाई दी तथा शाल उड़ाकर आशीर्वाद दिया। इस मोके पर पूर्व अध्यक्ष मोतीलाल कटराथल के पोखरमल सुभाष वेद प्रकाश नितेश भार्गव चेतन भार्गव रावल राकेश चिराना राजेश आदि मौजूद रहे। उन्होंने बताया बुधवार 3 सितंबर लोहार्गल धाम भार्गव आश्रम में नवनिर्वाचित अध्यक्ष शपथ ग्रहण समारोह जिसमें मुख्य अतिथि लोहार्गल पीठाधीश्वर महंत स्वामी अवधेशाचार्य का सानिध्य रहेगा।

## कार्यालय आए राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के राष्ट्रीय सलाहकार फर्शीवाला



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.),।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के राष्ट्रीय सलाहकार राजिक फर्शीवाला भाजपा जिला कार्यालय में आए। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ के नेतृत्व में अल्पसंख्यक मोर्चें के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत व अभिनंदन किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से परिचय किया और केंद्र सरकार की योजनाओं पर चर्चा की।राजिक फर्शीवाला ने केंद्र सरकार की अल्पसंख्यकों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में सर्वाधिक प्रचारित की बात कही। कहा योजनाओं से अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को लाभांवित करवाएं।जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने कहा कि राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के राष्ट्रीय सलाहकार राजिक फर्शीवाला का आगमन संगठन के लिए प्रेरणादायी रहा और समाज के सर्वांगीण विकास तथा सबके साथ-सबके विश्वास के संकल्प को और मजबूत करने वाला है।इस दौरान जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, जिला उपाध्यक्ष नेमीचंद कुमावत, जाकिर हुसैन, जावेद खान किरडोली, समशाद खान, इस्लाम खान, रईस खान, नदीम गौरी, अयूब अली, निर्मल सिंह, महावीर सैन, इंद्र शर्मा, जितेश शर्मा, सदाम हुसैन, आदिल, आरिफ तंवर, तालिफ खत्री, नवीद, मोहम्मद मोहसीन आदि मौजूद रहे।

## पंचारिया का सीकर आगमन पर किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**सीकर,(निसं.)।** भारतीय स्कूल में भाजपा के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा के पूर्व सदस्य नारायण पंचारिया अल्प प्रवास पर सीकर आए। किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां, जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने पदाधिकारियों के साथ उनका स्वागत किया।उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों के साथ सांसद खेल को लेकर चर्चा की और कहा कि इसमें भागीदारी निभाना और इसे सफल बनाना हमारा दायित्व है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच खेल के प्रति हमेशा सकारात्मक रही है। इसी में केंद्रीय नेतृत्व की ओर से सांसद खेल का आयोजन किया जा रहा है।इस दौरान किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां, जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, जिला महामंत्री राजेश रोलन, जिला उपाध्यक्ष नेमीचंद कुमावत, वरूण कुशलेश शर्मा, आदि मौजूद रहे।

## लोक देवता बाबा रामदेव समाजिक समरसता के प्रतीक है- अरविन्द पारीक

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा.(निसं.)।।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा के झुंझुनूं जिलाध्यक्ष अरविन्द पारीक आज मंगलवार को नवलगढ़ प्रवास पर रहे । उन्होंने लोक देवता बाबा रामदेव के मन्दिर में जाकर दर्शन किए और जोत लेकर पूजा अर्चना कर देश में खुशहाली की कामना की । पारीक ने इस अवसर पर कहा कि राजस्थान ही नहीं बल्कि देशभर के असंख्य श्रद्धालुओं की आस्था के केन्द्र नवलगढ़ के बाबा रामदेव मन्दिर के दर्शन के लिए आना मेरे लिए सुखद क्षण है । बाबा रामदेव जी की महिमा अपरंपार है , उनका जीवन हम सभी के लिए एक उज्जवल प्रेरणा है । उनका आशीर्वाद सदैव हम पर बना रहे और हम उनके आदर्शों पर चलते हुए एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकें । उन्होंने कहा कि सर्वधर्म सदभाव के प्रतीक बाबा रामदेव जी ने सामाजिक भेदभाव का विरोध करते हुए असहायों को सशक्त बनाने में जीवन समर्पित किया । उनके आदर्श हमारे प्रेरक मार्गदर्शक है । हम सभी उनके आदर्शों का पालन करें और समाज में समरसता , एकता और भाईचारे का संदेश फैलाएं । बाबा रामदेव जी का जीवन केवल लोक देवता, एक संत या महापुरूष का जीवन नहीं था , बल्कि वह एक ऐसे लोक देवता है जिन्होंने अपने जीवन के माध्यम से समाज में क्रांति और सुधार का संदेश दिया । इस अवसर पर एके पारीक, कमल पुरोहित, अशोक पुरोहित, नंदकिशोर पूनिया, सुनील जगदीश धरनीधरका, धर्मेंद्र पारीक सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे ।

## वार्षिक उत्सव में चेयरमेन डॉ खत्री किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** जगमालपुरा फाटक के पास बी के फार्म हाउस में बीके वेलफेयर सोसाइटी का पहला वार्षिक प्रोग्राम धूमधाम से मनाया गया । सोसाइटी के चेयरमेन का सदस्यों ने फूल बरसाकर उनका स्वागत किया । प्रोग्राम की शुरुआत मौलाना ने कुरान की आयत से की सोसायटी के चेयर मेन डॉ अब्दुल रहीम खत्री का सोसायटी के कानूनी सलाहकार एडवोकेट अब्दुल कयूम कुरैशी ने साफा पहनाकर स्वागत किया सोसायटी के अध्यक्ष खालिद अहमद चौहान सचिव अब्दुल रहमान खत्री संरक्षक कयामुद्दीन भाटी, ने फूल माला पहनाकर चेयर मेन का स्वागत किया । सोसायटी के उपाध्यक्ष अल्ताफ हुसैन, फैसल तंवर, साहिल बेहलीम, नदीम चौहान, सहसचिव शकील नागौरी, जमील खोखर, आसिफ टेंट, खालिद चौहान, मीडिया प्रभारी मोहसिन अली, सहसंयोजक शरीफ बेहलीम, मास्टर बशीर अहमद, महिला विंग अध्यक्ष शमीम बानो, सचिव सोफिया चौहान, ने भी सोसायटी के चेयर मेन डॉ अब्दुल रहीम खत्री का माला पहनाकर ओर गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया प्रोग्राम को सोसायटी के अध्यक्ष डॉ अब्दुल रहीम खत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी सदस्यों की मेहनत का नतीजा है कि बीके वेलफेयर सोसायटी को नेशनल स्तर पर अवॉर्ड मिला ओर नैशनल न्यूज चेलन आज तक पर हमें मौका मिला आगे भी हम सब लोग मिलकर हमारी एकता के बल पर ओर हम सब की कड़ी मेहनत से हम सब मिलजुलकर मानवता सेवा करने में सब से आगे रहेंगे । सोसायटी का एक साल में की गई कारगुज़ारियों का ब्यौरा के सचिव अब्दुल रहमान खत्री ने रखा ओर सभी आए हुवे सदस्यों का आभार सोसायटी के अध्यक्ष खालिद अहमद चौहान ने किया ओर प्रोग्राम का संचालन मोहम्मद रफीक बेहलीम ने किया।

## प्रतिज्ञा को नकद पिचेतर हजार राज्य की द्वितीय विजेता



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.।** राजस्थान स्टेट जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 का आयोजन सादुल स्पोर्ट्स स्कूल एथलेटिक्स ग्राउंड बीकानेर के 27 से 30 अगस्त में हुआ जिसमे सीकर जिले के ढाढण की तारा देवी रामेश्वर लाल बजाज सीनियर सेकेंडरी स्कूल कक्षा 9 कि छात्रा प्रतिज्ञा गोदारा पुत्री जगदीश प्रसाद गोदारा भूमा ने सीकर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए अंडर 14 में पूरे राजस्थान में नकद पुरस्कार पिचेतर हजार के साथ द्वितीय स्थान सिल्वर मैडल मिला द्य सस्थान ने जानकारी देते बताया की अब नवंबर माह में कोयंबटूर में आयोजित होने वाली नेशनल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेगी ।अंचल में मिली इस कामयाबी पर प्रतिभा गोदारा व परिजनों खिलाड़ियों कोच और विद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं अनेक समाजिक सगठनों ने दी ।शेखावाटी को मालूम हो कि यह चैम्पियनशिप में खेलों के प्रति रूचि पैदा करने, प्रतिभागियों को सशक्त बनाने और देश के समग्र विकास में उनकी भूमिका सुनिश्चित करने की दिशा में भी एक मील का पत्थर तो होगा ही, साथ ही अंचल का जनमानस को दांतों तले अंगुली दबाने को मजबूर भी करेगा।

## कुमावत छात्रावास ट्रस्ट के चुनाव 6 सितम्बर को, 3 को भरेंगे नामांकन



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.),।** कुमावत छात्रावास ट्रस्ट सीकर की कार्यकारणी के 6 सितंबर को होने वाले चुनाव के लिए 3 सितम्बर को सुबह से नामांकन भरे जाएंगे । इस मतदाता सूची में 426 कुल आजीवन सदस्य वोटिंग में भाग लेंगे मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ अर्जुनलाल कुण्डलवाल ने बताया कि 6 सितंबर को होने वाले चुनाव के लिए कार्यकारिणी के 6 पद अध्यक्ष, उपाध्याय, मंत्री, उपमंत्री, कोषाध्यक्ष ओर उपकोषाध्यक्ष के लिए चुनाव होंगे।कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 3 सितंबर को सुबह 9बजे से 1 बजे तक नामांकन फॉर्म भरे जाएंगे इसके बाद नामांकन फार्म की जांच 1 बजे से 2बजे तक की जाएगी नाम वापसी का समय दोपहर 2बजे से 4बजे रहेगा और चुनाव चिन्ह आवंटन शाम 5 बजे किये जाएगा।शनिवार दिनांक 6 सितंबर को सुबह 8.00 से 2.00 बजे तक मतदान किया जाएगा और 3.00 से मतगणना की जाएगी। मुख्य चुनाव अधिकारी अर्जुन लाल कुंडलवाल ने बताया कि नामांकन के लिए अध्यक्ष पद उम्मीदवार को 10 साल से छात्रवास का स्थाई सदस्य व बाकी 5 पदों के लिए 6 साल पुराना स्थाई सदस्य होना आवश्यक है। उम्मीदवार को 1 समर्थक व 1प्रस्तावक के साथ नामांकन पेश करना होगा।

## कांग्रेस शिक्षक प्रकोष्ठ जिला सीकर कार्यकारणी विस्तार

### मोहम्मद रजा उपाध्यक्ष और अबरार कछावा बने सचिव

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.),।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की सहमति और राजस्थान कांग्रेस शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष । अभिमन्यु सिंह भदौरिया के अनुमोदन से जिला अध्यक्ष बलदेव सिंह फगेड़ीया ने सीकर जिला कार्यकारणी का विस्तार किया है, सेवानिवृत प्रधानाध्यापक और पूर्व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मोहम्मद रजा को जिला सीकर उपाध्यक्ष और सेवानिवृत शिक्षक अबरार अहमद कछावा को जिला सीकर सचिव नियुक्त किया गया है।साथ ही जिला कार्यकारणी में हरदयाल सिंह, विद्याधर।सिंह पिलानिया, श्रवण कुमार दानोदिया, भागीरथमल माहीच, मदन लाल मीणा, रणजीत सिंह ओला को उपाध्यक्ष और मक्खनलाल कुमावत, शिवपाल सिंह गुलेरिया, जगनसिंह रनवा, भागीरथसिंह महला, जगनाथ सिंह, जवाहर सिंह को सचिव के रूप में जिला कार्यकारणी में नियुक्ति दी गई है। इनकी नियुक्ति का कई सामाजिक कार्यकर्ताओं, गणमान्य जनों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत करते हुए, पीसीसी प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, विधायक राजेन्द्र पारीक, निवर्तमान सभापति जनाब जीवन खां, कांग्रेस शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह भदौरिया और सीकर जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह फ़गेडिया, सलाहकार बलदेव सिंह बगड़िया का आभार जताया है। मोहम्मद अली बडगुजर ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए बताया कि वे कांग्रेस शिक्षक प्रकोष्ठ में सीकर अध्यक्ष के रूप में अपनी शैक्षिक गतिविधियों को जारी रखते हुए पार्टी व संगठन की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने में अपनी अहम भूमिका निभाने की पूरी कोशिश करेंगे।

## गणेश महोत्सव धुमधाम से हुआ सम्पन्न



जयपुर टाइम्स

**सीकर,(निसं.)।** पोलो ग्राउंड स्थित अचार फैक्ट्री वाली गली में चल रहे गणेश महोत्सव का आयोजन धुमधाम से सम्पन्न। पवन कुमार पारिक ने बताया कि मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष अनिता शर्मा ने गणेश जी की आरती, हवन-पुजन व पूर्ण आहुति में भाग लिया।पंडित हिमांशु शर्मा के द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ गाजे बाजे से आतिशबाजी व पुष्प वर्षा करते हुए गणेश जी की मूर्ति का बड़े तालाब मे विसर्जन किया। मुख्य रूप से पवन पारीक,अनामिका पारिक,अनिता शर्मा, हिमांशु पारिक,संदीप अग्रवाल,बनवारी शर्मा, सुमित शर्मा,पंडित हिमांशु शर्मा, पवन अग्रवाल,ललित अग्रवाल,शशि देवी,मनीषा अग्रवाल,शोभा पारीक,संतोष अग्रवाल,रेणु पारीक,प्रीति शर्मा,सुमन अग्रवाल ,स्वाति पारीक, पूजा पारीक,सिद्धार्थ पारीक,मधु जोगानी,वंदना शर्मा,सुशीला शर्मा,कमला सिंधी,मलकी सिंधी,पिंकी सोनी आदि वार्डवासी उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों व विजेताओ का हुआ सम्मान और विजेताओं को दिया इनाम



जयपुर टाइम्स

**गुढा हांसलसर(निसं.)** /हांसलसर गांव के जाहरवीर गोगाजी महाराज के मंदिर में सोमवार को मेला लगा। मेले में सुबह से ही श्रद्धालुओं ने गोगाजी महाराज के मंदिर में दर्शन और धोक लगाकर मन्नत मांगी व प्रसाद लगाकर पूजा अर्चना की। जहावीर गोगामेड़ी सेवा समिति की ओर से 10वीं व 12वीं कक्षा के बोर्ड में टॉप विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि सरपंच रामनिवास शर्मा थे। अध्यक्षता मेला कमेटी अध्यक्ष पितराम सिंह मील ने की। विशिष्ट अतिथि कोषाध्यक्ष गिरधारी लाल कुमावत, मैला संयोजक संयोजक हवासिंह ब्यामल, सचिव मोहन लाल राव, उपाध्यक्ष राधेश्याम झाझडिया आदि थे। अतिथियों ने गांव के सर्व समाज के प्रतिभावान 30 छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर तथा प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। मेले में कुश्ती विजेता 2100 कुश्ती में सुभाष कोटडा 2100अमर सिंह काकरिया विजय रहे 1100 की कुश्ती में विक्रम सिंह मीणा बंटी पाटन लाल चांद हितेश सतवीर हासलसर मेले में विजय रहे महिलाओं की मटका फोड़ प्रतियोगिता हुई। मोनिका कुमावत प्रथम, किरण द्वितीय व लक्ष्मी तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिनको नगद पुरस्कार दिया गयओमप्रकाश कायस्थ, मंगलचंद कायस्थ, शीशराम, सुनील चौहान, रामजीलाल, मनोज ब्यामल, रणवीर झाझड़ियां, उम्मेद ढाका, प्रमोद कुमार, महावीर प्रसाद, बीरबल मीणा जयपुर टाइम ब्यूरो चीफ झुंझुनू अरविंद कुमार केडिया मौजूद थे।

## शिक्षाविद्ध पीएल शर्मा के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** । शेखावाटी अंचल के जाने-माने शिक्षाविद व भगवानदास तोदी महाविद्यालय लक्षमनगढ के सेवानिवृत्त उपप्राचार्य परमेश्वर लाल शर्मा (पी शर्मा) का 26 अगस्त मंगलवार को मध्यप्रदेश के देवास में निधन हो गया था इनका शुरू से ही मंडावा में लगाव रहा है, इन्होंने कई वर्षो तक श्री सनातन धर्म पंचायत स्कूल मंडावा में शिक्षा सेवा दी है तथा ये मंडावा में कई वर्षो तक रहें है। उल्लेखनीय है की मंडावा विप्र समाज संस्था की ओर से मंगलवार शाम को परशुराम - भवन में स्व. शर्मा को श्रद्धांजलि देने के लिये एक शोक सभा का आयोजन किया गया । जिसमें मण्डावा विप्र समाज के चीफ श्रीराम शर्मा, पूर्व पालिकाध्यक्ष सज्जन मिश्रा ,भाजपा नेता संदीप शर्मा, सुनील जोशी, किशोर थलिया, महंत विष्णु महाराज, संघनिष्ठ व मूल भाजपा नेता सज्जनलाल शर्मा , डॉ0 आरआर शर्मा, गोविन्द राम जोशी, राजेन्द्र जोशी, रामस्वरूप भूतिया, विष्णु नरेड़ा सहित अनेक गण मान्य लोग उपस्थित रहे ।

## निशुल्क चिकित्सा शिविर आज

जयपुर टाइम्स

**सीकर,(निसं.)।** शहर में चांदपोल गेट के बाहर मानव सेवा फाउंडेशन सीकर द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन 3 सितंबर को किया जा रहा है। मानव सेवा फाउंडेशन सीकर के अध्यक्ष प्रमोद काबरा मंत्री नरेश सैन ने बताया कि इस निशुल्क चिकित्सा शिविर मेंडॉक्टर नीरज शर्मा हार्ट स्पेशलिस्ट एवं फेफड़ा स्पेशलिस्ट सुयश पांडे कैंसर विशेषज्ञ, रोहन परिहार हड्डी रोग विशेषज्ञ स्पाइन सर्जन रीड की हड्डी स्पेशलिस्ट अपनी सेवाएं देंगे। शिविर सुबह 9.00 बजे से दोपहर 400 बजे तक चांदपोल गेट के बाहर धोद बस स्टैंड पर आयोजित होगा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में समाजसेवी जानकी प्रसाद इंदौरिया, पूर्व अतिरिक्त जिला कलेक्टर ईश्वर सिंह राठौड़, भाजपा नेता रतनलाल सैनी, केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव नेहरा , समाजसेवी राजेंद्र सोनी मौजूद रहेंगे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाई पहुंचे बाबा श्याम के दरबार





जयपुर टाइम्स

**खाटूश्यामजी(निसं.)** विश्व प्रसिद्ध बाबा श्याम की नगरी खाटू में मंगलवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाई प्रहलाद मोदी बाबा श्याम का आशीर्वाद लेने खाटूश्यामजी पहुंचे, जहां श्री श्याम मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेंद्र सिंह चौहान और पूर्व अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने प्रहलाद को श्याम नाम का दुपट्टा ओढ़ाकर व निशान देकर बाबा श्याम का आशीर्वाद दिया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज बाटड, एसडीएम मोनिका सामोर, जिला उपाध्यक्ष नेमीचंद कुमावत, मण्डल अध्यक्ष मुकेश रामुका, मोहन मावलिया, सुरेश मील, पटवारी रोहिताश सेपट आदि ने अगवानी की। प्रताप सिंह चौहान के नेतृत्व में उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने लखदातार होटल में प्रहलाद मोदी का स्वागत किया।

# प्रीतमपुरी वाले बालाजी मंदिर में एक दिवसीय आयोजन को लेकर पोस्टर का विमोचन हुआ



जयपुर टाइम्स

**थोई(निसं.)** श्री बालाजी सेवा संघ प्रीतमपुरी थोई द्वारा एक दिवसीय आयोजन को लेकर बालाजी के मंदिर में पोस्टर का विमोचन हुआ। मंदिर के पुजारी मुलचंद स्वामी ने बताया कि प्राचीन प्रीतमपुरी वाले बालाजी के मंदिर से आस पास के गांवों के ग्रामीणों की गहरी आस्था जुड़ी हुई है मंगलवार शनिवार को यहां पर सैकड़ों भक्त बालाजी के दर्शन कर मन्नत मांगते हैं। श्री बालाजी सेवा संघ प्रीतमपुरी थोई द्वारा 6 सितंबर शनिवार को बालाजी मंदिर प्रीतमपुरी में प्रातः सात बजे से संगीतमय सुंदरकांड के पाठ व दोपहर 1.15 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन होगा जिसको लेकर मंगलवार को प्रातः 7 बजे पोस्टर का विमोचन हुआ जिसमें श्री बालाजी सेवा संघ प्रीतमपुरी थोई की कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने मंदिर प्रांगण में बालाजी की आरती के बाद पोस्टर का विमोचन किया उसके बाद एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें सभी कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई।मीटिंग में यह भी तय किया गया कि भंडारा प्रसादी बालाजी के मंदिर प्रांगण में होगी तथा इस दौरान पूरे मंदिर को सजाया जायेगा। तथा भक्तों को कोई असुविधा नहीं हो इसके लिए भी कार्यकर्ताओं की एक टीम गठित की गई। इस एक दिवसीय आयोजन को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई।

# आयुर्वेद मेडिकल एसोसिएशन झुंझुनूँ के अध्यक्ष बने डॉ. महेश झाझड़िया

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूँ(निसं.)।** आयुर्वेद मेडिकल एसोसिएशन राजस्थान की झुंझुनूँ जिला इकाई के अध्यक्ष पद का दायित्व डॉ. महेश कुमार झाझड़िया ने सँभाल लिया है। आपको बता दें कि दिनांक 29 अगस्त 2024 को जिला कार्यालय में हुई बैठक में सर्वसम्मति से डॉ. झाझड़िया को अध्यक्ष चुना गया था। निर्वाचन अधिकारी एवं संयोजक डॉ. राजेंद्र कुमावत द्वारा विधिवत प्रक्रिया पूरी करने के बाद दिनांक 2 सितंबर 2025 को उन्हें पदभार सौंपा गया जिसका पुरजोर शब्दों में समर्थन मिला। इस दौरान डॉ. रोहिताश्व, डॉ.राजेंद्र कुमावत, डॉ.विक्रम सिंह, डॉ.राकेश माहिच, डॉ.अशोक सोनी, डॉ. मनरूप काजला, डॉ. अनिल सोहू, डॉ. चंद्रशेखर, डॉ. विनोद कुमार और डॉ. महेंद्र नेहरा उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष बनने के बाद एक सवाल के जवाब में डॉ. झाझड़िया ने कहा कि संगठन की मजबूती और आयुर्वेद की हितों की रक्षा के लिए जल्द ही कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा ताकि सुधार की ओर कदम बढ़ सके।



# कमलेश कुड़ी ने पेड़ लगाकर मनाया जन्मदिन, पेड़ लगाकर जन्मदिन मनाने का दिया संदेश



जयपुर टाइम्स

**खाचरियावास(निसं.)।** खाचरियावास के निकटवर्ती सामोता की ढाणी चैनपुरा के प्रदीप कुड़ी ने अपने बेटे कमलेश कुड़ी का 10 वां जन्मदिन पेड लगाकर मनाया गया। कमलेश के ताऊजी शंकर दयाल कुड़ी ने बताया कि पेड़ लगाकर ही पर्यावरण को हरा-भरा रखा जा सकेगा उन्होंने सभी से अपील की, कि बच्चों के जन्मदिन पर फिजुल खर्चा न करके बच्चों के हाथों से पेड पौधा लगाकर बच्चों को प्रेरित करना चाहिए जिससे हमारा पर्यावरण संतुलन रहे तथा वातावरण भी शुद्ध रहे। पेड़ पौधे हमें आक्सीजन देते हैं जो हमारे शरीर के लिए जरूरी है। इसलिए हमें पेड़ पौधे लगाकर हमें उनकी देखभाल करनी चाहिए। इस दौरान कमलेश के माता-पिता, ताऊजी सहित साथी बच्चे भी शामिल रहे।

# गढटकनेत की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से लेकर शिव मंदिर तक के बरसात के पानी के भराव का मामला

## समस्या के समाधान के लिए लोगों ने यूडीएच मंत्री एवं प्रधान से की मांग

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निसं.)** निकटवर्ती ग्राम गढ़टकनेत की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से लेकर शिव मंदिर तक के आम रास्ते पर बरसात के पानी के भराव की समस्या के समाधान की मांग ग्रामीणों ने यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा एवं अजीतगढ़ पंचायत समिति के प्रधान शंकर लाल यादव से की है। ग्रामीणों ने बताया कि कई साल पहले सरकार ने ग्राम की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से लेकर शिव मंदिर के आगे तक सीसी सड़क मार्ग का निर्माण कराया था लेकिन ठेकेदारों द्वारा इस सड़क मार्ग का लेवल सही तरीके से नहीं बनाए जाने के कारण इस स्थान पर नीचाई ज्यादा हो गई साथ ही बरसात के पानी की निकासी के लिए पूर्व में बनाई गई नालीयो मे भी मिट्टी व कीचड़ फस जाने के कारण यह समस्या हो रही है जिस कारण जब भी बरसात होती है तो काफी दूरी तक इस आम रास्ते में बरसात का पानी इकट्ठा हो जाता है जिस कारण पैदल जाना भी मुश्किल हो रहा है लेकिन फिर भी सरकार व प्रशासन समेत चुने हुए जनप्रतिनिधि कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 1 महीने पहले लोगों की शिकायत पर इस स्थान पर तहसीलदार जगदीश बेरवा, अजीतगढ़ पंचायत समिति के प्रधान शंकर लाल यादव समेत पंचायत समिति के कई अधिकारी निरीक्षण करके गए थे एवं आश्वासन देकर गए थे कि इस समस्या का जल्दी ही समाधान कर दिया जाएगा लेकिन अभी तक भी कोई समाधान नहीं होने के कारण लोगों में भारी रोष प्राप्त हो रहा है जिस कारण लोगों ने इन दोनों जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि उक्त समस्या का समाधान कराया जाए ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। इस संबंध में अजीतगढ़ पंचायत समिति के प्रधान शंकर लाल यादव का कहना है कि कुछ दिनों पहले इस रास्ते को जेसीबी द्वारा सही कराया गया था लेकिन फिर भी अगर ग्रामीण शिकायत कर रहे हैं तो इस समस्या का जल्दी ही स्थाई समाधान कराया जाएगा।



# ढाबे के बाहर रखे सामान में जा घुसी बस, टला बड़ा हादसा

जयपुर टाइम्स




**लक्ष्मणगढ़(निसं.)** लक्ष्मणगढ़ शहर के हाइवे पर सोमवार देर रात बाईपास पुलिया के पास एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। जानकारी के अनुसार सीकर की ओर से आ रही एक स्लीपर बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने एक ढाबे के बाहर रखे सामान में जा घुसी।प्रत्यक्षदर्शियों के जानकारी दी कि सामने से आ रही अल्टो कार को बचाने के चलते बस चालक ने नियंत्रण खो दिया और बस सीधे ढाबे के बाहर घुस गई। हादसे के वक्त बस में यात्री सवार थे, लेकिन गनीमत रही कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आईं, जबकि ढाबा संचालक को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा। जब यह हादसा हुआ तो उस समय ढाबे पर सैकड़ों लोग मौजूद थे,जिससे स्थिति गंभीर हो सकती थी।कांग्रेस नेता असलम काजी ने हादसे के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह हादसा बहुत बड़ा हो सकता था और इसमें जनहानि हो सकती थी किंतु गमनीमत रही कि ऐसा नहीं हुआ,काजी ने कहा कि लंबे रूट पर चलने वाली बसें तेज रफ्तार और लापरवाही से गुजरती हैं और बाईपास पर बड़ी संख्या में होटल और दुकानें होने के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। असलम काजी ने प्रशासन से यहां बैरिकेडिंग लगाने और निगरानी बढ़ाने की अपील की। ढाबा मालिक ने बताया कि यह हादसा रात को करीब 12.10 पर हुआ,एल्टो गाड़ी को बचाने के चक्कर में बस ढाबे की तरफ आ गई और ढाबे के सामने ताबूत लगे होने से बस ढाबे में घुसी नहीं अन्यथा उस वक्त ढाबे में करीब 20 से 25 लोग बैठे थे और जिस वजह से यह हादसा बहुत बड़ा हो सकता था,उन्होंने बताया कि हादसे में 3 मोटरसाइकल सहित ढाबे का काउंटर, टीनशेड टूट गए है।उन्होंने बताया कि बस में बैठी सवारियों को भी मामूली चोटें आई थीं।बता दे कि कुछ दिन पूर्व भी इसी बाईपास पर एक स्लीपर बस और कार की टक्कर में कार सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था।

# 10 लाख रुपए की राशि का चेक प्रदान किया



**नवलगढ़(निसं.)** नवलगढ़ बागोरिया की ढाणी ग्राम पंचायत भवन में चिराना ग्राम सेवा सहकारी समिति के माध्यम से राज. सहकार व्यक्ति दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत सहयोग नवलगढ विधायक विक्रम सिंह जाखल के नेतृत्व में मंगलवार को बागोरिया की ढाणी ग्राम पंचायत भवन में चिराना ग्राम सेवा सहकारी समिति के माध्यम से राज. सहकार व्यक्ति दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत स्व. बद्री प्रसाद की पत्नी को 10 लाख रुपए की राशि का चेक प्रदान किया। ग्राम सहकारिता विभाग द्वारा ग्राम पंचायत बागोरिया की ढाणी को नवीन ग्राम सेवा सहकारी समिति के रूप में गठित होने पर अभिनंदन किया गया। विधायक जाखल ने बताया कि हमारे नवलगढ विधानसभा में अनेक योजनाएं ऐसी है जिनके बारे में कोई जानता नहीं है अधूरी जानकारी रखता है इस लिए हम इसको लेकर जल्द अवेयरनेस प्रोग्राम चालू करेंगे और हर घर योजना को पहुंचाया जाऐगा। इस अवसर पर संदीप शर्मा प्रबंधक निदेशक झुंझुनू केंद्रीय सहकारी बैंक, जितेन्द्र सैनी ब्रांच मैनेजर नवलगढ़, सरपंच बागोरिया की ढाणी राजेंद्र सैनी, सरपंच टोड़पुरा भंवर धींवा, बनवारी सैनी कॉपरेटिव सोसायटी अध्यक्ष, रोहिताश उपसरपंच, मनीष सैनी भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, द्वारका प्रसाद सैनी पूर्व पंचायत समिति सदस्य, बिशन , परमेश्वर वार्ड पंच, शंकर मास्टर , ओंकार , बृजलाल टोंक छिलरी व्यवस्थापक , राजेश कुमार जाखल व्यवस्थापक, रामावतार सैनी व्यवस्थापक झाझड़,मुकेश कुमार सैनी व्यवस्थापक खिरोड़, रामस्वरूप पचार कारी व्यवस्थापक, अंकित कुमार सहित ग्रामवासी एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे।

# *झुंझुनू में स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का स्टेट कमिश्नर आर.पी. सिंह ने किया आकस्मिक निरीक्षण*



## स्काउट गाइड मिनी आर्मी - आर. पी. सिंह

## संस्कार निर्माण की कार्यशाला स्काउटिंग- आर. पी. सिंह

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निसं.)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय, झुंझुनू के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय स्काउटर गाइडर प्रशिक्षण शिविर का आकस्मिक निरीक्षण स्टेट कमिश्नर एवं पूर्व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आर.पी. सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, मूलभूत सुविधाओं और कार्यालय व्यवस्था की गहनता से जांच की और झुंझुनू जिले के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। सिंह ने कहा कि स्काउट गाइड संगठन राजस्थान में रचनात्मक कार्यों के माध्यम से समाज में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। विशेष रूप से झुंझुनू जिला सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार और सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। पूर्व पुलिस अधीक्षक (झुंझुनू) रहे सिंह ने स्काउट्स गाइड्स को "मिनी आर्मी" की संज्ञा देते हुए कहा कि यह संगठन चरित्र निर्माण और संस्कारों की शिक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र है। शिविर के चौथे दिन स्टेट कमिश्नर सिंह का स्वागत इंदिरा गांधी बालिका निकेतन शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालय, अरडावता की छात्रा अध्यापिकाओं ने तिलक और गार्ड ऑफ ऑनर के साथ किया। ध्वजारोहण सिंह के हाथों संपन्न हुआ। इस अवसर पर छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनकी अतिथियों ने मुक्त कंठ से सराहना की। लता शर्मा और हिमानी ने शिविर अनुभव साझा किए। सी.ओ. स्काउट महेश कालावत ने बताया कि शिविर में न्यू इंडियन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सेठ मोतीलाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, और माता केसरी देवी शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय, राजोता खेतड़ी की सैकड़ों छात्रा अध्यापिकाएं शामिल थीं। कार्यक्रम का संचालन डिंपल और मनीषा ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य अनीता चौधरी, गाइड कैप्टन रेवा शोनक, वरिष्ठ स्काउट मास्टर रामदेव सिंह गढ़वाल, यादराम आर्य, रामानंद आजाद, सुरेश यादव, नवीन कुमार, दिनेश कुमार सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# डीईओ कार्यालय के घेराव में अजीतगढ़ ब्लॉक से जायेंगे सैंकड़ों शिक्षक

**अजीतगढ़(निसं.)।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत सीकर के जिला प्रवक्ता नोलाराम जाखड़ को बिना कारण के एपीओ करने के विरोध में तीन सितंबर को डीईओ कार्यालय सीकर का घेराव किया जायेगा जिसमें अजीतगढ़ ब्लॉक से सैकड़ो की संख्या में शिक्षक भाग लेंगे। राजस्थान शिक्षा के संघ शेखावत ब्लॉक कार्यकारिणी अजीतगढ़ के अध्यक्ष हरिसिंह सामोता ने बताया कि इस संबंध में मंगलवार को अजीतगढ़ ब्लाक कार्यकारिणी की आपात बैठक आयोजित की गई जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी की इस कार्यवाही की निंदा की गई। ब्लाक वरिष्ठ उपाध्यक्ष सम्पूर्णानंद कुलदीप ने बताया कि शिक्षक नोलाराम ने विभाग से छात्रों को दी जाने वाली निशुल्क पाठ्य-पुस्तक और वर्कबुक जो कि अब तक भी विद्यालयों में नहीं पहूंची है कि मांग की थी और इस वजह से उन्हें एपीओ कर दिया जिस कारण तीन सितंबर को इसके विरोध में डीईओ कार्यालय सीकर का घेराव किया जायेगा । कार्यकारिणी ने मंगलवार को शिक्षकों से सम्पर्क किया एवं इस ग्राम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपिल कि गई। बैठक में अजीतगढ़ की ब्लॉक कार्यकारिणी के गणेश कुमार राय, हरि सिंह, योगेश सैनी, रामचंद जाट आदि उपस्थित रहे।

# बिजली सप्लाई रहेगी बंद

**अजीतगढ़. .(निसं.)।**बुधवार को 132 केवी अजीतगढ जीएसएस पर रखरखाव एवम् मेंटिनेंस होने के कारण बुधवार की सुबह 8.30 बजे से सुबह 11 बजे तक अजीतगढ नगरपालिका क्षेत्र,केरली,नाडी का बाढ़ की विधुत सप्लाई बंद रहेगी साथ ही बुधवार की सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक मानगढ, जुगराजपुरा, गोपालपुरा, दिवराला, अणतपुरा गाँवों की विधुत आपूर्ति बंद रहेगी । उक्त जानकारी अजीतगढ़ बिजली निगम के कनिष्ठ अभियंता अजय पलसानिया एवं दिवराला के कनिष्ठ अभियंता नितिन यादव ने दी।

# अरुण गिल बने गुर्जरगौड़ ब्राह्मण महासभा के तहसील अध्यक्ष



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)।** अखिल भारतवर्षीय गुर्जरगौड़ ब्राह्मण महासभा जिला इकाई ने प्रांतीय ईकाई के अध्यक्ष सुरेश कुमार उपाध्याय एवं प्रांतीय महा मंत्री राधेश्याम शर्मा की अनुशंसा पर बैठक में सर्व सम्मति से जिला अध्यक्ष जेपी जाजडा ने कस्बे के अरुण गील को तारानगर तहसील अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया। इस अवसर पर समाज बन्धुओं ने गील का स्वागत किया व जिलाध्यक्ष जेपी जाजडा का आभार व्यक्त किया साथ ही नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष अरुण गील ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# भगवान सहाय जाखड़ की स्मृति में लगवाया वाटर कूलर



जयपुर टाइम्स

**रींगस(निसं.)।** कस्बे के वार्ड संख्या 18 के आदर्श नगर में स्थित तेजाजी धाम पर तेजा दशमी के उपलक्ष पर स्वर्गीय भगवान सहाय जाखड़ की पुण्य स्मृति में उनके परिवार जनों द्वारा वाटर कूलर लगवाया गया। वाटर कूलर और उसके ऊपर रखी गई पानी की टंकी का मंदिर पुजारी भरता राम सारण और धन्नाराम बलौदा ने लोकार्पण किया। गर्मी के मौसम में जलसेवा को ही सर्वोपरि सेवा मानकर स्वर्गीय जाखड़ के परिवार जन चोथुराम, जगदीश प्रसाद, झाबर मल, सुभाष कुमार व दिनेश जाखड़ द्वारा वाटर कूलर लगवाया गया। इस दौरान नारुराम निठारवाल, नारायण मेहता, मोहनलाल कालीरावणा, शंकर लाल, बजरंग लाल, फूलचंद निठारवाल, सरदार सिंह बुरड़क, सागर मल बाजिया, बीरबल निठारवाल, शेर सिंह आदि मौजूद थे।

# बाढ़ पीड़ितों की यथा सम्भव मदद करने का निर्णय लिया



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** तारानगर सादुलपुर सड़क पर स्थित जाट भवन में मंगलवार को तेजा दशमी के अवसर पर किसान वर्ग के आराध्य लोकदेवता सत्यवीर तेजाजी महाराज का बलिदान दिवस, रामदेव जयंती एवं खेजड़ली दिवस मनाया मनाया। उपस्थित लोगों ने तेजाजी महाराज की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं सभी ने वीर तेजाजी महाराज व लोक देवताओं के पद चिन्हों पर चलने की शपथ ली। जाट समाज के अध्यक्ष हरीसिंह बेनीवाल ने बताया कि तेजाजी महाराज सदैव सत्य के पथ पर आगे बढ़े थे उन्होंने अपने वचनों पर कटिबद्ध रहकर अपने प्राणों की आहुति दी थी इसी अवसर पर तारानगर के जाट समाज ने पंजाब में बाढ़ पीड़ित लोगों की यथासंभव मद्द करने का निर्णय लिया अतः मदद हेतू आगामी बैठक 5 सितंबर को होगी। इस अवसर जिप सदस्य एवं पूर्व प्रधान तिलोकाराम कस्वां ,मेजर रामकुमार कस्वां, कैप्टन मदन कालेर, जीताराम जांदू, शीशपाल धींधवाल, मंगल महला, बलवीर मुहाल, रामस्वरूप झाझड़िया, मुकेश कटेवा, रणजीत बुडानिया, अविनाश गोदारा, श्रवण गडाना, ओमप्रकाश भाकर, अनिल कस्वां, राजेन्द्र धेतरवाल, प्रेम कुलड़िया, रणवीर डांगी सहित जाट समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे।

# रामदेव जयंती पर हुए अनेक कार्यक्रम आयोजित, भरे मेले आयोजित हुए भजन एवं भंडारे



जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निसं.)** कस्बे समेत क्षेत्र के गांवो में मंगलवार को रामदेव जयंती पर अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जगह-जगह बाबा रामदेव के मेले लगे एवं भजनों व भंडारो का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जगह-जगह रामदेव महाराज के मंदिरों में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव के दर्शन कर मन्नत मांगी। पीथलपुर के बाबा रामदेव मंदिर के पुजारी गुलाब दास ने बताया कि पीथलपुर की विशाल पहाड़ी पर स्थित बाबा रामदेव महाराज के मंदिर में मंगलवार को अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस अवसर पर सुबह से ही बाहरी भजन कलाकारों द्वारा भजनो का कार्यक्रम आयोजित किया गया साथ ही मंदिर परिसर में मेले का आयोजन भी हुआ इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में लोग बाबा रामदेव के मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की एवं मन्नत मांगी इसके बाद मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की।